CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम : 17°C

हल्द्वानी, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 62 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंडः योगी

पेज 2





दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भारत शीर्ष पर रहा

खेल टाइम्स




धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें खुद की सुरक्षा

सम्पादकीय



रूस में दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का टेस्ट

पेज 12



नई दिल्ली: वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया गया।

# आवारा कुत्तों के चक्कर में राज्यों के मुख्य सचिव SC में तलब

## सुप्रीम कोर्ट बोलाः स्ट्रीट डॉग केस मामले में देश की छवि हुई खराब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में स्वत: संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवम्बर को होने वाली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया।

दरअसल, कोर्ट ने पाया कि आवारा कुत्तों की समस्या पर नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अधिकतर राज्यों ने अब तक हलफनामे नहीं दायर किए हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिवों को पेशी का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की विशेष बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि अब तक सिर्फ दिल्ली महानगरपालिका (एमसीडी), पश्चिम बंगाल और तेलंगाना ने ही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर हलफनामे दाखिल किए हैं। बता दें कि 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने जब इस मामले पर सुनवाई की थी, तब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हलफनामे दाखिल करने के लिए कहा गया था। अपने आदेश के बावजूद हलफनामे न मिलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और मुख्य सचिवों को पेशी का निर्देश जारी कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। अपने 22 अगस्त के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली- एनसीआर ने आवारा कुत्तों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कुत्तों को नसबंदी और दवा देने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था।

**बंगाल-तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया, अगली सुनवाई तीन नवम्बर को**



## संक्षिप्त समाचार

### साइक्लोन मोन्था का असर शुरू केरल में दो की मौत

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोन्था तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रमुख प्रखर जैन ने कहा कि साइक्लोन मोन्था तट के करीब पहुंचना शुरू हो गया है। तटीय जिलों में बारिश और तेज हवा चल रही हैं। यह 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर की शाम या रात काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है। केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई।

### सरकार की अर्थी निकालने की बात करने वाले CMS निलंबित

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने सुल्तानपुर में 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय वीर सिंहपुर के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा. भास्कर प्रसाद को निलंबित कर दिया है और उन्हें अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल से सम्बद्ध किया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के स्तर से जारी आदेश में डा. भास्कर प्रसाद पर तीन आरोप लगाए गए हैं। जिनमें अस्पताल के संचालन में अनियमितता और अवांछित टिप्पणियां करना, भर्ती मरीजों को अस्पताल के बाहर से दवाइयां दिलाना, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में नियमों का पालन न करना शामिल है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन की अवधि में डा. भास्कर प्रसाद का मुख्यालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल कार्यालय रहेगा।

### SC से उमर खालिद-शरजील इमाम समेत चार को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कथित तौर पर शामिल कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 31 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। दरअसल, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच के सामने अतिरिक्त एएसजी एसवी राजू ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय देने की मांग की थी।

## एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान

# उप्र समेत 12 राज्यों में होगा SIR

**51 करोड़ वोटर्स का होगा पुनरीक्षण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का फेज-1 खत्म हो गया है, अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आगे कहा कि बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूचियां सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। उस सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ द्वारा विशिष्ट गणना प्रपत्र दिए जाएंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन सभी के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। यदि उनका नाम नहीं, बल्कि उनके माता-पिता का नाम सूची में था, तो भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं है... 2002 से 2004 तक की एसआईआर (एसआईआर) मतदाता सूची वेबसाइट पर कोई भी देख सकता है और वे स्वयं मिलान कर सकते हैं। पूरे देश में एसआईआर चरणबद्ध तरीके से होगा। जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर किया जाना है। इसमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ हैं, जबकि यहां 5 लाख 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन और बीएलओ तैनात किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश में 21 साल पहले आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था। उन्होंने साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा और अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाएगा। सीईसी ने आगे कहा कि चुनावों से पहले एसआईआर किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हर घर पर बीएलओ तीन बार जाएंगे और मतदाताओं की जानकारी जुटाएंगे।




### असम में एसआईआर की प्रक्रिया नहीं की जाएगी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस समय असम में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान के आंकड़ों की बात करें, तो असम में करीब 2.45 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में 2026 के मार्च-अप्रैल महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीईसी ने कहा कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग हैं, इसलिए वहां एसआईआर से प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि असम में नागरिकता को लेकर अलग कानून हैं। वहां एनआरसी लागू है।

### दूसरे चरण के एसआईआर के प्रक्रिया की प्रमुख तारीखें

मुद्रण/प्रशिक्षण - 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025, घर-घर गणना, चरण - 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन - 9 दिसम्बर 2025, दावे और आपत्ति अवधि - 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026, सूचना चरण (सुनवाई और सत्यापन) - 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन - 7 फरवरी 2026

### एसआईआर की घोषणा के दिन ही बंगाल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल की घोषणा की, जिसमें 200 से अधिक अधिकारियों का तबादला किया गया। राज्य सरकार की तरफ से यह फैसला उस समय लिया गया जब कुछ ही घंटों में चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीखों का ऐलान होने वाला था। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह कदम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने के इरादे से उठाया है। वहीं पश्चिम बंगाल भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से एसआईआर की घोषणा के बाद 235 अधिकारियों के तबादलों के उल्लंघन के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पश्चिम बंगाल भाजपा, चुनाव आयोग की मंजूरी के बिना किए गए इन अनियमित तबादलों को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

# सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील के खिलाफ नहीं होगी अवमानना की कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने सोमवार को कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मन नहीं है**

पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश खुद ही आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई करने से इन्कार कर चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालत में नारेबाजी करने और जूता उछालना यकीनन अदालत की अवमानना है, लेकिन ये संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वे कानून के तहत कार्रवाई करते हैं या नहीं।

### देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत सीजेआई गवई ने नाम की सिफारिश की



**नई दिल्ली।** सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हो सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार को इनके नाम की सिफारिश की। इसके साथ सीजेआई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने को कहा जाता है। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवम्बर को खत्म हो रहा है। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को सीजेआई के तौर पर शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा।

### अदालत में पेश हुई कंगना, बुजुर्ग महिला से माफी मांगी

**बठिंडा।** भाजपा की सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने सोमवार को बठिंडा कोर्ट में 2020-21 के किसान आंदोलन के दौरान 73 साल की महिंदर कौर पर की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी। कोर्ट में पेश होने के तुरंत बाद, भाजपा सांसद ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कोर्ट में शिकायतकर्ता के पति से माफी मांग ली है। सुनवाई के दौरान कौर जिला कोर्ट में मौजूद नहीं थीं। कंगना रनौत ने आगे कहा कि उन्हें 73 साल की महिला के खिलाफ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर पछतावा है। कौर की तरफ से दायर मानहानि मामले के सिलसिले में हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद रनौत कड़ी सुरक्षा के बीच बठिंडा कोर्ट में पेश हुईं।

# बांग्लादेश ने पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को अपना हिस्सा दिखाया

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को एक विवादित किताब गिफ्ट की।

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ नाम की इस किताब के कवर पर छपे नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। शमशाद मिर्जा पाकिस्तानी सेना में आसिम मुनीर के बाद दूसरे सबसे ताकतवर अधिकारी हैं। माना जा रहा है कि मुनीर के बाद मिर्जा ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख बनेंगे।

**मोहम्मद यूनुस ने पाक आर्मी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को किया विवादित नक्शा गिफ्ट**

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ एक आर्ट बुक है, जिसमें बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-जन आंदोलन के दौरान बने ग्रैफिटी (दीवारों पर बनी चित्रकारी) और बाकी चित्रों को दिखाया गया है। पिछले साल सितम्बर में अंतरिम प्रमुख सलाहकार यूनुस ने इसे जारी किया था। फिलहाल यह किताब अभी सार्वजनिक तौर पर बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से तलब की डिजिटल गिरफ्तारी की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों में दर्ज प्राथमिकियों का ब्योरा देने का निर्देश दिया। यह साइबर धोखाधड़ी का एक बढ़ता हुआ रूप है जहां जालसाज खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर पीड़ितों को पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने पर विचार कर सकता है बशर्ते एजेंसी के पास देश भर में ऐसे बढ़ते मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हों। न्यायालय का यह निर्देश 17 अक्टूबर को स्वत: संज्ञान लेकर शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई के दौरान आया जो नागरिकों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर किए जा रहे व्यापक डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों की खबरों के बाद शुरू किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि सीबीआई पहले से ही ऐसे कुछ मामलों की जांच कर रही है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि कृपया पता करें कि क्या सीबीआई के पास सभी मामलों को संभालने के लिए संसाधन हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उन्हें साइबर अपराध विशेषज्ञों की जरूरत है, तो वे हमें बता सकते हैं। सॉलिसिटर जनरल ने इस मामले में स्पष्ट करते हुए कहा कि सीबीआई इन मामलों में गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रभाग से सहायता ले रही है। न्यायमूर्ति बागची ने समस्या की व्यापकता के बारे में आगाह किया, समस्या मामलों की संख्या है। हमने पोंजी मामलों में ऐसा देखा है। उस समय सीबीआई पर दबाव बहुत जडादा था। क्या आप एक विशेष जांच के लिए तैयार हैं? और यही वह अतिरिक्त व्यय है जिसकी आपको आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने एक समन्वित राष्ट्रीय समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वह एक समान जांच के पक्ष में है, लेकिन उसने सभी राज्यों का पक्ष जाने बगैर तत्काल कोई आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि हम आज कोई निर्देश जारी नहीं कर रहे हैं। हम एक समान जांच सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को नोटिस जारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह मामला एक बुजुर्ग दंपति के पत्र से शुरू हुआ, जिन्होंने बताया था कि एक से 16 सितम्बर के बीच सीबीआई, खुफिया ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बनकर घोटालेबाजों ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की। धोखेबाजों ने फ़ोन और वीडियो कॉल का इस्तेमाल किया। उन्होंने गिरफ्तारी की धमकी देकर पीड़ितों को धन हस्तांतरित करने के लिए धमकाने के लिए उच्चतम न्यायालय के जाली आदेश भी दिखाए।



**सुप्रीम कोर्ट ने कहाः मामले की जांच सीबीआई को सौंपने पर कर सकता है विचार**

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में बाघ के हमले में युवक की मौत

**बहराइच।** उप्र में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज में रविवार की देर शाम को बाघ के हमले से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजीत (20) निवासी गांव मुखिया फार्म, रमपुरवा (निशान गड़ा रेंज) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार संजीत रविवार की शाम हल्दी के खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के शोर मचाने के बावजूद बाघ कुछ ही मिनटों में युवक को मार कर जंगल की ओर भाग लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर सहमति जताई।

### पूर्व डीजीपी के घर ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घर मे किसी सदस्य के न होने से बेखौफ चोरों ने चोरी को बधी आराम से अंजाम दिया। इस दौरान चोर घर मे लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी साथ ले गए। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब परिवार दीपावली की छुट्टी मनाकर वापस लौटा। घटना को लेकर पूर्व डीजीपी की बहू ने अलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कर्नाटक के डीजीपी रहे महेंद्र कुमार श्रीवास्तव का अलीगंज सेक्टर-जी स्थित बी-1/77 मकान है। मकान में उनकी रिश्ते की बहू डा. ऋषिका राज बच्चों संग रहती हैं।

# अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दों का समाधन हो

## पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ : महबूबा

श्रीनगर, वार्ता



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मांग की है कि विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र पुन: शुरू हो गया है, सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है लगभग एक लाख दिहाड़ी मजदूरों की दयनीय स्थिति। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी, जो प्राय: समाज के सबसे वंचित वर्गों से आते हैं, कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं तथा इन विभागों का कुशल संचालन सुनिश्चित करते हैं। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि यह जरूरी है कि सत्तारूढ़ पार्टी सहित सभी विधायक इस मुद्दे का समाधान खोजने के लिए एक साथ आएं और इन श्रमिकों की नियमित नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें वह सम्मान और नौकरी की सुरक्षा मिल सके, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

### बाढ़ प्रभावितों को नुकसान के आकलन के आधार पर मुआवजा: अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुमानित क्षति के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। अब्दुल्ला ने सोमवार को विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मुआवजा क्षेत्रीय आधार पर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को क्षतिपूर्ति क्षेत्रीय आधार पर नहीं बल्कि क्षति के अनुमान के आधार पर दी जाएगी।

# उप्र में बूंदाबांदी से मौसम हुआ खुशगवार

## प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादलों के जमावड़े के बीच हुई बूंदाबांदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी और अरब सागर पर बने संयुक्त प्रभाव के कारण बुंदेलखंड समेत उप्र के कुछ हिस्सों में सोमवार को बादलों के जमावड़े के बीच बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया है।

मौसम विभाग ने 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार जताए हैं। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पूर्व-मध्य अरब सागर पर बने अवदाब से पश्चिमी मध्य प्रदेश तक फैली एक द्रोणिका अरब सागर से नमी को निचले क्षोभमंडल में खींच रही है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के साथ, इन परिस्थितियों के कारण 27 अक्टूबर को बुंदेलखंड और उससे सटे पश्चिमी उप्र के कुछ जिलों में बारिश या हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा अवदाब एक भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट पर दस्तक देगा। इसके अवशेष धीरे-धीरे कमजोर होकर दक्षिणी और पूर्वी उप्र को प्रभावित करेंगे, जिससे 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। इन दोनों प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार से पांच दिनों में राज्य के कई इलाकों में बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान लगभग अपरिवर्तित रह सकता है या इसमें मामूली वृद्धि हो सकती है। इस बीच रविवार को मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद बरेली (15.3 डिग्री सेल्सियस), नजीबाबाद (16 डिग्री सेल्सियस), मुजफ्फरनगर (16 डिग्री सेल्सियस) और शाहजहांपुर (16.4 डिग्री सेल्सियस का स्थान रहा।



■ 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार

## सेक्युलरिज्म के नाम पर पहचान मिटाने का दौर अब खत्म

# धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंड: योगी

लखीमपुर खीरी।



■ मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की

विपक्षी दलों के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत को पाखंड करार देते हुए उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को फैजाबाद, प्रयागराज को इलाहाबाद और कबीरधाम को मुस्तफाबाद बनाया गया था। हमने इन स्थलों की पहचान वापस लौटाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे सेक्युलरिज्म के नाम पर करता था, जबकि यह पाखंड है। योगी ने मुस्तफाबाद स्थित विश्व कल्याण आश्रम में 'स्मृति प्राकट्योत्सव मेला-2025' में भाग लिया और संतों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि पहले यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने में लगता था। कबीरधाम आश्रम में योगी ने राष्ट्रभक्ति, सनातन परंपरा, विरासत के सम्मान, और विकास की दिशा में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि संत कबीरदास जी की वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने निर्गुण भक्ति की वह धारा प्रवाहित की, जो समाज की विसंगतियों को तोड़कर आत्मा और परमात्मा का संबंध सरल शब्दों में आमजन को समझाने में सफल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'गुरु गोविद दोनों खड़े काके लागूं पांव' यह दोहा आज भी हमें गुरु के महत्व का स्मरण कराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों की वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सैकड़ों वर्ष पूर्व थी। उन्होंने कहा कि कबीरदास जी ने उस दौर में समाज की जातीय विषमताओं पर प्रहार कर कहा था, जाति पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। यह वाणी हमारे समाज की एकता और अखंडता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की एकता को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आज भी समाज विरोधी ताकतें आस्था पर प्रहार करने और जाति के नाम पर विभाजन करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम समय रहते अपनी कमजोरियों को नहीं पहचानेंगे तो ए बीमारियां कैंसर की तरह समाज को खोखला कर देंगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि 'माता भूमि पुत्रोहम' यह भूमि केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, हमारी मातृभूमि और पितृभूमि है। इस धरती की सेवा ही सच्ची उपासना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि 2014 से पहले देश पहचान के संकट से जूझ रहा था। भ्रष्टाचार, आतंकवाद और विभाजनकारी राजनीति चरम पर थी।

### सीएम ने कबीरधाम आश्रम में की मूर्तियों की स्थापना, रोपा रुद्राक्ष का पौधा

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वार्षिक परंपरा के तहत श्री क्षमादवजी तथा श्री गुरुमन साहेब की नई मूर्तियों का अनावरण किया। यह परंपरा आश्रम में हर वर्ष निभाई जाती है, जिसके अंतर्गत पूज्य संतों की मूर्तियों को नए रूप में स्थापित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मूर्तियों का उद्घाटन किया और दोनों मूर्तियों पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में एक रुद्राक्ष का वृक्ष भी रोपित किया।

# पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का उदाहरण

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है, योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है : अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कहा कि प्रयागराज में पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का जीवंत उदाहरण है।

राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- प्रयागराज में पत्रकार की चाकू से गोदकर की गई हत्या ने यूपी की कानून व्यवस्था की सच्चाई उजागर कर दी है। यह कोई एक घटना नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैले 'जंगलराज' की तस्वीर है। पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है। योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह के चचेरे भतीजे लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ पप्पू की हत्या के मामले में प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने कारण का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पप्पू के दोस्त बबलू की पत्नी विजेता अपने बेटे साहिल को नशा करने से रोक रही थी जबकि साहिल का दोस्त व मुख्य आरोपी विशाल उसे नशे के लिए ले जाना चाहता था। इस दौरान मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मी एलएन सिंह के हस्तक्षेप से नाराज आरोपी विशाल ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।



सेंसेक्स 83952.17

निफ्टी 25709.00



सोना रु. 124510

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 154900

प्रति किलो



# नए शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स 567 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति और वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट में दूसरी तिमाही में भी भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने की खबरों के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और प्रमुख सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक (0.67 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 84,778.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 170.90 अंक यानी 0.66 फीसदी की बढ़त में 25,966.05 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का अब तक का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.05 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वित्त मंत्रालय की आज जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत बनी हुई है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों की बैठक से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के फ्रेमवर्क पर समझौता हो गया है। इससे दूसरे एशियाई बाजारों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,241 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,638 के शेयर हरे निशान में और 1,507 के लाल निशान में बंद हुए जबकि अन्य 96 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंकों, रियलिटी, तेल एवं गैस और धातु समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। फार्मा सेक्टर पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 2.56 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.24 फीसदी, इटरनल में 2.19 फीसदी और भारतीय स्टेट बैंक में 2.08 फीसदी की बढ़त रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर 1.64 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। इनके अलावा एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, आईटीसी, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोरॉजीज, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व और एलएंडटी के शेयर भी 0.50 से एक प्रतिशत के बीच चढ़े। कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक 1.74 फीसदी, बीईएल में 1.62, इंफोसिस में 1.35 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 0.56 फीसदी की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई सूचकांक 2.46 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.18 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.14 प्रतिशत की बढ़त में था जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.07 प्रतिशत की गिरावट रही।

### टीसीएस ने ब्रितानी अखबार के दावों को बताया भ्रामक

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्रितानी अखबार 'द टेलीग्राफ' की उस रिपोर्ट को भ्रामक बताया है जिसमें कहा गया था कि स्थानीय ब्रिटेन की कंपनी मार्क एंड स्पेंसर (एमएंडएस) ने साइबर हमले रोकने में विफल रहने के कारण भारतीय कंपनी का अनुबंध समाप्त कर दिया है। टीसीएस ने सोमवार को शेयर बाजार को दिए गए बयान में कहा है, टेलीग्राफ द्वारा प्रकाशित खबर भ्रामक है। इसमें अनुबंध की राशि और टीसीएस के मार्क एंड स्पेंसर के लिए काम करने की निरंतरता समेत तथ्यात्मक विसंगतियां हैं। उसने कहा कि दोनों ने पहले ही स्पष्ट किया है कि एमएंडएस के साथ उसके अनुबंध के बाद एक प्रतिस्पर्द्धी प्रस्ताव अनुबंध प्रक्रिया जनवरी 2025 में शुरू की गई थी, जिसमें ब्रितानी कंपनी ने दूसरी कंपनी की सेवा लेने का फैसला किया था। यह फैसला अप्रैल में साइबर हमले से बहुत पहले कर लिया गया था।

# मजबूत मांग के साथ अर्थव्यवस्था में तेजी जारी: वित्त मंत्रालय



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के कार्यान्वयन और त्योहारी सीजन के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मांग की स्थिति मजबूत होने से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है। सितम्बर, 2025 के लिए इस रिपोर्ट में कहा गया है, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और खाद्य श्रेणियों में अपस्फीति से इसमें मदद मिली है।

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति घट कर 1.7 प्रतिशत तक आई है। गैर-खाद्य और गैर-ईंधन वस्तुओं की कीमतें स्थिरता के साथ सितम्बर 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति (विनिर्मित उत्पाद के वर्ग की) अनुमानित 4.6 प्रतिशत रही। वित्त मंत्रालय ने कहा कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने आपूर्ति पक्ष में अच्छा विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुमान से ज्यादा वृद्धि और दूसरी तिमाही में लगातार वृद्धि के रुझानों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि के अनुमान को सुधार किया है और इसके 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में देश के वैश्विक व्यापार के संबंध में कहा गया है, अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत की बाह्य आर्थिक गतिविधियां वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में मजबूत बनी हुई हैं। देश के कुल निर्यात में (वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर) चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 413.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

# लखनऊ के रेलवे हॉस्पिटल में लगी आग सीसीयू में फंसे 22 मरीजों का रेस्क्यू

**लखनऊ।** लखनऊ के आलमबाग स्थित रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही तीन मंजिला अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों और स्टाफ का दम घुटने लगा। हादसे के दौरान क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती 22 मरीज फंस गए, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। आग की सूचना सुबह 5:38 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई।

सूचना मिलते ही दमकल की टीमें 5:48 बजे मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच के अनुसार आग अस्पताल के भूतल पर बने सीसीटीवी सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। कुछ ही मिनटों में लपटें उठीं और धुआं पूरे ग्राउंड फ्लोर में फैल गया। इससे फर्स्ट फ्लोर स्थित सीसीयू यूनिट धुएं से भर गई, जहां मरीज भर्ती थे। धुआं बढ़ते ही अस्पताल में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। फायर अलार्म बजने लगे। अस्पताल के स्टाफ और मरीजों के परिजनों ने मिलकर जैसे-तैसे सीसीयू में भर्ती मरीजों को बाहर निकाला। इस बीच सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और रैंप व सीढ़ियों के रास्ते सभी मरीजों को बाहर निकाला गया। गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से सुरक्षित वार्ड में शिफ्ट किया गया तथा ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। आलमबाग फायर स्टेशन प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि ष्एक घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आलमबाग और हजरतगंज फायर स्टेशन से एक-एक गाड़ी मौके पर पहुंची थी। सभी मरीजों को सुरक्षित अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया है। फायर अधिकारियों ने बताया कि सर्वर रूम की वायरिंग जलकर खाक हो गई है, लेकिन समय पर राहत कार्य शुरू हो जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। धुएं को बाहर निकालने के लिए स्मोक गन और एक्सट्रैक्शन फैन का उपयोग किया गया। वहीं रेलवे प्रशासन ने आग की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सीएमएस डा. संगीता सागर ने बताया कि अग्निकांड में किसी की जान नहीं गई है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी, जिसे बुझा दिया गया है। सभी मरीज, परिजन और अस्पताल स्टाफ सुरक्षित हैं। स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है और सभी वार्डों में चिकित्सा सेवाएं बहाल कर दी गई हैं।

# नारायणी नदी के तट पर उतरी अंतरिक्ष की प्रयोगशाला

कुशीनगर, वार्ता

■ प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे

उप्र में कुशीनगर जिले के तमकुही के जंगलीपट्टी गांव के समीप नारायणी नदी के तट पर अंतरिक्ष की प्रयोगशाला उतरी, तो पांच मिनट के अंतराल पर 20 मिनट में चार रॉकेट प्रक्षेपित हुए।

एक किलोग्राम का कैनसेट लेकर 20 किलोग्राम के रॉकेट ने जब आसमान में 700 से 900 मीटर की दूरी तय की तो उत्तर भारत में पहली बार कुशीनगर में होने वाली इन-स्पेस मॉडल राकेट्री-कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन 2024-25 ने आविष्कार, नवाचार का नया अध्याय भी लिखा। प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे। प्रक्षेपण की शुरुआत सुबह सात बजे से होनी थी, लेकिन सिस्टम ठीक करने में देरी के चलते 9.30 बजे टीम नंबर 28 द्वारा पहला सफल प्रक्षेपण किया गया। इसरो और इन-स्पेस के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में सोमवार से गुरुवार तक चार दिवसीय रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन सोमवार को सुबह 9 बजे रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम शुरू हुआ। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम सुबह 9 बजकर 50 मिनट तक चला। वैज्ञानिकों की टीम ने हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट का सफल प्रक्षेपण किया। लगभग आठ सौ से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन रॉकेट लॉन्चर के सफल प्रक्षेपण को लेकर इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन 10 टीमों द्वारा दस राकेट को लॉन्च कर उनका प्रक्षेपण किया जाना था, लेकिन 6 टीमें प्रक्षेपण के लिए तैयार नहीं हो सकी थी। जिससे इस कार्यक्रम में चार राकेट लॉन्च हो सके। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण में हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट लॉन्च कर उनका सफल प्रक्षेपण किया गया। लगभग 50 मिनट के अंदर 800 मीटर से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन चारों राकेट लॉन्चरों के सफल प्रक्षेपण से इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। वही एपी तटबंध किनारे शुरू हुए इस प्रक्षेपण कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर ग्रामीणों सहित युवाओं में अति उत्साह देखने को मिला। राकेट लॉन्च के सफल प्रक्षेपण कार्यक्रम को लेकर इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता 2024- 25 का आयोजन एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), इसरो और अन्य संघों के सहयोग से छात्र समुदाय के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए किया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ

# प्रदेश में 23 खेल अकादमियां की स्थापना जल्द: सीएम

■ सांसद डॉ नरेश बंसल ने किया आयोजन





**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय, तपोवन में ''सांसद खेल महोत्सव' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में आयोजित हो रहा ''सांसद खेल महोत्सव'', खेल प्रतिभाओं को गाँव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का बड़ा अभियान है। उत्तराखंड में खेल महोत्सव तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ''फिट इंडिया-स्पोर्ट्स इंडिया-स्ट्रॉन्ग इंडिया'' के संदेश को गाँव-गाँव तक पहुंचाने के साथ ही स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर इतिहास रचते हुए राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य किया। आज उत्तराखंड विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है। ''स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान'' के अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई खेल नीति भी लागू की गई है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को ''आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना तथा खेल किट योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड खेल रत्न पुरस्कार और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों की योग्यता को भी सम्मानित किया जा रहा है। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू किया गया है, जिससे हमारे खिलाड़ियों के परिश्रम और कौशल को उचित अवसर और सम्मान मिल सके। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजानदास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, सीडीओ देहरादून अभिनव शाह एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### वालीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट के लिए सांसद निधि से धनराशि दी जाएगी :बंसल



राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। बच्चों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए अनेक कार्यक्रमों सांसद खेल प्रतियोगिता, फिट इंडिया का आयोजन किया जा रहा है। आज भारत वैश्विक स्तर पर खेलों में सराहनीय प्रदर्शन कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय, तपोवन में वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट के लिए वे अपनी सांसद निधि से धनराशि देंगे। विद्यालय में मेस में फर्नीचर की व्यवस्था के लिए भी उन्होंने अपनी सांसद निधि से धनराशि देने की बात कही।

## सीएम से मिले हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को सचिवालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बिंद्रा ने हेमकुंड साहिब यात्रा व्यवस्थाओं में सहयोग के लिये मुख्यमंत्री, राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष सहयोग एवं व्यवस्था हेतु समय-समय पर दिए गये निर्देशों के फलस्वरूप श्री हेमकुंट साहिब यात्रा सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस वर्ष भारत तथा विश्व भर से रिकॉर्ड 2,75,000 श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में सम्मिलित हुए। प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों के बावजूद यात्रा का कुशलता पूर्वक प्रबंधन किया गया। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं तथा समन्वय हेतु किये प्रयासों के लिये श्रद्धालुओं द्वारा व्यापक सराहना की गयी। नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने आगामी यात्राओं के लिए आधारभूत संरचना तथा लॉजिस्टिक्स संबंधी कुछ महत्वपूर्ण सुधारों पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की।

**यात्रा से पहले ही श्री हेमकुंड मार्ग पर आई थी आपदा**

ज्ञातव्य है कि हेमकुंट साहिब यात्रा प्रारंभ होने से मात्र दो माह पूर्व गो. विंदघाट को हेमकुंट यात्रा मार्ग से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पुल भारी भूस्खलन में पूर्णतः ध्वस्त हो गया था। मुख्यमंत्री के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप तथा प्रभावी नेतृत्व में समय से पूर्व नया घाटी पुल बनकर तैयार हो गया, जिससे संकट टल गया तथा श्रद्धालुओं का निरंतर आवागमन सुनिश्चित हुआ। श्री बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत वर्ष को राज्य में भव्य रूप से मनाने तथा प्रत्येक नागरिक को गुरु महाराज के धर्म एवं मानवता की रक्षा हेतु किए गए अद्वितीय बलिदान से अवगत कराने के निर्देश जारी करने के लिये भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री जी के सतत मार्गदर्शन में हेमकुंट साहिब यात्रा विश्वास, एकता तथा निर्बाध तीर्थ प्रबंधन का प्रतीक बनकर और अधिक उन्नत होगी।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां हुई तेज



■ उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती उत्सव में आएंगे प्रधानमंत्री मोदी ,गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री के आने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती उत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह पहला अवसर है, जब देश के प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्य वासियों का उत्साहवर्धन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित उत्तराखण्ड भ्रमण के दृष्टिगत सोमवार को आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे, अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, महानिदेशक उद्योग सौरभ गहरवार, आईजी इंटेलिजेंस के एस नगन्याल, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, एसएसपी अजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा आयोजन स्थल एफआरआई का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

सभी अधिकारियों द्वारा इस महत्वपूर्ण आयोजन को व्यवस्थित ढंग से आयोजित किये जाने के लिये हर प्रकार की व्यवस्था सही ढंग से समय पर पूर्ण किये जाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे द्वारा जिलाधिकारी सहित सभी विभागीय उच्चाधिकारियों का इस आयोजन को यादगार बनाये जाने के लिये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गए। आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड से लगाव किसी से छिपा नहीं है। उत्तराखण्ड के विकास के प्रति प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण भी जग जाहिर है। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति निश्चित रूप से राज्य वासियों के लिए सम्मान की बात है।

## पॉलीहाउस के जरिए सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता : जोशी

■ कृषि एवं उद्यान मंत्री जोशी ने 28 प्रगतिशील सब्जी उत्पादक कृषकों के समूह को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना, प्रगतिशील सब्जी उत्पादक कृषकों को दिया जाएगा पांच दिवसीय प्रशिक्षण




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जनपद देहरादून के 28 प्रगतिशील सब्जी उत्पादक कृषकों के समूह को प्रदेश के कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में पांच दिवसीय संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि पॉलीहाउस के माध्यम से सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस प्रकार के व्यवहा. रिक प्रशिक्षण से कृषक नई तकनीकों से परिचित होकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संरक्षित खेती राज्य के कृषकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रही है। इस प्रशिक्षण दल का नेतृत्व तहसीन खान एवं नूतन राणा, सहायक विकास अधिकारी, देहरादून द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में नाबार्ड योजनान्तर्गत 50 से 500 वर्गमीटर पॉलीहाउस हेतु कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जिसमें अब तक 300 कृषकों द्वारा 20 प्रतिशत कृषकांश जमा किया जा चुका है। प्रशिक्षण दल में देहरादून से 8, सहसपुर से 2, डोईवाला से 3, रायवाला से 4, विकासनगर से 2, कालसी से 3 तथा सहिया, त्यूनी, कोटी कनासर, चकराता, लांघा व थानों से एक-एक कृषक शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान कैन्ट विधायक सविता कपूर, उत्तराखंड ऑर्गेनिक बोर्ड के सदस्य निरंजन डोभाल, मुख्य उद्यान अधिकारी डीके तिवारी सहित अनेक काश्तकार उपस्थित रहे।

## सीएम ने किया जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में ''सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी'' थीम पर आधारित जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह जन जागरूकता कार्यक्रम प्रदेशभर में राज्य स्थापना दिवस 09 नवम्बर 2025 तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को साकार करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का स्मरण करते हुए कहा कि पटेल जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भारत की एकता, अखंडता और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का केवल संकल्प ही नहीं लिया, बल्कि उसे धरातल पर उतारने का कार्य भी किया है। उनके नेतृत्व में देश में नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। शासन-प्रशासन को पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए जन-केंद्रित बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। राज्य गठन के बाद सतर्कता विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 339 भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पिछले तीन वर्षों में सतर्कता विभाग द्वारा 78 भ्रष्टाचारियों के साथ ही अन्य मामलों में 27 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और शासन व्यवस्था को पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से टोल फ्री नंबर 1064 संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से बीते तीन वर्षों में दस हजार के करीब शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें 62 शिकायतों में ट्रैप और 4 शिकायतों में खुली जांच की कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो भी भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों द्वारा इस अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने कहा कि समाज और प्रशासन की मजबूती के लिए सभी कार्मिकों का अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा, ईमानदार और अनुशासित होना आवश्यक है। कार्य के प्रति अनुशासन होने से भ्रष्टाचार स्वतः समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में पिछले चार वर्षों में सराहनीय प्रयास किए गए हैं। इस अवसर पर डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव एल. फैनई, निदेशक सतर्कता वी. मुरूगेशन, सचिवगण तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति के देहरादून दौरे को लेकर उच्च अधिकारियों ने की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रस्तावित दून यात्रा को लेकर राष्ट्रपति सचिवालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने देहरादून में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डॉ. गुप्ता ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर की जा रही तैयारियां की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की परिसंपत्तियों के अंतर्गत देहरादून में बनाए जा रहे राष्ट्रपति उद्यान सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों को तय समय में पूरा किया जाय।

राष्ट्रपति निकेतन में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी देहरादून डॉ. सबिन बंसल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह, मुख्य नगर अधिकारी देहरादून नमामि बसंल सहित अनेक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रपति के निकट भविष्य में देहरादून के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रेजिडेंट एस्टेट के भीतर संचालित परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

132 एकड़ में आकार ले रहा है अनूठा राष्ट्रपति उद्यान राष्ट्रपति संपदाओं को "राष्ट्र का भवन" बनाने की महत्वपूर्ण पहल के चलते देहराद. ून में राष्ट्रपति निकेतन एवं राष्ट्रपति तपोवन की स्थापना के बाद राष्ट्रपति उद्यान के निर्माण की महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य तेजी से जारी है। 132 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में बन रहा राष्ट्रपति उद्यान के कार्यों को अगले वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य है। राष्ट्रपति उद्यान की परिकल्पना सुगम्यता, सततता और सामुदायिक सहभागिता के सिद्धांतों पर आधारित है।

जनसहभागिता, संस्कृति और नागरिक गौरव के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किए जा रहे इस उद्यान के भीतर थीम आधारित फूलों और वनस्पतियों के बाग, तितली गृह और पक्षीशाला, सुरम्य झील जैसे प्रमुख आकर्षण होंगे। देश का दूसरा सबसे ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ इस उद्यान की पहचान का अहम हिस्सा होगा। उद्यान में पैदल एवं साइकिल ट्रैक, सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु आठ सौ से अधिक लोगों की क्षमता का एक मुक्ताकाशी रंगमंच, सार्वजनिक पुस्तकालय एवं फूड प्लाजा की भी व्यवस्था होगी।

# एमडीडीए बोर्ड बैठक में 41 प्रस्तावों को स्वीकृति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एम.डी.डी.ए.) की 112वीं बोर्ड बैठक आज आयुक्त गढ़वाल मंडल एवं बोर्ड के अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत में उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद सचिव मोहन सिंह बर्निया ने पिछली 111वीं बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की। बोर्ड द्वारा उसे अनुमोदित किए जाने के बाद 112वीं बैठक की कार्यवाही औपचारिक रूप से प्रारंभ हुई।बैठक में एमडीडीए से संबंधित लगभग 41 महत्वपूर्ण प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें ईको-रिजॉर्ट, होटल, व्यावसायिक निर्माण, आवासीय मानचित्र स्वीकृति, तलपट अनुमोदन आदि प्रस्ताव शामिल थे। गहन चर्चा के उपरांत, जनहित और नियामकीय दृष्टि से उपयुक्त प्रस्तावों को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं, कुछ प्रकरणों को बोर्ड की सहमति न मिलने के कारण निरस्त कर दिया गया तथा कुछ को आगामी बैठक हेतु विचाराधीन रखा गया।बैठक के अंत में अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय राजधानी देहरादून के संतुलित, हरित और योजनाबद्ध विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। बोर्ड बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विकास योजनाओं में जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव प्राप्त करने की प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। ऑनलाइन माध्यमों से आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया को सशक्त करने पर भी बल दिया गया, ताकि नागरिकों को पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा मिल सके।



बैठक में विजय कुमार (संयुक्त सचिव वित्त, नामित प्रतिनिधि), कृष्ण कुमार मिश्र (एडीएम, एफआर), धीरेन्द्र कुमार सिंह (संयुक्त सचिव, आवास), संतोष कुमार पांडेय (उपनगर अधिकारी, नगर निगम देहरादून), एस.एम. श्रीवास्तव (मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तराखंड), मोहन सिंह बर्निया (सचिव एमडीडीए), गौरव चटवाल (संयुक्त सचिव एमडीडीए), संजीव कुमार सिंह (वित्त नियंत्रक एमडीडीए), एच. सी.एस. राणा (मुख्य अभियंता एमडीडीए), सुनील कुमार (अधिशासी अभियंता), तथा अजय कुमार मलिक (सहायक अभियंता) सहित प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**हुडको से 50 करोड़ ऋण लेने का प्रस्ताव शासन से स्वीकृत**

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की धौलास आवासीय परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। परियोजना की संशोधित लागत 102. 74 करोड़ (जीएसटी एवं समस्त करों सहित) निर्धारित की गई है। इसके वित्त पोषण के लिए 50 करोड़ का ऋण हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (हुडको) से लेने का प्रस्ताव शासन द्वारा सशर्त स्वीकृत कर दिया गया है। प्रमुख सचिव, आवास अनुभाग-02 द्वारा जारी आद. ेश में स्पष्ट किया गया है कि ऋण की प्रतिपूर्ति की जिम्मेदारी शासन की नहीं होगी और इस प्रस्ताव पर प्राधिकरण बोर्ड का अनुमोदन अनिवार्य रहेगा। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि बोर्ड की स्वीकृति के बाद अब परियोजना के अवशेष कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धौलास आवासीय परियोजना देहरादून में आधुनिक आवासीय सुविधाओं को नया आयाम देगी।

**देहरादून का नियोजित और पारदर्शी विकास हमारी प्राथमिकता- विनय शंकर**

आयुक्त गढ़वाल मंडल एवं एमडीडीए अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय ने कहा कि एमडीडीए राजधानी देहरादून के सुनियोजित और संतुलित विकास के लिए कार्य कर रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि सभी विकास परियोजनाएं पारदर्शी ढंग से, नियमों के अनुरूप और आम नागरिकों के हित में क्रियान्वित हों। देहरादून महायोजना-2041 से संबंधित सभी आपत्तियों की निष्पक्ष सुनवाई होगी ताकि शहर का विकास वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जनहित के अनुरूप हो सके। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में पारित निर्णय राजधानी के विकास को गति देंगे और नागरिकों की सुविधा को केंद्र में रखकर शहर को एक सस्टेनेबल अर्बन मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में सहायक सिद्ध होंगे।

**जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा- बंशीधर तिवारी**

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा प्राधिकरण का लक्ष्य है कि आम नागरिकों को सुविधा देने वाली योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। ईको-रिजॉर्ट, होटल और आवासीय प्रोजेक्ट जैसे प्रस्ताव न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि एमडीडीए की टीम शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा और निगरानी कर रही है।

## देहरादून में 30 अक्टूबर को लगेगी सामान्य भविष्य निधि अदालत

■ जीपीएफ अभिदाताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करना है अदालत का लक्ष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखंड, देहरादून द्वारा सामान्य भविष्य निधि अदालत का आयोजन दिनांक 30 अक्टूबर को कार्यालय परिसर, देहरादून मे किया जायेगा ‪ इस जनहितेषी पहल का उद्देश्य जीपीएफ अभिदाताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण, लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान तथा सभी संबधित अधिकारियों को एक ही मंच पर लाकर पारदर्शी संवाद स्थापित करना है ‪ अभिदाताओं को इस अवसर पर अपने जीपीएफ खातों से संबधित समस्याओं जैसे लुप्त अंशदान, ऋणात्मक शेष, अथवा अंतिम भुगतान मे देरी आदि के समाधान हेतु मौके पर ही सहायता प्राप्त होगी। महालेखाकार (ले. एवं हक0) कार्यालय यह पहल जिला मजिस्ट्रेट देहरादून, कोषाधिकारी-उप-कोषाधिकारीगण एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण समन्वय में संपन्न करेगा, ताकि यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो सके‪ यह अदालत महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय की अभिदाताओं के प्रति पारदर्शी जवाबदेह एवं सवेदनशील सेवा प्रदान करने की सतत प्रतिबदधता को दर्शाती है ।

# उत्तराखंड की रजत जयंती पर होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, प्रतिभागी चयनित

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में सोमवार को उत्तराखंड की रजत जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में वीडियो मेकिंग, क्विज, डिबेट तथा एकल गायन, एकल नृत्य तथा समूह नृत्य, स्केचिंग, क्राफ्ट, फूड प्रोडक्ट पर प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस मौके पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सभी प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया तथा सभी विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं दी।



उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत सिंह के निर्देशों पर रजत जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन तथा काफी टेबल बुक बनाई जा रही है तथा उच्च शिक्षा के इतिहास पर भी प्रदर्शनी आयोजित होगी। इसके लिए प्रो. वीना पांडे, प्रो. रितेश साह तथा प्रो. ललित तिवारी को सह संयोजक बनाया गया है। इसी क्रम में सोमवार को कुमाऊं विश्वविधालय नैनीताल के प्रतिभागी जो राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे उनका चयन किया गया। प्रतियोगिता के तहत डिबेट में अर्णव त्रिपाठी, नकुल साह देव जबकि क्विज में नंदिनी जोशी, वंशिका आर्य तथा नकुल साह देव, वीडियो मेकिंग में सौरभ यादव जबकि एकल नृत्य में भावेश विश्वकर्मा, समूह नृत्य में एनसीसी ग्रुप तथा क्राफ्ट में प्रिंसी वर्मा, स्केचिंग में सहज गिल जबकि मिलेट रेसिपी में आद्या तथा रिया व निकिता व कंचन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागी अब राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समन्वयक प्रोफेसर ललित तिवारी ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रो. सुषमा टमटा, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. छवि, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, डा. पूनम बिष्ट, डा. दीपिका पंत, डा. प्रभा पंत समेत डा. हिमानी कार्की, डा. किरण तिवारी, डा. नवीन पांडे, डा. अशोक कुमार, डा. रवि जोशी, डा. अलंकार, डा. संध्या तथा डा. डी एस बिष्ट आदि ने सहयोग किया। दूसरी ओर अब 29 अक्टूबर बुधवार को डीएसबी परिसर नैनीताल में कुमाऊं विश्वविधालय से संबद्ध महाविद्यालयों की प्रतिभागियों का चयन होगा।

## सहायक वन कर्मचारियों की बैठक में समस्याओं पर मंथन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सहायक वन कर्मचारी (वन दरोगा) संघ की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष स्वरूप चंद्र रमोला की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सभी ने एक स्वर में मांग उठाई कि अवकाश के दिनों में भी वन दरोगाओं द्वारा कार्य किया जाता है इसलिए फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विभाग के कार्य कोटेशन से ना करते हुए टेंडर प्रक्रिया द्वारा किया जाए जिससे कार्य में गुणवत्ता आ सके। फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को वन तस्करों से मुठभेड़ होने पर पुलिस की भांति आत्मरक्षा में शस्त्र चलाने की अनुमति दी जाए। कहा कि उपवन क्षेत्राधिकारी के रिक्त पदों को वन दरोगाओं का प्रमोशन कर अति शीघ्र भरा जाए साथ ही आगामी सहायक वन कर्मचारी (वन दरा.ेगा) संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव को अति शीघ्र किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक का संचालन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेश महामंत्री बृज मोहन रावत,दक्षिणी कुमाऊं वृत के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, मंत्री रणजीत सिंह थापा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम भरोसे, संरक्षक ललित हरबोला, भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल के अध्यक्ष जीवन कांडपाल, दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के कोषाध्यक्ष गिरधर सिंह नेगी, नैनीताल वन प्रभाग मंत्री राजेंद्र करायत, अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग अध्यक्ष मुकेश भारती, संतोष जोशी, अनिल चौहान, मोहन पांडे, राजेंद्र जोशी, सुरेश जोशी, शशि वर्धन अधिक.ारी, दया किशन तिवारी, प्रयाग दत्त चौबे तथा विभिन्न सर्किलों तथा डिवीजनों के पदाधिकारी तथा सदस्यों उपस्थित रहे।

## नैनीताल पहुंचे राज्यपाल



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) का सोमवार को दो दिनी प्रवास पर नैनीताल पहुंचे। बता दें नैनीताल के राजभवन पर पहुंचने पर आयुक्त/सचिव सीएम दीपक रावत समेत पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन समेत अपर सचिव रीना जोशी तथा परिस.हाय अमित श्रीवास्तव तथा मेजर सुमित कुमार उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों की समस्याएं बताई

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** कमोला प्रधान ने आर्मी मेजर से मिलकर ग्रामीणों की समस्या को उनके समक्ष रखा व समाधान की अपील की जिस पर आर्मी अधिकारी समस्या का समाधान कराया जिस पर ग्रामीणों ने आभार जताया।



प्रधान अनिल चंयाल ने सोमवार को अपने ग्राम सभा में काश्तकारों की पानी व रास्ते की समस्या को देखते हुए कुमाऊं रेजीमेंट कमोला केआर सी, आर्मी फार्म के मेजर आशीष से मुलाकात की रास्ते व पानी की समस्याओं को रखा गया जिस पर मेजर द्वारा पानी और रास्ते की समस्या को देखते हुए उसे पर संज्ञान लेते हुए पानी व रास्ते की समस्या का तत्कालीन समाधान किया और रास्ता और पानी को काश्तकारों तक सुचारू रूप से मिलने के लिए अपने अधिकारियों से कहा धन्यवाद बताते चले कमोला ग्राम सभा में एक आर्मी कैंट है रह रहे आर्मी जवानों व ग्रामीणों के बीच लंबे समय से ताल मेल नहीं बन पा रहा था जिसके चलते ग्रामीणों को पानी व रास्ते की समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसको प्रधान द्वारा आर्मी अधिकारियों से मिलकर सुलझा दिया गया जिस पर ग्रामीणों ने आर्मी अधिकारी सहित प्रधान अनिल चंयाल का आभार जताया।

## 1 नवंबर से सुबह 9 से शाम 3 बजे तक रहेगी ओपीडी

**नैनीताल।** ठंड के चलते राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में 1 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक ओपीडी का समय अब सुबह 9 से शाम को 3 बजे तक होगा। 1 मार्च 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक यह समय सुबह 8 से अपराह्न 2 बजे तक था। बता दें कि नैनीताल में ठंड शुरू हो चुकी है। ठंड के चलते नैनीताल बीडी पांडे अस्पताल में सुबह कम मरीज पहुंचते हैं जिसके चलते प्रतिवर्ष 1 नवंबर से 28 फरवरी तक ओपीडी एक समय सुबह 9 से शाम को 3 बजे कर दिया जाता है। अस्पताल के पीएमएस टीके टमटा ने बताया कि ठंड के मौसम के चलते 1 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक ओपीडी सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक रहेगी।

## कार्मिकों को दिलाई शपथ

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय रानीखेत में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। हानिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इस वर्ष की थीम सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी है। मौके पर उन्होंने सभी कार्मिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहभागी सतर्कता पहलों में से एक है। प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है ताकि नागरिकों में सजगता, सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने सभी कार्मिकों को पारदर्शी, निष्ठापूर्वक एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति अपनाने के प्रेरणा दी।

## खो-खो टीम का ट्रायल सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** आगामी राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए नैनीताल जनपद की टीम का चयन रविवार को कालाढूंगी के खेल मैदान में किया गया। यह प्रतियोगिता खेल निदेशालय एवं जिला खेल कार्यालय टिहरी गढ़वाल के तत्वाधान में 7 से 9 नवंबर तक नरेंद्र नगर, टिहरी गढ़वाल में आयोजित की जाएगी। ट्रायल में अंडर-14 बालक वर्ग के 58 खिलाड़ियों एवं अंडर-18 बालक वर्ग के 35 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। खेल प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों वर्गों से 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ी 6 नवंबर को नरेंद्र नगर के लिए रवाना होंगे। जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों में बच्चों की बढ़ती रुचि उत्साहजनक है और इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है। इस अवसर पर अजय सैनी, सूरज सैनी, अंजू आर्या, गोविंद पांडे एवं सौरभ सनवाल सहित कई खेलप्रेमी उपस्थित रहे।



## जनसेवा एकता कमेटी ने गरीब बीमार की आर्थिक मदद की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए हल्द्वानी की जनसेवा एकता कमेटी ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। गरीब और जरूरतमंदों की मदद के लिए जानी जाने वाली इस कमेटी ने बनभूलपुरा इंदिरानगर के एक बीमार व्यक्ति की मदद की, जो अस्पताल में भर्ती था और इलाज के लिए आवश्यक राशि जुटाने में असमर्थ था। कमेटी के अध्यक्ष अलीम खान और उपाध्यक्ष अनवार उर्फ मुन्नू ने इस जरूरतमंद व्यक्ति की गंभीर स्थिति को समझते हुए उसे तत्काल सहायता प्रदान की। कमेटी ने मरीज के इलाज के लिए आठ हजार रुपये की आर्थिक मदद फौरी तौर पर दी, जिससे वह अपनी चिकित्सा प्रक्रिया जारी रख सके। जनसेवा एकता कमेटी द्वारा किए गए इस मानवीय प्रयास ने इस गरीब व्यक्ति के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण जलाई है। इससे पहले भी जनसेवा एकता कमेटी ने कई जरूरतमंदों की मदद की है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपनी भूमिका को सशक्त किया है।



## एक नजर

### पाइप लाइन को हटाए जाने की मांग

**बागेश्वर।** पूर्व सैनिक ने खेतों से सिंचाई विभाग द्वारा बिना अनुमति बिछाई गई पाइप लाइन को हटाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वे अपने खेत में पाइप लाइन होने के कारण घर का निर्माण एवं खेती नहीं कर पा रहे हैं। जबकि वे कई बार विभाग के चक्कर लगाकर थक चुके हैं। सोमवार को जनता दरबार में पहुंचे पूर्व सैनिक मोहन सिंह कपकोटी ने कहा कि उनके खेतों के बीचों बीच सिंचाई विभाग खंड कपकोट द्वारा गैरखेत के पिलूटा तोक में वर्ष 2024 में केसीपीएल प्रोजेक्ट के तहत सिंचाई पंपिंग योजना बनाई। इस बीच विभाग ने बिना उनकी अनुमति के उनके खेतों के बीचों बीच पाइप लाइन बिछा दी। जबकि उस समय वे देश सेवा में ऑन ड्यूटी थे। उन्हें विभाग के मंसूबों के पता नहीं चल पाया। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र देते हुए कहा कि वे अपने खेतों में घर एवं अन्य कृषि कार्य करना चाहते हैं। लेकिन पाइप लाइन की कारण कोई भी कार्य नहीं कर पा रहे हैं। जबकि विभागीय अधिकारी बार बार गुनाह कर रहे हैं। पूर्व सैनिक ने शीघ्र खेतों के बीच से पाइप लाइन हटाने की मांग की है।

### डीएम ने जनता दरबार लगाया

**बागेश्वर।** कलेक्ट्रेट में सोमवार को डीएम आकांक्षा कोंडे ने जनता दरबार आयोजित किया। उन्होंने अधिकारियों को जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के लिए भेजा गया। डीएम ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों, यूसीसी पंजीकरण, और मीडिया में नकारात्मक खबरों पर सुधार की दिशा में भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बहेड़ी के मदन मोहन जोशी की आरटीआई जांच, सैमतोली ग्राम प्रधान की सड़क निर्माण और जल संस्थान की पाइपलाइन हटाने की मांगों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अन्य शिकायतों में सड़क निर्माण, भू-अधिग्रहण, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलापूर्ति, रोजगार, और बिजली संबंधित मुद्दों पर भी गंभीर विचार किया गया।

### मोबाइल नेटवर्क सुधार पर चर्चा

**बागेश्वर।** जिला कार्यालय सभागार में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक डीएम आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और संचार व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। बीएसएनएल के डिविजनल इंजीनियर आशीष निगम ने बताया कि जिले में 48 टावरों में से 46 सुचारू रूप से कार्यरत हैं, जबकि 2 टावरों में समस्या है। उन्होंने नेटवर्क और शैडो एरिया की जानकारी भी दी। डीएम ने बीएसएनएल, एयरटेल और जियो नेटवर्क के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने नेटवर्क कवरेज क्षेत्र की रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मोबाइल नेटवर्क आपातकालीन सेवाओं और आपदा प्रबंधन के लिए जरूरी है और प्रशासन का लक्ष्य शून्य शैडो जोन सुनिश्चित करना है, ताकि हर गांव में निर्बाध संचार व्यवस्था हो। बैठक में सीडीओ, एडीएम, एसडीएम, बीएसएनएल, पीडब्ल्यूडी, इरीगेशन, नगरपालिका और टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारी उपस्थित थे।

### व्यापारियों ने पद की शपथ ली

**बागेश्वर।** कांडा में नव निर्वाचित नगर व्यापार मंडल का सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया रहे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही कहा कि आपस में तालमेल बनाकर कार्य करें। शपथ ग्रहण समारोह में व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा व उनकी पूरी टीम ने पकड़ एवं गोपनीयता की शपथ ली। सभा को संबोधित करते हुए विधायक गढ़िया ने कहा कि व्यापार मंडल अध्यक्ष बर्मा के नेतृत्व में व्यापार मंडल कांडा समस्त व्यापारी बंधुओं के हितों, उनकी भावनाओं और आशाओं के अनुरूप मजबूती से कार्य करेंगे। इस मौके पर व्यापार मंडल ने विधायक गढ़िया का आभार व्यक्त करते हुए कांडा क्षेत्र की समस्याएं बताई। इस अवसर पर हीरा सिंह कर्म्याल, मंडल अध्यक्ष कांडा दरबान बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सविता नगरकोटी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनोहर राम, हयात सिंह, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष जानकी शाह, भगवान माजिला, हिमांशु कांडपाल, सचिव राजू पांडे, उप सचिव कुशाल सिंह, कोषाध्यक्ष कुंदन नागरकोटी, महेश पांडे, सोनू पंत, विजय सहित अन्य मौजूद थे।

### धरातलीय परिस्थितियों का करें अध्ययन: पांडे

**अल्मोड़ा।** प्रभारी सचिव ने शिक्षा, पेयजल, समाज कल्याण और निर्माण विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों को तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाएं बनाते समय धरातलीय परिस्थितियों का गंभीर अध्ययन किया जाए, ताकि योजनाएं व्यवहारिक हों और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ आय का साधन भी बनें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नवाचार को प्रोत्साहन दें और भविष्योन्मुखी योजनाओं पर विचार करें। डा. पांडेय ने यह भी आश्वस्त किया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी, बशर्ते योजनाएं परिणामदायी और जनहित में हों।

## युवाओं को बांटी खेल सामग्री

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** पूर्व खिलाड़ी एवं सामा.जिक कार्यकर्ता बिट्टू कर्नाटक ने 'गांव चलो प्रतिभा तराशो' अभियान के तहत ढटवाल गांव में युवाओं को खेल सामग्री वित.रित की। कहा कि अभियान युवाओं को नशे के दलदल में जाने से रोकेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में उनका प्रारंभिक लक्ष्य अल्मोड़ा विधानसभा के तीनों विकासखंडों के प्रत्येक गांव तक होनहार एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों तक पहुंच कर उन्हें उनकी रुचि के अनुसार संसाधन उपलब्ध कराना है। बताया कि हवालबाग विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र ढटवाल गांव से अभियान की शुरुआत कर दी गई है। बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि खेलो इंडिया की थीम पर उनके द्वारा खेलो अल्मोड़ा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसमें युवा अपने पसंदीदा खेल जिनमें क्रिकेट, वालीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि जिस भी खेल में दिलचस्पी रखते हैं उसके लिए उन्हें समस्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कहा कि इसी कार्यक्रम के साथ उनके द्वारा मुहिम प्रारंभ कर दी गई है कि नशे के मकड़जाल से अल्मोड़ा के युवाओं को दूर रखना है और किसी कारण से हमारा जो युवा नशे की गिरफ्त में आ गए हैं उन्हें नशे के दलदल से बाहर निकालने का काम किया जाएगा। यहां भूपेंद्र भोज, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र लटवाल, ग्राम प्रधान देवी प्रसाद, वरिष्ठ रंगकर्मी अमित भट्ट सहित अन्य मौजूद रहे।



## निर्माणाधीन कार्यों में देरी पर प्रभारी सचिव ने जताई नाराजगी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** लोक निर्माण विभाग के सचिव एवं जनपद के प्रभारी सचिव डा. पंकज कुमार पांडेय ने सोमवार को अल्मोड़ा में विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में जिले में संचालित राज्य सेक्टर, केंद्र सेक्टर एवं जिला योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों तथा विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रभारी सचिव संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के अंतर्गत आवंटित व्यय की गति तेज़ की जाए और स्वीकृत बजट का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास कार्यों के परिणाम धरातल पर स्पष्ट दिखाई दें। डा. पांडेय ने लोक निर्माण विभाग के अधीन निर्माणाधीन कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कार्य में अनावश्यक देरी पर नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि राज्य को आगे ले जाने के लिए हर अधिकारी-कर्मचारी की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपके निर्णय इस प्रदेश का भविष्य तय करेंगे। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि आपके कार्य परिणाम आधारित हों और राज्य की प्रगति में आपका योगदान स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभारी सचिव द्वारा दिए गए सभी निर्देशों के अनुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं इन कार्यों की समयबद्ध समीक्षा करेंगे, और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## यात्रियों की भरमार, गाड़ियों का टोटा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** दीपावली के बाद लोगों का महानगरों की ओर लौटने का सिल-सिला शुरु हो गया है। ऐसे में पर्याप्त संख्या में वाहनों के नहीं होने से यात्रियों को फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। हल्द्वानी, देहरादून समेत अन्य जगहों को जाने वाले यात्रियों को बस के लिए घंटों तक भटकना पड़ा। सोमवार को भी अल्मोड़ा से काफी संख्या में प्रवासी हल्द्वानी, देहरादून, रुद्रपुर, दिल्ली आदि महानगरों की ओर लौटे, लेकिन पर्याप्त बसें नहीं होने के कारण यात्रियों को वापस महानगरों को लौटने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही केमू और रोडवेज स्टेशन के पास यात्रियों की भीड़ लगी रही। घंटों तक यात्रियों ने बस का इंतजार किया। हल्द्वानी जा रहे यात्री विवेक पंत ने बताया कि यात्रियों की संख्या अधिक होगी इसका पहले से ही अंदाजा था। इस कारण वह सुबह ही स्टेशन पर पहुंच गए थे, लेकिन दो घंटे के इंतजार के बाद जाकर उन्हें बस मिली। देहरादून जा रहे यात्री सागर बिष्ट ने बताया कि रोडवेज में बमुश्किल सीट मिल सकी। वहीं, उत्तराखंड परिवहन निगम की ओर से यात्रियों को सुविधा देने के लिए सभी 14 रूटों पर बसों का संचालन किया गया। बेतालघाट-दिल्ली रूट पर भी बस चलाई गई। रोडवेजे स्टेशन प्रभारी गीता पांडे ने बताया कि सोमवार को सभी 14 रुटों पर बसों का संचालन किया गया। बेतालघाट-दिल्ली रुट पर भी उत्तराखंड परिवहन निगम की ओर से बस चलाई गई। ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके।



## सामान्य ज्ञान में अन्वेष बिष्ट प्रथम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** स्थानीय पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता क्रमशः बहुविकल्पीय राउंड, विजुअल राउंड, एक्सटेम्पोर, रैपिड फायर राउंड, वीडियो राउंड तथा बजर राउंड में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का संचालन राजीव निगम प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज काफलीगैर द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीपचंद जोशी स्थल संयोजक एवं प्रधानाचार्य रा. इ. का. बागेश्वर ने कहा कि प्रतियोगिता के दौर में ऐसी प्रतिस्पर्धाएं से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण एवं मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्वेष बिष्ट, वर्तिका आर्या एवं सुमित डसीला (सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल गरुड़) द्वितीय स्थान गुड्डी आर्य, सुमित चौबे एवं त्रिभुवन कांडपाल (रा. इ. का. बागेश्वर) तृतीय स्थान शिवानी रौतेला, आर्यन रौतेला एवं मयंक सिंह रौतेला (रा. इ. का. काफलीगैर) रहे। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कमल बिष्ट, निकिता, ललिता आदि मौजूद रहे।




## निर्बल को सताना महा पाप: भगवत जोशी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिले के सीमांत गांव रतमोली में प्रतिष्ठापित श्री गंगानाथ मन्दिर में आयोजित श्रीमद भागवत में श्रीकृष्ण भगवान् के जन्म की कथा का वर्णन किया गया। व्यासपीठ से पंडित भगवत जोशी ने कथा में बताया कि जब जब अत्याचार बढ़ता है भगवान किसी न किसी रूप में प्रकट होकर जनता को अत्याचार से मुक्त करते हैं। इसलिए कभी भी किसी निर्बल को सताना नहीं चाहिए। अत्याचारी का भगवान् जल्दी ही नाश कर डालते हैं। हमेशा दीन दुखियों पर दया कर उनकी मदद करनी चाहिए। इधर कथा सुनने को रोज ही क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे है। नित्य श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। गांव सबसे बुजुर्ग 101 वर्षीय हर सिंह कनवाल ने दूर दराज के ग्रामीण जनों से भागवत कथा के श्रवण के लिए पहुँचने की अपील की है। रोजाना प्रातः एवं संध्या काल में मंदीर के प्रधान पुजारी कुंदन सिंह नेगी, पुजारी नंदन सिंह गंगोला व कुशल सिंह कनवाल द्वारा ढोल दमाऊ एवं मंजीरों व अन्य वाद्य यंत्रों के साथ भावना पूजा अर्चना की जाती है। भंडार गृह का दायित्व शंकर सिंह परगाई निर्वाह कर रहे हैं, जबकि गांव के युवा दिनेश, पुष्कर, इंद्र, गोपाल, नरेंद्र, गौरव, पवन, देवेंद्र, मोहन, शंकु, नरेंद्र द्वितीय, मंदिरों की देख रेख व श्रधालुओं की सेवा में जुटे हैं. वरिष्ठजन कैप्टन हयात सिंह, गो.विंद सिंह, महेंद्र सिंह, श्याम सिंह, गणेश सिंह, हयात सिंह, राम सिंह, धाम सिंह, गोविंद सिंह, चंचल सिंह, आरओ तारा सिंह कनवाल, नारायण सिंह, कुंदन सिंह, भगवान् सिंह, जगदीश सिंह, बहादुर सिंह, दीवान सिंह सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इधर गरुड़ कोट भ्रामरी मंदिर में आज कथा का चतुर्थ दिवस पर कथा में व्यास आचार्य रवि शंकर काण्डपाल ने कथा के माध्यम से बताया कि वैसे तो भारत वर्ष में जन्म लेना दुर्लभ है और उसमें भी यदि देवभूमि उत्तराखंड में जन्म मिले तो ये भगवान की विशेष कृपा है क्योंकि ये भूमि कोई साधारण भूमि नहीं है ये देवो की भूमि वीर सैनिकों की भूमि तपस्वियों कि भूमि है। इस अवसर पर हमारे देश की आन बान शान भारतीय सेना के वीर सपूत भी मां कोट भ्रामरी एवं भागवत का आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए कथा में उपस्थित रहे एवं महेश, विपिन, मयंक, कमल, भुवन ने अपने मधुर भजनों से पूरे क्षेत्र को भक्तिरस से सिंचित किया कैलाश गुरु मुख्य यजमान दयाकृष्ण लोहुमी एवं सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।



## अल्मोड़ा बाजार से 11 से अधिक स्थानों से हटाया अतिक्रमण

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नगर की मुख्य बाजार में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सोमवार को नगर निगम की टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। 11 से अधिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान टीम को व्यापारियों के विरा.ध का भी सामना करना पड़ा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा की मुख्य बाजार अतिक्रमण की चपेट में हैं। लोग लगातार निगम प्रशासन से अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जिसके बाद सोमवार को निगम टीम ने चौक बाजार से लाला बाजार तक अभियान चलाया। करीब 11 से अधिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण करने पर 11 व्यापारियों पर चालानी कार्रवाई की। हालांकि इस बीच व्यापारियों का भी विरोध टीम को झेलना पड़ा। निगम टीम ने व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी व्यापारियों से नियमानुसार ही बाजार में दुकान लगाने की अपील की। अल्मोड़ा की मुख्य बाजार में अतिक्रमण बढ़ते जा रहा है। इससे बाजार पहुं.चने वाले ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर पर्व के समय भीड़ बढ़ने के चलते लोगों की परेशानी दो गुनी हो जाती है।



# नाबालिग ने थार से कुचला, पिता पर केस

## नाबालिग होने पर चालक और अन्य साथियों को छोड़ा, पुलिस ने जारी किया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** तीन दिन पहले शनिवार की सुबह टीपीनगर पुलिस चौकी के पास सुपरवाइजर जीवन पंत को थार गाड़ी से कुचलने वाला चालक नाबालिग निकला। पुलिस ने उसे और थार में सवार अन्य सभी लोगों को छोड़ दिया है। हालांकि, नाबालिग के पिता पर मुकदमा दर्ज किया गया है और उन्हें पुलिस की जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि सत्यलोक कालोनी डहरिया निवासी (55) जीवन पंत किच्छा स्थित किंग फिशर कंपनी में सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत थे। बीते शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे जब वह ड्यूटी के लिए निकले, तो टीपीनगर चौकी के पास थार नंबर यूपी 32 क्यूआई-8316 ने उन्हें कुचल दिया। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसमें थार में सवार चार लोग दिख रहे थे, जिन्हें घटना स्थल पर पुलिस ने पकड़ लिया था। मामला बढ़ने पर पुलिस ने बताया कि वाहन चला रहा व्यक्ति नाबालिग था, जो गोमती नगर, लखनऊ का निवासी है। इस पर पुलिस ने जीवन पंत की पत्नी राधा पंत की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि इस घटना में नाबालिग चालक के पिता की लापरवाही भी सामने आई है। उन्होंने अपने नाबालिग बेटे को वाहन चलाने दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की जान गई। इस वजह से नाबालिग के पिता पर एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही उन्हें एक नोटिस जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि वह पुलिस जांच में बिना किसी बहानेबाजी के सहयोग करेंगे और जांच के दौरान कहीं भी नहीं जाएंगे।

### 350 किमी का सफर तय कर हल्द्वानी पहुंचे रईसजादे

❑दोनो राज्यों की पुलिस पर उठे सवाल

**हल्द्वानी।** बीते शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने न केवल नाबालिग चालक के परिवार की लापरवाही को उजागर किया, बल्कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड पुलिस की चेकिंग प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए है। लखनऊ से एक नाबालिग अपने दोस्तों के साथ थार लेकर लखनऊ से हल्द्वानी (350) की दूरी तय कर हल्द्वानी पहुंच गया। रईसजादे लगभग 350 किमी से ज्यादा की दूरी पर उन्हें कहीं भी नहीं रोका गया। नाबालिग और उसके साथी बिना किसी चेकिंग के दौरान हल्द्वानी पहुंचे, और उन्हें नीब करौली जाना था, वे तब पकड़े गए, जब इनकी थार से हल्द्वानी टीपीनगर क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना से पुलिस की लापरवाही को उजागर कर दिया है। जिले और राज्य की सीमा पर सघन चैकिंग का दावा करने वाली पुलिस की पोल इस घटना ने खोल दी, अगर समय रहते अगर अगर दोनो राज्यों की पुलिस चैकिंग के दौरान उन्हें पकड़ लेती तो शायद यह हादसा होने से टल जाता। घटना के बाद जब पुलिस ने जांच की तो पाया कि थार चालक नाबालिग है। नाबालिग होने की वहज से थार सवार युवक छूट तो गए लेकिन थार चालक के पिता के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कर लिया।

# महिला ने गटका जहर, मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार रविवार शाम पूर्वी खेड़ा, गौलापार निवासी 45 वर्षीय सुनीता ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। महिला की तबीयत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाए जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। महिला के आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का पता नहीं लग सका है।

# पांच दिनी अभिमुखीकरण प्रशिक्षण शुरू

❑योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज के अंतर्गत नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्यों का पांच दिवसीय आवासीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम सर्किट हाउस काठगोदाम में सोमवार से प्रारंभ हो गया है। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने सदस्यों को अपना परिचय दिया तथा सदस्यों ने जनता के प्रति अपना दायित्व बताया। प्रशिक्षण में मौजूद मास्टर ट्रेनर दिनेश मेहतोलिया ने त्रिस्तरीय पंचायत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं मनरेगा लोकपाल पुष्पा कांडपाल ने मनरेगा विभाग से सम्बंधित नीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में मास्टर ट्रेनर मेहतोलिया ने उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम 2016 आदि के बारे में विशेष बिंदुओं पर वार्ता की। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भण्डारी ने विभाग से सम्बंधित योजना जैसे सौन्दर्यीकरण, होम स्टै, होटल एडवेन्चर स्पोर्टस, हार्टिकल्चर एवं वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली योजना की जानकारी दी। जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक ने भी विभाग से सम्बंधित जानकारी सदस्यों को दी। इसके अलावा परियोजना प्रबंधक उरेडा सुरेन्द्र सिंह रावत ने योजनाओं के बारे में बताया। अंत में प्रशिक्षण में उपस्थित सभी सदस्यों, अधिकारी और कर्मचारियों का जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने धन्यवाद किया और प्रथम दिवस के प्रशिक्षण के समाप्ति की घोषणा की। इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महेश कुमार, कार्य अधिकारी ऋचा जोशी, वित्तीय परामर्शदाता शिवराज सिंह बिष्ट, कर अधिकारी विजय कुमार सिंह बिष्ट, लेखाकार गोविन्द सिंह भौर्याल, प्रधान सहायक अनिल बहादुर चंद सहित समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# 'हम छू कुमैयां हमरो कुमाऊ'

❑पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से मनाया कुमाऊं दिवस

❑कुमाऊं की वीर शौर्यगाथा को भी किया याद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** हम छू कुमैय्यां हमरो कुमाऊं, यो छ हमारो पहाड़..आदि गीतों पर पूर्व सैनिक जमकर थिरके। कुमाऊं की वीर शौर्यगाथा को याद करते हुए सोमवार को पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से कुमाऊं दिवस मनाया। इस अवसर पर कुमाऊं रेजिमेंट, नागा रेजिमेंट और कुमाऊं स्काउट्स के गौरव सेनानियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर जनरल (सेनि.) इंद्रजीत सिंह बोरा और वीरांगना जमुना देवी ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान कुमाउनी गीत हम छू कुमैय्यां हमरो कुमाऊं, यो छ हमारो पहाड़..गीत पर पूर्व सैनिक जमकर थिरके। गौरव सेनानियों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि आजादी के बाद पाकिस्तान ने भारत में घुसपैठ की नाकाम कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सेना के जवानों ने उनके मंसूबों को नेस्तनाबूत कर दिया था। कार्यक्रम में वीरांगनाओं और शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। इनमें जमुना देवी, पार्वती देवी, जीवंती देवी, शांति हर्बोला, विमला देवी, लक्ष्मी देवी, बच्ची देवी, नंदी देवी, धना देवी, राधिका देवी, उमा देवी, पदमा नेगी, लीला देवी, जानकी देवी, दुर्गा निगल्टिया, अनीता देवी, हेमा देवी, बीना अधिकारी, देवकी देवी, प्रेमा डोर्बी, रमा पांडे, किरण कैड़ा, मुन्नी पनेरु, चंद्रकला नायक, गीता बिष्ट और विमला देवी शामिल रही। इस मौके पर कर्नल सेनि. विजय मनराल, कर्नल रमेश सिंह, कर्नल बीएस रौतेला, एस महर, बहादुर सिंह, एमएस राठौड़, चंद्रवीर सिंह बसेरा, टीएस सुयाल, हयात सिंह कपकोटी, भुवन पाठक, पुष्कर सिंह भंडारी सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# बेरिकेटिंग को हटाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** ताज चौराहे पर लगी बेरिकेटिंग को हटाने की मांग को लेकर पार्षद प्रेम बेलवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने बताया कि 8 फरवरी 2024 को बनभूलपुरा हिंसा के दौरान सुरक्षा कारणों से ताज चौराहे से बाजार की ओर बेरिकेटिंग लगाई गई थी, जिसे अब तक नहीं हटाया गया है। इसके कारण रामलीला मोहल्ला और बाजार में आने-जाने वाले लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ रही है। थानाध्यक्ष जोशी ने जल्द ही उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान तरुण गुप्ता, संतोष शर्मा, संजय सिंह राजपूत, मनीष साहू सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

### माँ सरस्वती के आह्वान और संगीत की धुनों से सजी शाम

# नादस्पर्शम् संगीत विद्यापीठ में 'शुभ संध्या'

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। नादस्पर्शम् संगीत विद्यापीठ, बसंत विहार, मुखानी द्वारा शुभ संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, निदेशक डा. कोमल चंद्र जोशी, पण्डित चंद्र शेखर तिवारी और विवेक कश्यप द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर उत्तरांचल मातृ एवं बाल कल्याण समिति हल्द्वानी की वार्षिक स्मारिका का भी विमोचन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती वंदना से हुई, जिसे प्रखर जोशी (बांसुरी), सिद्धि पंत (वायलिन) और इशिता जोशी ने प्रस्तुत किया। इसके बाद दृष्टि चौधरी ने कत्थक नृत्य के माध्यम से गुरु वंदना पेश कर अतिथियों का स्वागत किया। संगीत का सिलसिला जारी रहा जब जगत सैंटियाल और लक्ष्य ने बांसुरी पर राग भूपाली की जुगलबंदी पेश की, और शिवम ने महाभारत थीम पर एक मनमोहक प्रस्तुति दी। तबले में रिजुल पांडे ने झपताल, दिनेश फर्त्याल और गिरीश बिष्ट ने तीन ताल पर शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा ओम ने हार्मोनियम पर राम भजन और आदित्य ने पहाड़ी भजन प्रस्तुत किया। इसके बाद कुमकुम द्वारा कोई कहियो रे और इशिता जोशी द्वारा जिया ले गयो रे पर राग यमन की सुमधुर धुनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन वायलिन में सिद्धि पंत द्वारा एक इंस्ट्रुमेंटल प्रस्तुति और पण्डित गोपाल जोशी द्वारा सुंदर पहाड़ी धुन बजाकर किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में पण्डित चंद्र शेखर तिवारी, प्रख्यात सरोद वादक स्मित तिवारी, विवेक कश्यप, यूसी शाह, साकेत अग्रवाल, ललित जोशी, जगत मुरारी सहित कई लोग मौजूद रहे।




# साइबर धोखाधड़ी का शिकार हुआ वनभूलपुरा का युवक

❑जागरुकता के चलते पूरी रकम गंवाने से बचा युवक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा के एक युवक को साइबर ठगों ने ऑनलाइन लिंक भेजकर 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। युवक ने साइबर पोर्टल में शिकायत की, जिसके बाद आधे से अधिक रकम होल्ड कर ली गई। लेकिन बाकी की राशि जालसाजों ने निकाल ली। अब इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार इंद्रानगर निवासी अनीसुद्दीन ने बताया कि 11 जनवरी 2025 में ठगों ने उसे एक लिंक भेजा, जिसमें पैसा कमाने का लालच देकर निवेश करने को कहा। अनीसुद्दीन ने 80 हजार रुपये का निवेश किया, लेकिन बाद में उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद, उसने तुरंत साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिससे पुलिस ने 44 हजार रुपये होल्ड करा दिए। लेकिन शेष राशि जालसाजों द्वारा हड़प ली गई। करीब 9 महीने बाद, बनभूलपुरा पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। बनभूलपुरा थाना प्रभारी, सुशील जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# विश्व ऑक्यूपेशनल थेरेपी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

❑विशेष बच्चों के पुनर्वास, विकास और दैनिक जीवन कौशल पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विश्व ऑक्यूपेशनल थेरेपी दिवस के अवसर पर शिवेंद्रालय स्पेशल स्कूल में नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर-द एम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद विजुअल डिसएबिलिटीज देहरादून के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष बच्चों के पुनर्वास, विकास और दैनिक जीवन कौशल में ऑक्यूपेशनल थेरेपी की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। कार्यक्रम में डा. रामकृष्ण, डा. तनुजा पांडे और डा. काशिफ (ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, शिवेंद्रालय) तथा डा. अनस (फिजियोथेरेपिस्ट) ने उपस्थित अभिभावकों को विभिन्न थेरेपी तकनीकों, सामुदायिक सहभागिता, होम-बेस्ड प्रोग्राम तथा विशेष बच्चों के जीवन कौशल विकास के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यालय की डायरेक्टर भावना धौनी और प्रधानाचार्य तनुजा चुफाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सार्थक और जनहितकारी आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# सड़क हादसे में घायल युवती ने दम तोड़ा

**हल्द्वानी।** बरेली रोड पर दो दिन पहले रात के समय एक हादसा हुआ, जब एक तेज रफ्तार इनोवा ने सड़क पार कर रही युवती को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवती को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बीते रविवार की रात्रि युवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय शहनाज उत्तर उजाला गेट वनभूलपुरा की रहने वाली थी। बताया जा रहा कि बीते शनिवार शाम किसी काम से बाजार आई थीं। लौटते वक्त वह बरेली रोड पर शमा रेस्टोरेंट के पास सड़क पार कर रही थीं, तभी बरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार इनोवा ने उन्हें टक्कर मार दी। वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। आनन फानन में लोगों द्वारा घायल शहनाज को सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। लेकिन बीते रविवार की रात उपचार के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि युवती के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना में शामिल इनोवा कार की जांच की जा रही है।

# अष्टलक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के लिए हुआ अंजलि का चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा अंजली का चयन अष्टलक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित किया जाता है। एनएसएस प्रभारी डा. रितुराज पंत ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर-पूर्वी राज्यों और देश के अन्य राज्यों के विद्यार्थियों के बीच पारस्परिक समझ, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के तहत चयनित विद्यार्थियों को 14 दिवसीय अध्ययन एवं सांस्कृतिक भ्रमण का अवसर मिलेगा।

# युवा कांग्रेस उत्तराखंड के चुनाव प्रक्रिया का ऐलान

❑सदस्यता और नॉमिनेशन ऑनलाइन होंगे



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड युवा कांग्रेस चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार सदस्यता से लेकर मतदान और नामांकन तक सभी कार्य आईवाईसी मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन किये जाएंगे। स्वराज आश्रम में सोमवार को पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तराखंड युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण के जेडआरओ राज. कुमार यादव ने चुनाव प्रक्रिया के जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 24 अक्टूबर सुबह 9 बजे से शुरू होकर 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक चलेगी, जबकि नामांकन शुल्क का भुगतान 31 अक्टूबर शाम 5 बजे तक किया जा सकेगा। सदस्यता और मतदान प्रक्रिया 10 नवंबर से 9 दिसंबर तक चलेगी। बताया कि उम्मीदवारों की आयु सीमा 26 अक्टूबर 1989 से 24 अक्टूबर 2007 के बीच तय की गई है। कोई भी उम्मीदवार केवल एक ही पद के लिए नामांकन कर सकेगा और अपने ही क्षेत्र (ब्लॉक/विधानसभा/जिला) से चुनाव लड़ेगा। उम्मीदवार को लाइव फोटो और एक छोटा वीडियो अपलोड करना होगा। अगर किसी उम्मीदवार पर कोई मुकदमा दर्ज है तो उसकी जानकारी भी देना आवश्यक है। हर सदस्य छह स्तरों ब्लॉक समिति, विधानसभा समिति, जिला महासचिव समिति, जिलाध्यक्ष समिति, प्रदेश महासचिव समिति और प्रदेश अध्यक्ष समिति पर मतदान करेगा। वार्ता के दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, युकां प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, मलय बिष्ट, अनुपम कबाड़वाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पत्रकार रौतेला कुनाल बुक्स की ओर से सम्मानित

❑हमेशा जनपक्ष के साथ रही रौतेला की पत्रकारिता: डा. अंडोला



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुणाल बुक्स दिल्ली की ओर से जनपक्षीय पत्रकारिता के लिए पत्रकार जगमोहन रौतेला को सम्मानित किया गया। प्रेमपुर लोशज्ञानी में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें दून विश्वविद्यालय के डा. हरीश चंद्र अंडोला और सांख्यिकी विभाग के सेवानिवृत अधिकारी हरीश सिंह पाल ने सम्मानित किया। सम्मान पत्र देते हुए डा. अंडोला ने कहा कि रौतेला की पत्रकारिता हमेशा जनपक्ष के साथ रही है। वह हिमालय सरोकारों की पत्रिका युगवाणी से जुड़े हुए स्वतंत्र पत्रकार है। आज के दौर में जिस तरह की जनपक्षीय पत्रकारिता कर रहे है, वह बहुत आवश्यक है। सम्मान पत्र के साथ ही उन्हें नई शिक्षा नीति के अनुसार रसायन विज्ञान पर लिखी गई पुस्तक भी भेंट की, जिसमें छात्रों के लिए बहुत ही सरल शब्दों में रसायन विज्ञान के जटिल सूत्रों को लिखा गया है। पत्रकार रौतेला ने कहा कि यह पुस्तक छात्रों के लिए उनके नियमित अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए काफी उपयोगी होगी। इस मौके पर बीज बिखेरो अभियान से जुड़ी हर्षिता रौतेला बुलबुल, सुरेश चंद्र अंडोला, कृपाल सिंह मेहरा, ध्रुव अंडोला सहित कई लोग मौजूद रहे। दून विश्वविद्यालय के डा. हरीश चंद्र अंडोला ने रसायन विज्ञान के जटिल सूत्रों पर आधारित अपनी पुस्तक के लिए अपने छोटे भाई सुरेश चंद अंडोला का आभार जताया, जो उनके साथ पुस्तक के सह लेखक है। इसके साथ ही उन्होंने दून विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, पर्यावरण विभाग के प्राध्यापकों, सहकर्मियों तथा प्रो. एमएसएम रावत और निवर्तमान सलाहकार प्रो. केडी पुरोहित से मिली प्रेरणा का परिणाम बताया।

# पहाड़ी हितों की रक्षा का संकल्प लिया

❑दर्जनों लोगों ने ली पहाड़ी आर्मी की सदस्यता



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नवाबी रोड स्थित एक बैंक्विट हॉल में पहाड़ी आर्मी जिला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों महिलाओं और युवाओं ने सदस्यता ली। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फौजी राजेंद्र कांडपाल ने की, जिन्होंने पहाड़ी आर्मी के उद्देश्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक के दौरान उपस्थित महिलाओं ने कहा कि वे पहाड़ की अस्मिता, संस्कृति और संसाधनों को बचाने के लिए पूरी तरह से संकल्पित हैं। उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों पर भी कड़ी आपत्ति जताई, जो उनके अनुसार पहाड़ी हितों के खिलाफ हैं। महिलाओं का कहना था कि राज्य सरकार लगातार पहाड़ी लोगों के अधिकारों का उल्लंघन कर रही है, जिसे अब सहन नहीं किया जाएगा। महिला मोर्चा की जिला प्रभारी दीपा पांडे ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और राज्य निर्माण के समय महिला शक्ति की अहम योगदान को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने आगे बताया कि नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान नगराध्यक्ष फौजी भुवन पांडे, प्रेमा मेर, कविता जीना, देवेंद्र बिष्ट, रमा पांडे, दीपा मिश्रा, बबीता जोशी, कंचन रौतेला, अरुण शाह, पवन ज्याला, दीपक गोस्वामी, बसंत बिष्ट, गीता चंद, सरोज बिष्ट, दीपा गनियाल, महेंद्र सिंह धपोला मौजूद रहे।

# छठ: आज होगा व्रत का पारायण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भगवान सूर्यदेव की उपासना का महापर्व छठ सोमवार को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। रामपुर रोड पर एसटीएच के पास छठ पूजा स्थल पर व्रती महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठी मइया का विधि-विधान से पूजन किया। मंगलवार सुबह 6 बजे शुभ मुहूर्त पर महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारायण करेंगी। छठ पर्व को लेकर छठ पूजा सेवा समिति ने पूजन स्थल से लेकर मु य सड़क तक भव्य रूप से सजाया गया था। शाम तकरीबन 4 बजे से लोगों का पूजा स्थल पर एकत्र होना शुरू हो गया था। शुभ मुहूर्त के अनुसार डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं उत्तराखंड मुक्त विवि के पास पूजा स्थल पर भी क्षेत्र के परिवारों ने छठ का पूजन किया।

### लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के चार्टर अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी को मिला यूएसए चार्टर

# धूमधाम से मनाया गया चार्टर समारोह



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी का चार्टर समारोह 1996 से अपनी यात्रा शुरू करने के बाद अब तक के महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के तत्कालीन और वर्तमान चार्टर अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी को लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा यूएसए चार्टर प्रदान किया गया। समारोह का आयोजन रामपुर रोड स्थित एक होटल के विशाल सभागार में किया गया, जिसमें ढेर सारी प्रतियोगिताएं और रंगारंग कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के चार्टर अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, सचिव निशुल अग्रवाल, मुकेश गुप्ता और कोषाध्यक्ष डा. अनुज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महिलाओं के लिए आयोजित कोल्ड ड्रिंक पाइप से बोतल की कैप उठाने की प्रतियोगिता में रचना अग्रवाल ने बाजी मारी, जबकि स्नेहा अग्रवाल, रेणुका गर्ग और कनक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विधि गर्ग तीसरे और रूपाली गुप्ता चौथे स्थान पर रही। प्लेट और गेंद के साथ दौड़ प्रतियोगिता में बच्चों और युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। अक्षत अग्रवाल, विदाश विश्नोई, पीहू गुप्ता, आयुष, अंकिता, अवनी गोयल, शौर्य अग्रवाल, अनिका, आरुष और कृष्णा गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल किया। समारोह को सफल बनाने में अक्षत, सांविका प्रदीप, पवन, लोकेश, सिद्धार्थ, मुकेश अग्रवाल, आशीष परमेंद्र मित्र, संजय गर्ग, डा. अभिषेक मित्तल, अजय कृष्ण गोयल, अभिनव बिश्नोई, प्रेक्षा बिश्नोई, अशोक जैन, मोहित गुप्ता, निधि अग्रवाल, अंजू, कनक अग्रवाल, यश अग्रवाल, समृद्धि, रचना, बीना वर्मा का सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मांगों को लेकर सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम छोई और बैलपड़ाव में नासिर की मोब लींचिंग का प्रयास करने, वाहनों में तोड़-फोड़ करने और सामाजिक सौहार्द खराब करने के सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने,हेट स्पीच के द्वारा समाज का सौहार्द खराब करने के आरोपी भाजपा नेता मदन जोशी और अन्य हिंदूवादी संगठनों के लोगों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने, हमले में घायल नासिर को 10 लाख रुपये मुआवजा दिये जाने और असमा. जिक तत्वों द्वारा किसी भी व्यक्ति की आईडी व वाहन आदि की चैकिंग पर तत्काल सख्ती से रोक लगाने की मांग को लेकर रामनगर क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने उत्तराखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री व नैनीताल के जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है।

प्रतिनिधियों ने 28 अक्टूबर तक उक्त मांगों का समाधान न किए जाने पर 29 अक्टूबर को एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन की चेता. वनी दी है।सोमवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि विगत



23 अक्टूबर को वैध तरीके से बरेली से बड़े का मीट लेकर दो वाहन रामनगर आ रहे थे। जिसमें से एक वाहन को बैलपड़ाव चौकी में जांच के बाद रामनगर आते समय ग्राम छोई में भाजपा और हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए वाहन चालक नासिर पर मोब लिचिंग का प्रयास करते हुए धारदार हथियारों लोहे की राड आदि से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे कोतवाली पुलिस ने 5 लोगों को नामजद कर अन्य के खिलाफ जानलेवा हमलें का मुकदमा दर्ज किया गया।घटना के 4 दिन बाद भी रामनगर कोतवाली में दर्ज मुकदमें में अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गयी है। जबकि भारतीय न्याय संहिता में 7 वर्ष से अधिक सजा के आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी का प्रावधान है।उत्तराखंड में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा गैर कानूनी तरीके से जगह-जगह पर आई.डी. चौक करने व वाहनों को रोकने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। किसी भी व्यक्ति से पूछताछ करने व चौकिंग करने का अधिकार किसी अन्य को नहीं है सिर्फ पुलिस-प्रशासन को है।उन्होंने नासिर के आरो. पियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।इस दौरान समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार, गिरीश चंद्र, खिदमत ए मुआसरा के अध्यक्ष जीशान कुरैशी, मोहम्मद नबी अंसारी,आप की खिदमत के अध्यक्ष शोएब कुरैशी, युवा कांग्रेस नेता चांद खान, कांग्रेस नेता जावेद खान, आदिल खान, मनोहर सिद्दीकी, अनस, शकीर सिद्दीकी, अनीस सिद्दीकी, दानिश सिद्दीकी, तालिब, फैजान, आकिब सैफी, नदीम कुरैशी, समीर खान, नूरजहां पत्नी नासिर, आतिफ खान,वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के मौ अशरफ, आइसा के सुमित कुमार, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, किसान संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, पछास के रवि, महिला एकता मंच की कौशल्या, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिंबाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने डेढ़ साल से फरार इनामी दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित और ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान में कोतवाली रुद्रपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली।

सर्विलांस टीम और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने जीवनचंद पांडे पुत्र कौस्तुभानंद पांडे निवासी मकान नंबर 72, छढ़ायाल नयाबाद, बद्री विशाल कॉलोनी, थाना मुखानी, जनपद नैनीताल को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली रुद्रपुर में धारा 406, 420, 467, 468, 471, 120-बी आईपीसी के तहत दो मुकदमे दर्ज थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की जा चुकी थी और 5,000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई नवीन बुधानी, ए-एसआई नवीन जोशी, कांस्टेबल महेंद्र कुमार, कांस्टेबल भूपेंद्र आदि शामिल हैं।

## एक नजर

# धारदार हथियार से किया पिता-पुत्र पर हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सुभाष कालोनी वार्ड नंबर 29 में पिता-पुत्र पर हमला करने का मामला सामने आया है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जाकिर पुत्र स्व- बब्बू खां निवासी सुभाष काला. नी ने चौकी बाजार पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अक्टूबर की रात करीब साढ़े आठ बजे वह बाजार जा रहा था। जैसे ही वह नजीम के घर के सामने पहुंचा, तो वहां पहले से मौजूद नजीम, अरमान, सूरज और शाहरुख ने उसे पकड़ लिया और खींचते हुए घर के अंदर ले जाकर कमरे में बंद कर दिया। वहां सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की, साथ ही जान से मारने की धमकी दी।जाकिर ने बताया कि मोहल्ले की दो महिलाओं पर्वती और शन्नो ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे छुड़ाया। इसके बाद वह घर लौट आया। कुछ देर बाद जब उसका बेटा सुहेल घटना की जानकारी पाकर चौकी की ओर तहरीर देने जा रहा था, तभी रास्ते में नजीम, अरमान, सूरज और शाहरुख ने उसे पकड़ लिया और बेरहमी से पीटा। इसी दौरान एक आरोपी ने धारदार हथियार से सुहेल पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल सुहेल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार कराया गया।जाकिर ने बताया कि आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं कि अगर उसने मुकदमा वापस नहीं लिया तो इस बार जान से मार देंगे और झूठे केस में फंसा देंगे। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पहुंचे पंतनगर, डीएम, कुलपति और एसएसपी ने किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर/पंतनगर।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद निर्धारित कार्यक्रमानुसार पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को



जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, कुलपति गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर डा. मनमोहन सिंह चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय आदि ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उसके उपरांत पूर्व राष्ट्रपति तराई भवन पंतनगर जहां पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान व जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित उत्पादों को भेंट किया। पूर्व राष्ट्रपति तराई भवन में अल्प विश्राम के बाद कैंची धाम नैनीताल के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह, आरडी मठपाल, उप जिलाधिकारी डा. अमृता शर्मा, गौरव पाण्डेय, तहसीलदार दिनेश कुटौला आदि मौजूद थे।

# चाकू के साथ संदिग्ध युवक दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को नाजायज रामपुरिया चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्यवाही की है।

उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी अपनी टीम के साथ शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग में निकले थे। जब पुलिस टीम रम्पुरा काली मंदिर के पास गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि एक युवक शिवा कोली नामक व्यक्ति, जो रम्पुरा का निवासी है, अपने पास एक रमपुरिया चाकू रखता है और मोहल्ले में लोगों को डराता-धमकाता है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके की ओर रवाना हुई।

मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने रम्पुरा टंकी के पास खाली मैदान में संदिग्ध युवक को देखा। पुलिस को पास आते देख युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शिवा कोली उर्फ शिव कोली पुत्र नन्हे कोली उर्फ उमेश कोली, निवासी वार्ड संख्या 22, रम्पुरा, उम्र 19 वर्ष बताया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से रामपुरिया चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह चाकू लोगों को डराने के लिए रखा था और इसे रामपुर से खरीदा था। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व निकली कलश यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** रम्पुरा एकराम आर्य पार्क होने जा रही श्रीमद् भागवत कथा की पूर्व संध्या एकराम आर्य पार्क से कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा शामिल हुए। सैकड़ों महिलाओं द्वारा सर पर कलश लेकर पूरे रम्पुरा का भ्रमण करते हुए यात्रा निकाली गई जहां, जगह-जगह कलशयात्रा का स्वागत अभिन्दन हुआ।

वहीं विधायक शिव अरोरा ने इस अवसर पर कहा रम्पुरा जो सदैव सनातन धर्म का ध्वजवाहक रहा है जहां समय समय धार्मिक आयोजन होते रहते है उसी क्रम में एकराम आर्य पार्क में सोमवार से प्रारम्भ होने जा रही भव्य श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व संध्या निकाली गई कलश यात्रा मे रहना हुआ।

विधायक ने कहा भागवत कथा मनुष्य जीवन का सार है जो व्यक्ति को जीवन जीने की शैली को बताती है, निश्चित रूप से रमपुरा मे चलने वाली यह भागवत कथा जो राजव. ीरजी महाराज के सानिध्य मे सम्पन्न होगी, जिसका समापन 2 नवंबर को होगा, उसमे भारी संख्या मे श्रद्धांलु शामिल होकर भागवत कथा का धर्म लाभ उठाएंगे।

इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, पार्षद पूनम कोली, गिरीश पाल, चन्द्रसेन चंदा, चंद्रपाल, सुदामा कोली, राज कोली, महेश कोली, भीमसेन गुप्ता, सुनील यादव,राज कोली, यादराम कोली, सोनू कोली, प्रेम कोली, मयंक कक्कड़, रमा देवी, प्रीति, मंजू कोली, राजू कोली, राज. कुमार कोली, दिव्या आदि लोग मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** अवैध स्मैक के साथ खटीमा पुलिस ने एक अभियुक्त को धर दबोचा। रविवार को मिलक माफी, थाना नानकमत्ता निवासी निशान सिंह उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह को मोटरसाइकिल से अवैध स्मैक का परिवहन करते हुए पकड़ लिया। वहीं पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के पास से 9.04 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया। वहीं पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ थाना खटीमा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# बटाला पंजाब में चौहान सेल्फ डिपफेंस अकैडमी के खिलाड़ियों ने लहराया जीत का परचम

**खिलाड़ियों ने इंटरनेशनल कराटे डो चैंपियनशिप में तीन रजत पदक एवं तीन कांस्य पदक जीते**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** पंजाब के बटाला में चौहान सेल्फ डिफेंस अकैडमी नानकमत्ता के खिलाड़ियों ने इंटरनेशनल कराटे डो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक एवं तीन कांस्य पदक जीतकर कुल छह पदक अपने नाम दर्ज कराए। अकैडमी के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से न केवल अकैडमी, बल्कि उत्तराखंड और पूरे भारत का मान बढ़ाया। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है।

सोमवार को अकैडमी के कोच किशन सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की बटाला पंजाब में खिलाड़ियों ने इंटरनेशनल कराटे डो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन खिलाडियों में लक्षिता जोशी ने रजत पदक (कुमाइटे) एक कांस्य पदक (काटा) व गुरबक्श सिंह एक रजत पदक (कुमाइटे) व एक रजत पदक (काटा) तथा कर्णिका




कांडपाल एक कांस्य पदक (कुमाइटे), एक कांस्य पदक (काटा) जीतकर विजेता श्रेणी में अपना नाम दर्ज कराया है। तीनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और लगन से यह सिद्ध कर दिया कि नानकमत्ता साहिब की धरती पर खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इस सफलता पर प्रबंधक चंद्रा देवी एवं गोविंद सिंह चौहान, कोच किशन सिंह चौहान व टीम मैनेजर रमेश सिंह, संरक्षक करनवीर सिंह तथा पूरी चौहान सेल्फ डिफेंस अकैडमी परिवार ने गर्व व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# खटीमा के अमाऊं में रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** मयूर विहार अमाऊं में श्री देव भूमि श्री राम लीला कमेटी द्वारा लीला मंचन का प्रारंभ रविवार को किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिनके साथ अति विशिष्ट अतिथि



के रूप में नौजगे पब्लिक स्कूल की एमडी सुरेंद्र कौर (हैप्पी मैम) भी उपस्थित रही। वहीं कार्यक्रम में नारद मोह, नटी सूत्रधार प्रसंग, रावण का वर मांगना एवं रामजन्म तक की लीला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नवीन बोरा ने सभी अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुरिया, किरंन, सुरेश जीना, रमेश चंद्र, रोशन रावत, भजन, प्रीति, भुवन चंद्र उप्रेती, जय श्री एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस में प्रतिभाग करने को प्रतिनिधि मंडल रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद का एक तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल हैदराबाद में 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली भारतीय शिक्षा बोर्ड मण्डल की राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस में प्रतिभाग करने के लिए रवाना हो गया है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी कर रहे हैं जबकि बोर्ड के अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत और शोध अधिकारी की शैलेंद्र जोशी भी इस प्रति. निधि मंडल में सम्मिलित हैं। इस कांफ्रेंस में देश के सभी विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रतिभाग कर रहे हैं। इस कांफ्रेंस का मुख्य विषय "भारत में विद्यालयी शिक्षा का भविष्य, चुनौतियाँ और अवसर" है। इस विषय पर सभी शिक्षा बोर्ड के प्रतिनिधियों द्वारा तीन दिनों तक विचार विमर्श किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन सीआईएससीई बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।

# गुरुग्राम के स्कूल में मौत बनकर लटक रहा टिन शेड

**लापरवाही से मंडरा रहा बड़ा खतरा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शक्तिफार्म।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुरुग्राम नंबर 2 में वर्षों पुरानी लापरवाही अब हादसे को दावत दे रही है। बीस वर्ष पहले अभिभावक संघ के सहयोग से विद्यालय परिसर में बच्चों की सुविधा के लिए बनाया गया टिन शेड अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। पिछले कई महीनों से यह टिन शेड टूटकर लटक रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

विद्यालय में रोजाना सैकड़ों बच्चे पढ़ाई करने के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों में भी हिस्सा लेते हैं। टूटा टिन शेड उनके सिर पर हमेशा खतरे की तरह मंडराता रहता है। किसी भी समय यह गिर सकता है और बड़ी दुर्घटना का कारण बन



सकता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्कूल समय के बाद भी आसपास के बच्चे खेलते हुए इसी जगह जमा रहते हैं, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने कई बार जर्जर टिन शेड को हटाने या ठीक कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। बच्चों की सुरक्षा के सवाल पर अब पूरा गांव एकजुट होकर आवाज उठाने की तैयारी में है। लोगों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए, न कि लापरवाही का शिकार। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग कब जागता है,किसी हादसे से पहले, या उसके बाद।

# स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत दौड़ का आयोजन

**फिट इंडिया रन केवल एक दौड़ नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है: निरीक्षक मोहर सिंह**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** भारत-नेपाल सीमा स्थित मेलाघाट में सशस्त्र सीमा बल द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0 का स्वच्छता एवं स्वास्थ के संकल्प के साथ दौड़ का आयोजन किया गया।

57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय एवं सभी सीमा चौकियों पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0 , स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को समवाय मेलाघाट में दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बलकर्मियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ष का थीम "स्वच्छता एवं स्वास्थ्य" रखा गया है। यह अभियान 02 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जवानों ने अपने मोबाइल फोन में फिट इंडिया मोबाइल ऐप स्थापित कर पंजीकरण किया और निर्धारित दूरी तक दौड़ लगाई। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ



अभियान में भाग लिया।

इस अवसर पर समवाय प्रभारी निरीक्षक मोहर सिंह ने कहा कि "फिट इंडिया रन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है जो हमें शारीरिक एवं मान. सिक रूप से स्वस्थ रहने की प्रेरणा देता है। स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक सुन्दर सिंह, आरक्षी सुनील सिंह, सन्देश राज, भूपेन्द्र कुमार सहित कई नागरिक एवं दर्जनों बलकर्मी उपस्थित रहे।

# बंद घर से लाखों रुपये के जेवर चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता


**रामनगर।** रामनगर में एक बंद घर में लाखों रुपये के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों को पकड़ने की मांग की है।

ग्राम लक्ष्मीपुर बनिया चिलकिया निवासी पुष्पा उप्रेती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीते 24 अक्टूबर को अपने पुत्र संदीप उप्रेती के साथ अपने रानीखेत में रहने वाले रिश्तेदारों में गयी थी जिसके बाद वह रविवार शाम अपने पुत्र के साथ अपने घर पर पहुंची और ताला खोलकर घर के भीतर घुसकर देखा तो घर में रखा सारा सामान बिखरा हुआ था। घर में लगा हुआ रोशनदान उखड़वा हुआ था। अलमारी को देखने पर अलमारी में रखे हुए 3 जोड़ी सोने से निर्मित कुण्डल, 2 जोड़ी सोने से निर्मित कानो के टॉप्स, 1.5 तौले की सोने से निर्मित गले की चैन व 2 तौले का सोने से निर्मित मंगलसूत्र अलमारी से गायब मिले। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।उन्होंने जल्द से जल्द अज्ञात चोरों को पकड़ने की मांग की है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# युवा आपदा मित्र शिविर का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** युवा आपदा मित्र शिविर' गदरपुर में आयोजित पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 04 स्वयंसेवकों रजत, जितेंद्र सिंह रावत, हेमंत लोहनी तथा मोहम्मद फैजल ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। यह



शिविर आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से 25 अक्टूबर से 01 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य युवाओं को आपदा की स्थिति में सहायता, राहत कार्यों एवं जनसुरक्षा के प्रति प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा भूकंप, बाढ़, आगजनी जैसी आपदाओं के समय बचाव एवं राहत के व्यावहारिक उपायों का प्रशिक्षण दिया जाएगा ।स्वयंसेवक न केवल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है, बल्कि विभिन्न मॉक ड्रिल में भी अपनी तत्परता का परिचय दे रहे है।महाविद्यालय के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश चंद्रा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर युवाओं में सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करते हैं।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहन चन्द्र पांडे ने प्रतिभागी स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक सदैव समाज सेवा और मानवता के कार्यों में अग्रणी रहते हैं।

# छठ पर्व के तीसरे दिन पारंपरिक वेशभूषा में घाट पर पहुंचे श्रद्धालु



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** पूर्वांचल का सबसे बड़ा आस्था का लोक महापर्व लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। पर्व के तीसरे दिन सोमवार को खटीमा सहित सजे हुए विभिन्न छठ घाटों पर पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालु महिलाएं एवं भक्तगण पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे। वहीं सोमवार शाम को श्रद्धालु व्रती महिलाओं ने छठ घाट पर पहुंचकर छठी मैया की विधिवत पूजा अर्चना की तथा डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया।

इधर खटीमा में पूर्वांचल समाज के लोगों ने श्रद्धालु महिलाओं तथा भक्तगणों ने पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न प्रकार के फलों, पकवानों और मिष्ठानों से सजी हुई डाली को माथे पर रखकर नंगे पांव गाजे-बाजे के साथ रेलवे स्टेशन स्थित छठ घाट पर पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं व भक्तों के छठ मैया के जयकारे से माहौल गूंज उठा। बता दें कि नहाए खाए से शुरू होने वाला छठ महा पर्व का आज तीसरा दिन है जिसको लेकर श्रद्धालु महिलाओं भक्तगणों में काफी उत्साह और खुशी का माहौल है। छठ पर्व पर महिलाओं ने 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा है जिसका समापन मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद किया जाएगा। छठ मैया तथा सूर्य देव की उपासना का यह पूर्वांचल का एक सबसे बड़ा अनुपम पर्व है। यहां नवीन बोरा, मनोज वाधवा, आशीष श्रीवास्तव, रोशन रावत, ठाकुर जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, अमरेश सिंह, अशोक सिंह, संजय सिंह, पूनम देवी, उषा देवी, रति देवी, मधु सिंह, राघव यादव, नरेश यादव, सुमित ठाकुर तथा विवेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र पवन प्रजापति एवं पुत्रवधू दिपाली प्रजापति के दुर्व्यवहारों से तंग आकर इनसे अपने तथा अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर अपने पुत्र पवन प्रजापति एवं पुत्रवधू दिपाली प्रजापति को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का मेरे पुत्र पवन प्रजापति एवं पुत्रवधू दिपाली प्रजापति से कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र पवन प्रजापति एवं पुत्रवधू दिपाली प्रजापति से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार अथवा लेनदेन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं या मेरा कोई भी परिजन इनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**श्रीमती आशा पत्नी श्री ओम प्रकाश**
**निवासी- वार्ड नं.-1, जगतपुरा, रुद्रपुर**
**जिला-ऊधमसिंह नगर**

# पूर्वांचल समाज के लोक आस्था के छठ महापर्व शुरू

■ विधायकअरोरा ने छठ घाटों पर पहुंच माता बहनो को छठ पर्व की दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्वांचल समाज के लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर विधानसभा के कई घाटों पर भ्रमण कर छठ व्रती माता बहनो से मुलाकात कर छठ पर्व की शुभकामनाएं दी।

छठ का प्राचीन पर्व बहुत सादगी भरा त्यौहार है, जिसे सभी घरों में आमतौर पर मिलने वाली सामाग्री जैसे कि दो बड़ी बांस की टोकरियां (डावरी) प्रसाद रखने के लिए, सूप, सूर्य देव को अर्धय देने हेतु बांस या पीतल का बर्तन, अर्घय के लिए दूध और गंगाजल रखने वाला गिलास, लोटा और थाली, पानी से भरा नारियल, पांच पत्तेदार गन्ने के तने, चावल, गेहूं और गुड़, 12 दीपक, अगरबत्ती, बत्तियां, कुमकुम और सिंदूर, केले का पत्ता (पूजन स्थल सजाने के लिए), फलों में केला, सेब, सिंघाड़ा, शकरकंद, सुथनी (रतालू), अदरक का पौधा, हल्दी की गांठें और सुपारी, शहद और मिठाइयां, गंगाजल और दूध (अर्धय व स्नान हेतु), प्रसाद में बनाने के लिए ठेकवा, गुड़ और गेहूं के आटे की सामग्री आदि से ही मनाया जा सकता है।



विधायक अरोरा ने अटरिया पुल स्थित छठ घाट, जगतपुरा, रविन्द्र नगर धोबी घाट छठ घाट, खेड़ा छठ घाट, प्रीत बिहार शिव मन्दिर छठ घाट, दानपुर, भगवानपुर, बागवाला, सम्पतपुर छठ घाट पर भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की व्यवस्था का जायजा लिया। विधायक बोले छठ महापर्व जिसकी रुद्रपुर विधानसभा में जगह-जगह घाटों पर भव्यता दिव्यता देखते ही बताती है। यह सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का पूर्वांचल समाज मे खासा विशेष महत्व है, निर्जला व्रत जो एक कठिन व्रत माना जाता है जिसे हमारी माता बहने रखती है, निश्चित रूप से छठी माई की कृपा सभी पर बनी रहे।



इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, मुकेश पाल, राधेश शर्मा, जीतेन्द्र संधू, दिनेश गुप्ता, राजेश कुमार, वीरेंद्र तिवारी, नन्दलाल, श्रीकांत शर्मा, निमित्त शर्मा, संतोष गुप्ता, पिंटू पाल, मोर सिंह, उपेंद्र गुप्ता,मनोज मदान, भीमसेन गुप्ता, त्रिलोचन सिंह, सुनील वाल्मीकि, सुनील यादव, डम्मी चोपड़ा, विक्रांत सक्सेना, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।

वहीं समाजसेवी सुशील गाबा ने अपने साथियों सहित दूधियानगर, झील, जगतपुरा, तीन पानी सहित अनेकों छठ घाटों पर पहुंचकर सभी क्षेत्रवासियों को छठ महापर्व की बधाई दी और छठव्रतधारी मातृशक्ति के चरण छूकर आर्शीवाद प्राप्त किया। समाजसेवी सुशील गाबा नें कहा कि आज देशभर में छठ पूजा का उत्सव मनाया जा रहा है।

छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित होता है। षष्ठी तिथि के दिन जब सूर्य अस्त होता है, तब डूबते हुए सूर्य को अर्घय दिया जाता है और अगले दिन उगते सूर्य को अर्धय अर्पित कर व्रत पूर्ण किया जाता है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश तनेजा, दंदक लाल शर्मा, जगदीश टंडन, पूर्व पार्षद मोहन कुमार, हरमीत सिंह रंधावा, मंदीप रंधावा, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष नेहा सामंत, बिंदु यादव, दुर्गेश मौर्य, संजय गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

## राज्य हेतु चयनित छात्राओं को किया सम्मानित

■ राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम में जनपद में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद स्तरीय एनपीईपी कार्यक्रम में राउमावि खूनाबोरा की छात्राओं ने मार्गदर्शक शिक्षक प्रकाश चंद्र उपाध्याय के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में लोक नृत्य में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य हेतु चयनित छात्राओं

ज्योति रावत, रेनू बिष्ट, लक्की मनराल, राखी मनराल तथा लक्ष्मी मनराल को प्रधानाचार्य खीमानंद पाण्डेय तथा विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इन सभी छात्राओं का राज्य स्तर हेतु चयन हुआ है। शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित मार्गदर्शक शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बताया कि आगामी माह में देहरादून में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा जनपद चंपावत का प्रतिनिधित्व किया जाएगा।




मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक/डायट प्राचार्य मान सिंह, डायट के प्रभारी प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल, कार्यक्रम समन्वयक शिवराज सिंह तड़ागी, प्रधानाचार्य खीमानंद पाण्डेय, एसएमसी अध्यक्ष भावना देवी, पीटीए अध्यक्ष खुशाल सिंह राज्य हेतु चयनित समस्त छात्राओं को बधाई देने के साथ ही आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सम्मान समारोह में सुरेन्द्र लाल, नवीन चन्द्र जोशी, राजेश्वरी जुकरिया, कमला जोशी आदि उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने पुलिस स्टेशन का भ्रमण कर देखा काम काज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में आगामी 31 अक्टूबर को मनाई जाने वाली सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनपद भर में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस क्रम में आज सोमवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललित मोहन जोशी के नेतृत्व में उ.नि. ललित डंगवाल मय पुलिस टीम द्वारा वीर शिवा स्कूल, चिमस्यानौला पिथौरागढ़ में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके राष्ट्रीय एकीकरण के योगदान एवं



राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही छात्रों को साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति, यातायात नियमों और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन एवं ईमानदारी के मूल्यों को सशक्त बनाना था।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली धारचूला हरेन्द्र सिंह नेगी के नेतृत्व में धारचूला क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर निबंध एवं ड्राइंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर अपने विचार और रचनात्मकता प्रस्तुत की। कार्यक्रमों में पुलिस द्वारा छात्रों को 1933 (मानस नारकोटिक्स रिपोर्टिंग हेल्पलाइन), 1930 (साइबर धोखाधड़ी हेल्पलाइन) एवं 112 (आपातकालीन सेवा) जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

## पुलिस ने मेले में राजस्थान से आई महिला चेन स्नैचर को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** पुलिस ने नानकमत्ता के दीपावली मेले में महिलाओं के गले से सोने के आभूषण चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गिरोह की एक महिला सदस्य को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पुलिस ने मेले से महिला श्रद्धालु के गले से चोरी की गई सोने की चेन के एक टुकड़े को भी बरामद किया है।

सोमवार को मामले का पर्दाफाश करते हुए थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि बीते दिवस वादी प्रधुमन गंगवार पुत्र स्व. रामपाल निवासी ग्राम दमखोदा थाना देवर. निया, बहेड़ी, जनपद बरेली उत्तर प्रदेश ने तहरीर दी गई कि दिनांक 21 अक्टूबर 2025 को उनकी माता शांति देवी नानकमत्ता साहिब मेले में आई थीं, जहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके गले से सोने की चेन तोड़कर चोरी कर ली, तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरु की पुलिस टीम ने मेले क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म अवलोकन किया। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हेतु उनके फोटो एवं वीडियो अन्य राज्यों की पुलिस को भी भेजे गए।पुलिस टीम को सफलता तब मिली जब दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को थाना पुलिस ने एक महिला बबीता पत्नी रिंकू निवासी ग्राम रुंदी करण, थाना चिकसाना, जिला भरतपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार कियाघ तलाशी के दौरान महिला के पास से चोरी की गई चेन के हिस्से बरामद घ्हुआ है जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये से अधिक है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ राजस्थान के भरतपुर जिले से नानकमत्ता मेले में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने आई थी।

## पेयजल योजना के निर्माण में वन विभाग द्वारा अड़ंगा लगाए जाने पर डीएम ने दिए प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश

■ जिलाधिकारी ने दूरद. राज क्षेत्रों से आए हुए फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** विगत अनेक वर्षों से सिचाई एवं मत्स्य पालन की सुविधा दिए जाने की मांग को लेकर थक चुके पंचेश्वर (कुलौरी) गांव के कल्याण सिंह, चार साल से पेयजल एवं सुरक्षा दीवार की मांग को लेकर रहे भटक रहे वृद्ध प्रेम सिंह की समस्या हल होने से वे अपने चेहरों पर मुस्कान लेकर लौटे।

चौकी गांव के लाल सिंह का आज बीपीएल कार्ड बनने के साथ, उसकी दिव्यांग पेंशन भी लग गई। लगभग साढ़े पांच घंटे तक चले जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन समस्याओं को लटकाने व टकराने के प्रति अपना पुनः रोष प्रकट किया तथा बाल विकास अधिकारी को इसके लिए आड़े हाथों भी लिया। उनका कहना था कि दूर दराज क्षेत्रो से यहां लोग अपना समय व पैसा बर्बाद कर फरियाद लेकर आते है, उन्हें पूरी तरह संतुष्ट कर यह अहसास कराया जाना चाहिए कि जिला प्रशासन उनकी सुध ले रहा है। पेयजल योजनाओं के निर्माण में वन विभाग द्वारा अनावश्यक अड़ंगा लगाए जाने को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया तथा ऐसे मामलों में जहां प्यासे लोगों को दिक्कतें हो रही है, वहां वन विभाग के खिलाफ आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत प्राथिमिकी दर्ज की जाएगी। दियुरी बिलौन के आपदा प्रभावित पांच परिवारों को स्थाई रूप से विस्थापित करने के लिए टीम गठित की गई। तीन वर्ष से पेयजल समस्या के लिए भटक रहे मंगोली के राम सिंह को अब 30 अक्टूबर से पानी मिलने लगेगा। उस समय राम सिंह की खुशी देखने लायक थी।



अमौन गांव की पेंशन के लिए दर दर भटक रही बची देवी को आज तत्काल आधार कार्ड, पेंशन सुविधा स्वीकृत की गई। घुरचुम गांव में आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका पद के विवाद को लेकर अधिकारी मौके पर जाकर निर्णय लेंगें। चल्थी में खनन करने वालो द्वारा सरकारी भूमि का दोहन करने की शिकायत पर एडीएम केएन गोस्वामी मौके पर जाकर मुआयना करेंगे। जन मिलन कार्यक्रम में भींगराडा से आई ग्राम प्रधान गीता भट्ट ने पिरूल के संग्रहण के लिए हॉल का निर्माण करने तथा पेयजल योजना में स्थाई पाइप लाइन बिछाने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए साथ ही कहा कि इस ग्राम पंचायत द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा 30 अक्टूबर तक खेतीखान पम्पिंग योजना से पेयजलापूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आई पेयजल समस्याओं को दूर करने के लिए समयसीमा तय करने के साथ ही कड़े निर्देश दिए कि यदि पानी नही चलता है तो लोग उनसे सीधा संवाद कर सकते है। जन मिलन कार्यक्रम में आज दूर दराज क्षेत्रों से आए 71लोगों ने अपनी शिकायते दर्ज की जिसमें पांच दर्जन शिकायतों का मौके में ही निस्तारण किया। जनमिलन कार्यक्रम में जन समस्या के निस्तारण प्रक्रिया में अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती, एपीडी विम्मी जोशी, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी एवं फरियादी मौजूद थे।

## गोविन्द नगर की सड़क बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

■ मंत्री सौरभ बहुगुणा से की मरम्मत की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** ग्राम गोविन्द नगर में राजीव मंडल के घर से सुखी बांध तक जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। यह सड़क जिला पंचायत सत्र 2018 में बनाई गई थी, लेकिन रखरखाव के अभाव में अब पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण न सिर्फ राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दोपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर घायल भी हो रहे हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने से स्थिति और भी विकट हो जाती है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य तारक मंडल ने सड़क की मरम्मत व डामरीकरण को लेकर उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि लगभग 900 मीटर लंबी इस सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब वाहनों का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत व डामरीकरण कार्य कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।ग्रामीणों का कहना है कि गोविन्द नगर क्षेत्र नगर के विकास में अहम भूमिका निभाता है, लेकिन यहां की सड़कें उपेक्षा का शिकार हैं। मंत्री से उम्मीद जताई गई है कि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कराकर लोगों को राहत दिलाई जाएगी।

## आई-राइज कार्यक्रम के अंतर्गत 60 शिक्षक बनाए जाएंगे इनोवेशन स्टार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे के सौजन्य से आई-राइज कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद चंपावत के 60 शिक्षकों को इनोवेशन स्टार बनाया जाएगा।

माध्यमिक स्तर तक विज्ञान एवं गणित पढ़ाने वाले उक्त शिक्षकों की यह नवाचारी कार्यशाला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लोहाघाट में 27 से 29 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। उद्घाटन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य दिनेश खेतवाल एवं आईराइज आइसर पुणे के कोर्डिनेटर अक्षय कुलकर्णी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के समन्वयक डा. कमल गहतोड़ी ने बताया कि उक्त कार्यशाला एससीईआरटी उत्तराखंड की पहल पर श्इंस्पायरिंग इंडिया इन रिसर्च इन्नोवेशन एंड स्टेम एजुकेशन कार्यक्रमश के तहत आयोजित की जा रही है। आईसर पुणे द्वारा प्रशिक्षित जनपद के छः इनोवेशन चौंपियन शिक्षक तथा डाइट के कोऑर्डिनेटर उपरोक कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। तीन दिवसीय इस कार्यशाला में विज्ञान एवं गणित को विभिन्न नवाचारों के माध्यम से कक्षा कक्ष तक पहुंचाने हेतु रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित एससीईआरटी के राज्य समन्वयक डॉ अवनीश उनियाल ने ऑनलाइन मोड पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान एवं गणित शिक्षण को छोटे-छोटे प्रोजेक्ट के साथ कक्षा कक्ष तक पहुंचाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय महत्व की इस कार्यशाला को लेकर शिक्षकों में खासा उत्साह है। इसके साथ ही पांच दिवसीय एफएलएन एमटी प्रशिक्षण भी डाइट में आज ही शुरू हुआ। दोनों प्रशिक्षणो के संयुक्त उद्घाटन अवसर पर डायट प्रवक्ता डा. अवनीश शर्मा, दीपक सोराड़ी, शिवराज तड़ागी, नवीन उपाध्याय, डा. पारुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा ।** रविवार देर रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार संविदा शिक्षक की मौत हो गई। शिक्षक कार्यक्रम से लौट रहे थे। पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ लिया है। भूड़ाकिशनी शिकलपट्टी निवासी 32 वर्षीय विक्रांत राणा पुत्र जगदेव सिंह रविवार देर रात बानूसी स्थित अपनी बहन के घर में एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। जब वह झनकट पुलिस चौकी के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक 12 टायरा ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक बाइक सवार विक्रांत को काफी दूर तक घसीटता ले गया। हादसे में विक्रांत गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से उन्हें उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक और चालक को प्रतापपुर चौकी क्षेत्र में पकड़ लिया। विक्रांत राणा राजकीय इंटर कॉलेज में संविदा शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। उनकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। वह अपने पीछे पत्नी नंदनी और दो छोटे बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। पुलिस ने सोमवार को पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया।



### एक नजर

## सीएम घोषणाओं को प्राथमिकता से पूरा करें अधिकारीः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की किसी भी घोषणा से संबंधित कार्य जनपद स्तर पर लंबित नहीं रहना चाहिए।

डीएम भटगांई ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी इन घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रत्येक विभाग से संबंधित घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। यह बैठक मुख्यमंत्री द्वारा पिथौरागढ़ में की गई घोषणाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक में एडीएम योगेन्द्र सिंह, एसडीएम सदर मनजीत सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने दिए सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने जनपद की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए चल रहे कार्यों में गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर सख्त रुख अपनाया है। थल-पाखू सड़क पर किए गए पैचवर्क में लाप. रवाही का मामला सामने आने के बाद उन्होंने उपजिलाधिकारी को मौके पर भेजा।

ज्ञात हो कि जिले की प्रमुख सड़कों को गड्ढामुक्त करने का कार्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते शनिवार को थल-पाखू सड़क पर गड्ढों को भरने हेतु पैचवर्क किया जा रहा है। इस कार्य में निम्न गुणवत्ता की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने तत्परता से संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी को मौके पर जांच हेतु भेजा। पाया गया कि सड़क पर किया गया डामरीकरण कार्य उखड़ रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस लापरवाही को अत्यंत गंभीर मानते हुए लोक निर्माण विभाग खण्ड बेरीनाग के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता पर कठोर कार्रवाई के निर्देश सुप्रिटेंडेंट इंजीनियर को दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में ऐसी लापरवाही पाए जाने पर और भी कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## शॉटपुट के बालक जूनियर वर्ग में पीएमएस रुद्रपुर के रिहान ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोमवार को 31वीं वाहिनी पीएसी के खेल मैदान में तीन दिवसीय सप्तम पुलिस मॉडर्न स्कूल अंतर पीएमएस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी और 31वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक पंकज भट्ट रहे।

शुभारंभ अवसर पर बच्चों ने ब्रास बैंड की धुन पर मार्चपास्ट किया और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शॉटपुट के बालक जूनियर वर्ग में पीएमएस रुद्रपुर के रिहान ने गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता में पुलिस मॉडर्न स्कूल 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर, पुलिस मॉडर्न स्कूल 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार, पुलिस मॉडर्न स्कूल रोशनाबाद हरिद्वार और पुलिस मॉडर्न स्कूल देहरादून के कुल 310 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन हुए मुकाबलों में जूनियर बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में पुलिस मॉडर्न स्कूल रुद्रपुर के प्रदीप पांडेय ने प्रथम, अश्विन फर्त्याल ने द्वितीय और हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में पुलिस मॉडर्न स्कूल हरिद्वार की वंशिका प्रथम, पुलिस मॉडर्न स्कूल रुद्रपुर की अर्पिता द्वितीय और पुलिस मॉडर्न स्कूल हरिद्वार की प्राची तृतीय रहीं। जूनियर बैडमिंटन के नॉकआउट मैच में पीएमएस देहरादून ने पीएमएस रुद्रपुर को हराया। शॉटपुट के बालक जूनियर वर्ग में पीएमएस रुद्रपुर के रिहान ने गोल्ड मेडल जीता। खो-खो बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में पीएमएस रुद्रपुर ने पीएमएस देहरादून को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चेस जूनियर बालिका वर्ग में पीएमएस देहरादून और बालक वर्ग में पीएमएस हरिद्वार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर उप सेनानायक मिथलेश कुमार सिंह, सहायक सेनानायक तपेश कुमार चंद, प्रधानाचार्य पीएमएस रुद्रपुर पूजा रानी, दलनायक योगेंद्र सिंह देव, दया चंद रजवार, गिरीश चंद जोशी, भूपेश पांडेय, सूबेदार शिविरपाल उमेश कुमार सोनकर, सूबेदार मेजर खुर्शीद अली, प्रभारी पीएमएस गीता उप्रेती, सहायक प्रधानाचार्य भुवन सिंह मेहता सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय लेवल अप बास्केटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीरूमदारा में तीन दिवसीय लेवल अप बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2025 का भव्य आयोजन किया गया। ग्रीन फील्ड अकैडमी प्रबन्ध निदेशक शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों से आई टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना ने पूरे मैदान का माहौल रोमांचित कर दिया।



प्रथम दिन बास्केटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में रामनगर विधायक दिवान सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी, पूर्व ग्राम प्रधान श्याम सिंह बिष्ट, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ललित कडाकोटी, गोपाल सिंह अधिकारी आदि मौजूद रहें। वही दूसरे दिन बास्केटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में काशीपुर के मेयर दीपक बाली, रामनगर नगर पालिका के अध्यक्ष मोहम्मद हाजी अकरम, रेनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के निदेशक आलोक गुसाईं,भाजपा के पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत,नरेंद्र रावत, सभासद सचिन कुमार, सलमान सलमानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विजेता टीमों को पुरस्कृत करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री एवं आंदोलनकारी धनेश्वरी घिल्डियाल, ग्रीनफील्ड अकैडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत, आशा बिष्ट, नैना अग्रवाल, एडवोकेट जगतपाल सिंह रावत, कैप्टन विनोद रावत, भोपाल सिंह, पूर्व सैनिक महिपाल सिंह, ग्रीन फील्ड एकेडमी के डायरेक्टर गौरव रावत, प्रधानाचार्या कंचन बिष्ट, ग्रीनफील्ड अकैडमी परतापुर की प्रधानाचार्य रचना कंडारी, मेहरा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पंकज मेहरा, स्टेपिंग स्टोन्स प्रधानाचार्य निधि मेहरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, संजय डोरवी, तेजपाल सिंह रावत आदि मौजूद रहे। शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि ओपन वर्ग बालक विजेता टीम सिने स्टार क्लब पिथौरागढ़, बालक उपविजेता सिनेमा बॉयज हल्द्वानी, बालिका विजेता लेवल अप अकादमी रामनगर, बालिका उपविजेता आर.बी.सी,अंडर-19 वर्ग में बालिका विजेता आर.बी.सी, बालिका उपविजेता लेवल अप अकादमी रामनगर,बालक विजेता वॉल वॉर्स मुरादाबाद।बालक उपविजेता टीम काशीपुर।अंडर-17 वर्ग में बालि. का विजेता: आर.बी.सी। बालिका उपविजेता राइजिंग स्टार।बालक विजेता आर.बी.सी। बालक उपविजेता लेवल अप अकादमी। अंडर-14 वर्ग में बालिका विजेता आर.बी.सी। बालिका उपविजेता जी.एम.पी.एस. हिम्मतपुर रामनगर।बालक विजेता में शिवालिक स्कूल काशीपुर। बालक उपविजेता में लेवल अप अकादमी रहें। विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित कर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। टूर्नामेंट के आयोजक हर्षवर्धन पांडे,कुनाल आर्य,अनुज कुमार,अभिषेक मठपाल,अमित पांडे,सागर माहेश्वरी, श्रेया वर्मा, सागर जोशी,ऋषभ टम्टा हेमंत नेगी एवं उनके सहयोगी टीम ने शानदार आयोजन किया।

# नैनीताल पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

## राज्यपाल, कमिश्नर ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सोमवार को देवभूमि उत्तराखंड के भ्रमण पर राजभवन नैनीताल पंहुचे।

यहां पहुंचने पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त/सचिव सीएम दीपक रावत, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव रीना जोशी तथा जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा तथा परिसहाय अमित श्रीवास्तव तथा मेजर सुमित कुमार भी उपस्थित रहे।इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा विश्व प्रसिद्ध श्री कैंचीधाम के भी दर्शन किए।

# फीस से अधिक वसूली पर सरकार ने गठित की एडवाइजरी

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर सुनवाई में हाईकोर्ट में सरकार ने रखा पक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों के द्वारा निर्धारित फीस के अलावा छात्रों के अभिभावकों से अतिरिक्त शुल्क वसूलने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद सोमवार को दो बजे राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट को अवगत कराया कि इस संबंध में राज्य सरकार ने एक एडवाईजरी कमेटी गठित की है, जिस किसी अभिभावक को कोई शिकायत करनी है तो वह उसमें कर सकते हैं। वहीं सीबीएसई बोर्ड की तरफ से कहा गया गया कि उनके पास इस तरह की कोई शिकायत किसी छात्र के अभिभावक के द्वारा दर्ज नही की गई है। मामले को निस्तारित करते हुए न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिये हैं कि वे अपनी शिकायत पहले गठित एडवाईजरी कमेटी के सम्मुख पेश करे। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर चीफ एजुकेशन ऑफिसर नैनीताल कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा वसूले जाने वाली फीस व ड्रेस के अलावा खेलकूद समेत ट्रिप तथा नोट बुक एक ही दुकान से लेने के संबन्धी पाबंदी पर राज्य सरकार ने कमेटी गठित की है जो पीड़ित है वे इसमे शिकायत दर्ज कर सकते हैं जिस पर सन्तुष्ट होकर कोर्ट ने जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए कहा है कि पीड़ित अपनी शिकायत राज्य सरकार की तरफ से गठित समिति में करें। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी दीप चन्द्र पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य में चल प्राईवेट स्कूलों के द्वारा छात्रों के अभिभावकों से फीस के अलावा कई अन्य शुल्क जबरन वसूली की जा रही है जिनमें स्कूल के द्वारा निर्धारित दुकान से नोट बुक, किताबें तथा स्कूल ड्रेस व अन्य सामग्री जो उनको काफी महंगी पड़ती है जबकि वही नोट बुक व किताब अन्य सामान्य दुकान पर कम रेट में मुहैया होती है। जनहित याचिका में कोर्ट से उनके द्वारा प्रार्थना की गई है कि इस पाबन्दी पर रोक लगाई जाय। इसका विरोध करते हुए बोर्ड की तरफ से कहा गया कि स्कूल का सत्र एक साथ शुरू हो इसलिए सारी स्कूल बुक व अन्य चीज एक जगह मिल जाय और अभिभावकों को भटकना न पड़े इसलिए उनकी सुविधा के लिए स्कूल प्रबंधन ने दुकान का चयन किया है।

### जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों में विशेषज्ञों की तैनाती पर सुनवाई

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने उत्तराखंड के 13 जिलों में स्थापित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों में विशेषज्ञ, स्टाफ व अन्य कर्मचारियों की तैनाती की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने कहा कि इसी तरह का मामला का संज्ञान उच्च न्यायलय में स्थित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने लिया था। उसके बाद प्राधिकरण के द्वारा सर्वे किया। उसकी रिपोर्ट के आधार पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा इनका उत्थान के लिए उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। उच्च न्यायलय ने उसका अवलोकन करने के बाद उसे स्वीकार करते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि जब एक जनहित याचिका एक विषय से सबंधित चली आ रही है तो दूसरी दायर करने की कया जरूरत है? इनके उत्थान के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने पहले से ही उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की है इसलिए इसकी भी उसी के साथ सुनवाई की जाय। पूर्व में कोर्ट ने कई आदेश पारित किए लेकिन अभी तक उनका अनुपालन तक नहीं हुआ। मामले के अनुसार मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की संस्था रोशनी की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि केंद्र सरकार के फंड से जिलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों में अलग अलग श्रेणी के दिव्यांगजनों की मदद के लिये विशेषज्ञ स्टाफ की नियुक्ति व अन्य ढांचागत सुविधाएं मुहैया करानी होती हैं। जिसका समस्त खर्चा केंद्र सरकार वहन करती है किंतु टिहरी जिले को छोड़ अन्य जिलों में यह सुविधा उपलबध नहीं है जिस कारण इस अति महत्वपूर्ण सुविधा के लाभ से दिव्यांगजन वंचित हैं।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 4 को

- देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी चीफ गैस्ट
- 327 विद्यार्थियों को बांटी जाएगी उपाधियां




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के इतिहास में पहली मर्तबा देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू विवि के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करने जा रही हैं। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सोमवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में पत्रकारों से वार्ता कर दीक्षांत समारोह की जानकारी दी।प्रो. रावत ने बताया कि दीक्षांत समारोह आगामी 4 नवंबर को कुविवि के डीएसबी परिसर के एएन सिंह प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा 90 मेधावी छात्रों को पदक समेत 234 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि तथा 3 को डीलिट जबकि 7 को नकद पुरस्कार तथा 16 हजार 183 स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय ने इस वर्ष शोध कार्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की है साथ ही पटवाडांगर स्थित भूमि अब विश्वविद्यालय के नाम दर्ज हो चुकी है जहाँ विश्वविद्यालय का तीसरा परिसर स्थापित किया जाएगा। प्रो. रावत के मुताबिक राष्ट्रपति का आगमन कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के लिए गौरव का क्षण है और यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्पद होगा। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के लिए तैयारी तेजी से की जा रही हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान विवि के वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी समेत कुल सचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल, भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. संजय पंत, पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी आदि मौजूद रहे।

### पर्यटक की मौत

**नैनीताल।** महाराष्ट्र से नैनीताल घूमने आए पर्यटक की हृदयघात से मौत होने का मामला सामने आया है। पंचनामे के बाद पुलिस पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र निवासी 45 वर्षीय स्वप्निल अपने परिवार के साथ घूमने के लिए नैनीताल आये थे। रविवार की शाम को वह अपने परिजनों के साथ जू घूमने गया था। जू में घूमने के बाद वह वापस लौट रहा था इस दौरान वह बेहोश होकर गिर गया। आनन फानन में उसके परिजन राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल ले आये जहां डाकटरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टमटा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण हृदयघात माना जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल पाएगा।

# डकैती के चार आरोपी बरी

## हाईकोर्ट ने अपर सत्र न्यायाधीश खटीमा के फैसले को रद्द किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने हथियारों के बल पर डकैती करने के 4 आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश खटीमा के फैसले को रद्द करते हुए इन सभी को आरोपों से बरी कर दिया है। आरोपी धर्मेंद्र कुमार उर्फ समीर मलिक व इससे जुड़ी तीन अन्य अपीलों की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति आशीष नैथानी ने उधम सिंह नगरए खटीमा के अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा 24 फरवरी 2021 को पारित दोषसिद्धि और सजा के आदेशों को निरस्त कर दिया गया है। अपीलों में दोषमुक्ति का सबसे बड़ा कारण भारतीय दंड संहिता की धारा 395 (डकैती) के तहत अपराध साबित करने के लिए जरूरी पांच या अधिक व्यक्तियों की अनिवार्य संख्या का अभाव रहा। आईपीसी की धारा 391 के अनुसार डकैती तब होती है जब पांच या अधिक व्यक्ति मिलकर या प्रयास करके लूट करते हैं। अभियोजन पक्ष ने केवल चार अभियुक्तों धर्मेंद्र कुमार उर्फ समीर मलिक, मनमत राय, संजीव मजूमदार और प्रदीप कुमार उर्फ कालिया के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया और उनका विचारण किया गया। न्यायालय ने पाया कि पांचवें व्यक्ति की उपस्थिति या संलिप्तता स्थापित करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके कारण डकैती के अपराध का आधार ही समाप्त हो जाता है। इसके अलावा धमकी देने का कारण, स्वतंत्र गवाहों के अभाव तथा एफआईआर दर्ज करने में हुई देरी भी इन आरोपियों के बरी होने का कारण बना।

### डकैती के आरोपी नितिन को जमानत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रानीपुर (हरिद्वार) में ज्वैलरी की दुकान में हुई डकैती के आरोपी नितिन को जमानत दे दी है। वह दो साल से जेल में बंद था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई। हरिद्वार के रानीपुर थाने में 8 जून 2022 को शिकायतकर्ता (एक जौहरी) की दुकान पर कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था जिसमें नितिन भी आरोपी था, जिसकी जमानत अर्जी की सुनवाई में कोर्ट ने माना कि चार्जशीट दाखिल होने और आरोप तय होने के बाद परिस्थिति में बदलाव आया है । सुप्रीम कोर्ट के फैसले संजय चंद्रा बनाम सीबीआई (2012) एससीसी 40 को आधार बनाते हुए कोर्ट ने कहा कि स्वतंत्रता नियम है और हिरासत अपवाद। इसके अलावा आरोपी दो साल से अधिक समय से जेल में है जबकि मुकदमे की सुनवाई में प्रगति धीमी है। लंबी विचाराधीन कैद को व्यक्तिगत स्वतंत्रता (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन माना गया। इसके अलावा आरोपी की पहचान का अभाव होने व अन्य आरोपियों को पूर्व में जमानत मिलना भी नितिन की जमानत का आधार बना।

# जानलेवा हमले के दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जान लेवा हमला करने के प्रयास में एक व्यक्ति की आंख फोड़ने के आरोपी नूर आलम और शहजाद को जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा कि अपराध की गंभीरताए पीड़ित को लगी स्थायी और अपरिवर्तनीय चोट (बाएं आंख की रोशनी का पूरी तरह चले जाना) और प्रथम दृष्टया मजबूत साक्ष्य के चलते आरोपियों को इस स्तर पर जमानत नहीं दी जा सकती। शिकायतकर्ता तनवीर ने 24 मार्च 2024 को कांडा बागेश्वर थाने में रिपोर्ट लिखाई कि काम के दौरान साइट पर हुए झगड़े के बाद ठेकेदार शाहिद अहमद ने उन्हें गाली दी और अपने मजदूरों को उन पर हमला करने का निर्देश दिया। इसी निर्देश के बाद नूर आलम और शहजाद समेत अन्य लोगों ने लाठीए लोहे की रॉड और चाकू से उन पर हमला कियाए जिससे उनकी बाईं आंख में गंभीर चोट लगी और अंततः सर्जरी से आंख निकालनी पड़ी।

# ठंड के चलते बढ़ रहा बच्चों में सर्दी, जुकाम व बुखार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल ।** नैनीताल में ठंड शुरू होते ही बच्चे बीमार पड़ने लगते हैं। इन दिनों भी ठंड के चलते बच्चे सर्दी जुखाम व खांसी से ज्यादा परेशान हो रहे हैं। जिसके चलते लगभग 70 बच्चे प्रतिदिन राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। बता दें कि जिला अस्पताल में बदलते मौसम से बच्चे बीमार होकर अस्पताल पहुंचने लगे हैं जिसके चलते रोजाना अस्पताल में भीड़ लग रही है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. रविंद्र सिंह मेर ने बताया कि ठंड बढ़ने के चलते इन दिनों सर्दी तथा जुकाम व बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं जिसमें छोटे बच्चों की संखया ज्यादा है। इन दिनों अस्पताल में लगभग 70 बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। जिसमें लगभग 50 बच्चे सर्दी व जुखाम व बुखार से परेशान हैं। बताया कि बच्चों को उपचार के साथ उनके परिजनों को बच्चों को ठंड से बचाने की राय दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बच्चों को ठंड से बचाना जरूरी है। घर से बाहर निकलने से बहले बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर जरूर भेजें। डाकटरी सलाह के बिना बच्चों को कोई भी क्फ सीरप न दें।

# हिमालयन इकोस का आयोजन 1 नवंबर से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में एक बार फिर साहित्य, कला और संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि कुमाऊं फेस्टिवल ऑफ लिटरेचर एंड आर्ट्स (हिमालयन इकोस) का आयोजन इस वर्ष उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से 1 तथा 2 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से और हेरिटेज अबॉट्सफोर्ड एस्टेट (प्रसादा भवन) की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में होगा। फेस्टिवल अपनी 10वीं वर्षगांठ मना रहा है और अब यह पूरे हिमालय क्षेत्र का एक प्रमुख सांस्कृतिक मंच बन चुका है। इसमें भारत, नेपाल व भूटान सहित हिमालयी देशों के लेखक, कलाकार व पर्यावरणविद् तथा नीति-निर्माता और शोधकर्ता भाग लेंगे। फेस्टिवल हिमालय की सांस्कृतिक और पारिस्थितिक विरासत को संरक्षित करना और स्थानीय आवाजों को वैश्विक मंच देना है। फेस्टिवल में देश-विदेश के नामचीन लेखक, कलाकार, संगीतज्ञ और पर्यावरणविद भाग लेंगे। संस्थापक जान्हवी प्रसादा ने बताया की हिमालयन इकोज वह स्थान है जहाँ पहाड़ खुद हमारे कहानीकार बन जाते हैं। यहां की आवाजे याद दिलाती हैं कि संस्कृति, प्रकृति और समुदाय एक-दूसरे से अभिन्न हैं। हर साझा कहानी हमारे पहाड़ों को जीवित रखती है।



फेस्टिवल को क्षेत्र से गहराई से जुड़े स्थानीय टीम में अंकिता सिंघल फेस्टिवल एग्जीयूटिव प्रोड्यूसर कीवा सिंह, फाउंडर एमवीएफ शिवेश्वर सिंह , निखिल आनादि सिंह लोकल आउटरेच और पाखी पांडे रिसर्च स्कॉलर कुमाऊँ यूनिवर्सिटी हैं। लेखन और पर्यावरणीय सृजनशीलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए हिमालयन इकोस नेचर प्राइज से स्टेपहेन अल्टर को समानित किया गया वही जान्हवी प्रसादा की पुस्तक नैनीताल: श्री मेमोरीए स्टोरीज-हिस्ट्रीज में नैनीताल की ऐतिहासिक स्मृतियों का जीवंत चित्रण है जिसे लॉन्च किया जाएगा। फेस्टिवल में कई स्पीकर परफारमेंस करेंगे।

# कांग्रेस नेता की शिकायत लेकर थाने पहुंचे कांग्रेसी

## 'हिन्दुस्तान में रहना है तो औकात में रहो' टिप्पणी ने तूल पकड़ा

- बनभूलपुरा के कांग्रेसियों में नाराज़गी का गुबार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामनगर के बेलपड़ाव में मीट को लेकर हुए विवाद पर फेसबुक के माध्यम से अफवाह फैलाने के साथ ही हल्द्वानी के एक कांग्रेसी ने समुदाय विशेष पर 'हिन्दुस्तान में रहना है तो औकात में रहो' रहने की टिप्पणी कर दी। मामला तूल पकड़ गया है। अब कांग्रेसियों ने ही इस कांग्रेस नेता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मामला पुलिस तक तक भी जा पहुंचा और कांग्रेसियों ने बनभूलपुरा थाने में लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। मामला सोशल मीडिया पर भी सुर्खियों में है। या यूं कहें कि सोशल मीडिया से ही सुर्खियों में आया। साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश का भी आरोप इस कांग्रेस नेता पर लगा है। हल्द्वानी के बनभूलपुरा के सैकड़ों लोगों ने उक्त कांग्रेस नेता के कमेंट पर आपत्ति जताई है और इसकी निंदा कर रहे हैं। यहां आपको यह भी बता दें कि उक्त कांग्रेस नेता को जब-जब अपनी राजनीति चमकाने के लिए भीड़ का सहारा चाहिए होता है तो मुस्लिम नौजवान ही उसका ज्यादा साथ देते आए हैं, लेकिन अब उन्हीं पर घृणित टिप्पणी करने से लोग न सिर्फ आहत हैं बल्कि गुस्से में भी हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों रामनगर के बेलपड़ाव में मीट की गाड़ी को रोककर हिन्दुवादी संगठनों के लोगों ने मीट को गौमांस मानकर गाड़ी चालक को पीट दिया था और पुलिस से भी झड़प हुई थी। इसी मामले को लेकर हल्द्वानी के राजपुरा निवासी एक कांग्रेस नेता ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट डाली और दावा किया कि मीट गौमांस है। इसी पोस्ट में इस कांग्रेसी ने एक कमेंट किया और लिखा कि 'हिन्दुस्तान में रहना है तो औकात में रहो'। इस बात पर अब बनभूलपुरा के लोग नाराज़ हैं और इस कांग्रेस नेता पर सोशल मीडिया पर 'हमलों' की बौछार हो रही है। इन्हीं में से कई कांग्रेस नेता भी हैं। जिन्होने एक लिखित शिकायत उक्त कांग्रेस नेता के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में दी है। वहीं एक बात और काबिलेगौर है कि उक्त कांग्रेस नेता को शहर विधायक का 'चहेता' होने का तमगा भी लोग सोशल मीडिया पर दे रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब-जब उक्त कांग्रेस नेता को अपनी राजनीति चमकाने की ज़रूरत होती है तो भीड़ के रूप में बनभूलपुरा के कई नौजवानों का सहारा चाहिए होता है। लेकिन इस तरह की फेसबुक पोस्ट के सामने आने के बाद लोगों का कहना है कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि ऐसी घृणित मानसिकता का व्यक्ति कांग्रेस पार्टी में है। और उन्हें इस बात का भी अफसोस है कि वो अब तक इस शख्स पर आंख बंद कर विश्वास जताते आए हैं। बनभूलपुरा थाने में जिन लोगों ने उक्त कांग्रेस नेता की शिकायत सौंपी है उनमें कई कांग्रेस के पुराने चेहरे हैं। बनभूलपुरा में कांग्रेस का पक्ष रखने वाले यह मज़बूत चेहरे आज अपनी ही पार्टी के एक नेता के खिलाफ थाने में खड़े दिखे। कांग्रेस से इस नेता के निष्कासन की भी मांग उठ रही है।

# सहनशीलता, दोस्ती और छोड़ देने में शांति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** माउंट थरंग द्वितीय (6025 मीटर), हिमाचल प्रदेश के मियार घाटी में स्थित एक कठिन पर्वत,

- हिमालयी अभियान के साहस और विनम्रता की कहानी



जिसकी चोटी पर चढ़ने का सपना लेकर चार पर्वतारोही 5 अक्टूबर को निकल पड़े थे। अभियान का नेतृत्व कर रहे सुभजीत बनर्जी और उनके साथी अरुण नंदा, ममता जोशी और निशांत जनकी ने कई दिनों तक संघर्ष किया। लेकिन जैसे-जैसे वे शिखर के पास पहुंचते गए, मौसम ने अपनी पूरी ताकत दिखा दी और उन्हें वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया। 5 अक्टूबर को जब वे कैंप 1 पर थे, अचानक एक पश्चिमी विक्षोभ ने बर्फीले तूफान को जन्म दिया। तेज हवाओं और बर्फ के कारण रास्ता नजर नहीं आ रहा था। तापमान 13 डिग्री तक गिर गया। उनका खाना, ईंधन सब बर्फ में दब गया, और कपड़े भीग गए। पानी की बोतलें बर्फ में बदल गईं। तीन दिन तक वे उसी तूफान में फंसे रहे, ठंडे, भूखे, और अनिश्चितता में। हर रात यही सवाल उठता, आगे बढ़ें या लौट जाएं? अपने सभी प्रयासों और साहस के बावजूद, 6 अक्टूबर को टीम ने पीछे लौटने का निर्णय लिया। 7-8 घंटे तक बर्फीले तूफान और तेज हवाओं का सामना करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। पर्वतारोही के लिए यह सबसे कठिन निर्णय होता है जब शिखर पास हो, फिर भी लौटना पड़े। लेकिन इस वापसी को हार नहीं, बल्कि सम्मान माना गया। यह पर्वत के प्रति, जीवन के प्रति, और उन लोगों के प्रति सम्मान था, जो उनकी सुरक्षित वापसी का इंतजार कर रहे थे। इसी के बीच, टीम को 2.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य के पर्वतारोहण उपकरण छोड़ने पड़े, जो सुरक्षा के लिए एक जरूरी निर्णय था। यह एक कठिन, लेकिन साहसिक कदम था। पर्वत ने उन्हें विनम्रता की शिक्षा दी, और उन्होंने साहस के साथ उसे स्वीकार किया। इस यात्रा ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। पर्वत सफलता को शिखर से नहीं मापते। वे हमें धैर्य, लचीलापन और दृष्टिकोण सिखाते हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि हम कितने छोटे हैं, और जब प्रकृति हमें परखती है, तो हम कितने मजबूत हो सकते हैं। टीम शिखर तक नहीं पहुंच पाई, लेकिन वे एक और महत्वपूर्ण जीत लेकर लौटे। सहनशीलता, दोस्ती और छोड़ देने में शांति। शिखर इंतजार करेगा, लेकिन ये अनुभव जीवनभर उनके साथ रहेंगे। टीम ने अपने प्रायोजकों महिंद्रा कुमार ऑटोव्हील्स प्रा. लि., एनवॉय और बेसिफाई का दिल से धन्यवाद किया। जिन्होंने उनके सपने को हकीकत में बदलने का अवसर दिया।

# फौजिया की पीएचडी मौखिक परीक्षा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शोध छात्रा फौज़िया की पीएचडी मौखिक परीक्षा संपन्न हुई। उन्होंने अपना शोध कार्य वाणिज्य विभाग राजकीय महाविद्यालय बाजपुर के डा. मनप्रीत सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया। फौज़िया की मौखिकी परीक्षा वाणिज्य संकाय डीएसबी परिसर नैनीताल में सम्पन्न हुई। उनकी मौखिक परीक्षा अलीगढ़ मुस्लिम विवि के प्रोफेसर एसएम इमामुल हक द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ली गई। फौज़िया ने डॉक्टरेट की उपाधि का श्रेय अपने पिता शमीम अहमद और अपनी माता तबस्सुम को भी दिया है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के सहयोग के बिना थीसिस का काम पूरा करना संभव नहीं था। इस मौके पर प्रोफेसर अतुल जोशी, डा. मनप्रीत, डा. आरती पंत, डा. विजय कुमार, डा. ममता जोशी, डा. विनोद जोशी, डा. निधि वर्मा, डा. जीवन उपाध्याय, डा. हिमानी जलाल, डा. पूजा जोशी, डा. तेज प्रकाश, डा. रितिशा शर्मा, डा. गौतम रावत, डा. मैराज, डा. ताबिश ने उन्हें बधाई दी।



# निबंध के विजेता हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के मेधावी छात्र-छात्राओं की ओर से नैनीताल समाचार द्वारा आयोजित आन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और चल वैजयंती ट्रॉफी मिलने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। संस्था के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता द्वारा बताया कि विगत कई वर्षो से भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं नैनीताल समाचार द्वारा आयोजित ऑन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि इस वर्ष निबंध प्रतियोगिता की चल वैजयंती भी भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने हासिल की है।प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग का शीर्षक युवाओं में नशे का चलन था। इसमें 12वीं की छात्रा सुनैना ने सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया जबकि 12वीं की काव्या जोशी ने उत्कृष्ट स्थान वहीं कृतिका बिष्ट ने विशेष स्थान प्राप्त किया जबकि 11 वीं कक्षा की छात्रा रिया बरगली ने सराहनीय स्थान प्राप्त किया। मध्यम वर्ग में निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक आपदा के जिमेदार कौन विषयक प्रतियोगिता में कक्षा 9 के हर्षित अधिकारी ने सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया जबकि सुलेख में कक्षा 9 के हितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में शीर्षक रेड अलर्ट छुट्टी सजा या मजा में कक्षा 6 की छात्रा कुमारी चंपा मेहरा ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 6 के ही हर्षित जोशी ने सुलेख में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश समेत डीएसबी कैंपस की निदेशक प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने इन बच्चों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।



# एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर

**दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

- **शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदक जीते**

**रांची, वार्ता।** चौथी दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। वहीं श्रीलंका 16 स्वर्ण, 14 रजत और 10 कांस्य पदकों सहित कुल 40 पदकों के साथ दूसरे तथा दो रजत और चार कांस्य पदक के साथ नेपाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

चैंपियनशिप के तीसरे और आखिरी दिन रविवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन देखने को मिले और अनेक नए मीट रिकॉर्ड बने। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत के रुचित मोरी ने 50:10 सेकंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। कूडा लियानगे अयोमा (श्रीलंका) ने रजत और कर्ण बाग (भारत) ने कांस्य जीता। महिला 400 मीटर बाधा दौड़: श्रीलंका की केएच अराच्चिगे दासुन ने 58:66 सेकंड का नया मीट रिकॉर्ड बनाया। अराल लोकू (श्रीलंका) को रजत और ओलिम्बा स्टेफी (भारत) को कांस्य मिला।

**पुरुष भाला फेंक:** श्रीलंका के पथिराजे रुमेस ने 84.29 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता, जबकि रनसिघे जगत (श्रीलंका) और उत्तम पाटिल (भारत) ने क्रमश: रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष लंबी कूद:** भारत के मोहम्मद साजिद ने 7.68 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उनागोला यस्वेस्मी (श्रीलंका) को रजत व सरुण (भारत) को कांस्य मिला।

**महिला ऊंची कूद:** भारत की रीत राठौर ने 1.76 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। गामगे रानिदी (श्रीलंका) ने रजत और सुप्रिया (भारत) ने कांस्य प्राप्त किया। महिला भाला फेंक: श्रीलंका की हाताराबागे लेका नादेका ने 60.14 मीटर का नया मीट रिकॉर्ड बनाया, जिससे उन्होंने 2008 में बने 51.70 मीटर के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। भारत की करिश्मा सनील ने रजत और दीपिका ने कांस्य पदक जीता।

**पुरुष 10 हजार मी. दौड़:** भारत के अभिषेक ने 30:29:46 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। राजन रोकाया (नेपाल) ने रजत और प्रिस कुमार (भारत) ने कांस्य जीता।

**पुरुष हैमर थ्रो:** भारत के दमनीत सिंह ने 66.99 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। आशीष जाखड़ (भारत) ने रजत और केके दामिथ मद धार (श्रीलंका) ने कांस्य प्राप्त किया।

**महिला 800 मीटर दौड़:** भारत की अमनदीप कौर ने 2:04:66 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। कोदिथुवक्कु तक्शी (श्रीलंका) और थोटा संकीर्तन (भारत) ने क्रमश: रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष 800 मीटर दौड़:** श्रीलंका के डीएम हर्षा एस करुणा ने 1:51:96 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। सोम बहादुर कुमाल (नेपाल) ने रजत और मोपाली वेंकटराम रेड्डी (भारत) ने कांस्य जीता।

**महिला 200 मीटर दौड़:** श्रीलंका की मोहम्मद यामिक फातिमा ने 23:58 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। भारत की साक्षी चव्हाण (23:91 सेकंड) ने रजत और नीरू पाठक (24:06 सेकंड) ने कांस्य जीता।

**पुरुष 4X400 मीटर रिले:** श्रीलंका ने 3:05:12 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 3:05:38 मिनट में रजत और बंगलादेश ने 3:15:00 मिनट में कांस्य पदक हासिल किया।

**महिला 4X400 मीटर रिले::** भारत की महिला टीम ने 3:34:70 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका (3:35:71) ने रजत और बंगलादेश (3:55:63) ने कांस्य जीता।

पदक तालिका में बंगलादेश ने (तीन कांस्य), मालदीव ने (एक कांस्य) और भूटान (कोई पदक नहीं) क्रमश: चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे।

# श्रेयस अय्यर की पसलियों में चोट सिडनी के अस्पताल में भर्ती

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में चोट लगने के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है।

सोमवार सुबह बीसीसीआई)0 ने एक्स पर जारी एक बयान कहा कि श्रेयस अय्यर को 25 अक्तूबर को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान बाईं पसलियों के पास चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि स्कैन में पता चला है कि अय्यर की प्लीहा में लकीरनुमा चोट आई है। उनका इलाज जारी है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई का चिकित्सक दल सिडनी और भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मिलकर अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है। भारतीय टीम के डॉक्टर सिडनी में ही रहेंगे ताकि श्रेयस की रोजाना की स्थिति का मूल्यांकन कर सकें। अय्यर को यह चोट क्षेत्ररक्षण के दौरान उस समय लगी, जब उन्होंने एलेक्स कैरी को आउट करने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाकर एक शानदार कैच लेने का प्रयास किया।

## कार्यालय नगर निगम रूडकी, जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांकः-959 /सूचना/नाम परि0/कर-अनु0/न0नि0रूड़की /2025-26 दिनांक-25 /10/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक/ क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो मे दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 97, बी0टी0 गंज का जुज भाग | श्री अजय लूथरा पुत्र श्री राजकुमार लूथरा | श्री रवि लूथरा पुत्र राज कुमार लूथरा | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 02 | 312, सिविल लाईन | श्री प्रीतम लाल मल्होत्रा व श्री ललित कुमार मल्होत्रा व श्री उमेश कुमार मल्होत्रा पुत्रगण स्व0 श्री जगदीश प्रसाद मल्होत्रा | श्रीमती दुलारी मल्होत्रा पत्नि स्व0 श्री जे0एल0 मल्होत्रा | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, वसीयत |
| 03 | 96, मौ0 सोत | श्रीमती रियाज फातिमा पत्नि श्री इम्तियाज अहमद | श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री जोहर सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 04 | 320, मौ0 शेखपुरी | श्री तरूण कर्णवाल पुत्र स्व0 श्री लक्ष्मी चन्द | श्रीमती सुदेश देवी पत्नि श्री लक्ष्मी चन्द | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिकसत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 05 | 540, पूर्वावल्ली | श्री सुरेश धीमान पुत्र श्री प्रकाश चन्द धीमान, श्री सुदेश कुमार पुत्र प्रकाश चन्द धीमान, श्री राकेश धीमान पुत्र श्री प्रकाश चन्द धीमान श्रीमती उषा धीमान पत्नि श्री सुभाष धीमान | श्री दाताराम पुत्र श्री फकीर चन्द, | शपथ-पत्र, मा0 न्यायालय के आदेश |
| 06 | 229, मौ0 मलकपुर | श्री मसूद अहमद पुत्र श्री महबूब अहमद | श्री श्याम लाल मित्तल पुत्र श्री सागर मित्तल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 07 | 489(3) अ0ता0पूर्वी | श्रीमती शालू सचदेवा पत्नि संजीव सचदेवा | श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद | मुख्तयारे आम, विक्रय-पत्र |
| 08 | 671, मौ0 सत्ती | श्रीमती सुषमा पत्नि श्री प्रीतम सिंह, श्रीमती अनुपमा पत्नि श्री सुशील कुमार, श्रीमती संजीव पुत्र रघुवीर सिंह | श्रीमती स्वर्णा देवी पत्नि श्री राम नारायण मेहता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 09 | 80, अ0ता0पूर्वी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र महावीर प्रसाद | श्रीमती रंजना पत्नि श्री महावीर प्रसाद | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 10 | 105, अ0ता0पूर्वी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र महावीर प्रसाद | श्रीमती रंजना पत्नि श्री महावीर प्रसाद | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 11 | 225 का जुज भाग मौ0 रामनगर, | श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र स्व0 श्री चॉदीराम | श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र स्व0 श्री गिरी भूषण शर्मा | शपथ-पत्र, दान-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 12 | 124(12), राजपूताना पूर्वी | श्री शमशाद व श्री इरशाद पुत्रगण मौहम्मद यामीन | श्री प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर प्रसाद | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 13 | 78, अ0ता0 पूर्वी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद | श्रीमती रंजना पत्नि श्री महावीर प्रसाद | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 14 | 25ए, अ0ता0 पश्चिमी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद | श्रीमती रंजना पत्नि श्री महावीर प्रसाद | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 15 | 123, पूर्वावल्ली | श्री विनय सरोहा पुत्र स्व0 श्री विजय पाल | श्री सुखबीर सिंह पुत्र मामराज | मृत्यु प्रमाण-पत्र, वसीयत |
| 16 | 38, मौ0 गणेशपुर | श्रीमती शालिनी शर्मा पत्नि श्री अमित शर्मा | श्रीमती सरोज देवी पत्नि श्री आनन्द कुमार शर्मा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 17 | 20, मौ0 रामनगर | श्रीमती सावित्री देवी पत्नि डा0 भोपाल सिंह श्री अक्षय कुमार पुत्र स्व0 डा0 भोपाल सिंह | डा0 भोपाल सिंह पुत्र श्री मलखान सिंह | शपथ-पत्र मृत्यु प्रमाण-पत्र, वसीयत |
| 18 | 846, मौ0 रामनगर | श्रीमती रोहिनी मित्तल पत्नी नीरज मित्तल | श्रीमती मनीषा मित्तल पत्नी श्री पंकज कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 19 | 83, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्रीमती कमला देवी पत्नि स्व0 अशोक कुमार श्री अजय कुमार पुत्र स्व0 अशोक कुमार | श्रीमती सोना देवी पत्नि स्व0 श्री जय प्रकाश | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 20 | 794, मौ0 गणेशपुर | श्री राजीव त्यागी पुत्र घनश्याम सिंह त्यागी | श्रीमती पावित्रा देवी पत्नि श्री घनश्याम सिंह त्यागी | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 21 | 1544/2, गणेशपुर | श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री सुभाष सैनी | श्री रघुराज सिंह पुत्र श्री कृष्णपाल सिंह | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, वसीयत, विक्रय-पत्र |
| 22 | 62, मौ0 आदर्शनगर | प्रो0 ब्रिजेश कुमार यादव पुत्र उमराव कुमार | श्रीमती सोमवती देवी पत्नि श्री ब्रज कुमार कुश | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 23 | 1322, अ0ता0पश्चि0 | श्रीमती दिपाली सिंघल पत्नि राजीव सिंघल | श्रीमती रानी गुप्ता पत्नि स्व0 श्री विजय गुप्ता | मुख्तयारे-आम, विक्रय-पत्र |
| 24 | 305, पूर्वीदीनदयाल | श्रीमती प्रीती संगल पत्नि श्री शिशिर संगल | श्री शरद संगल पुत्र स्व0 आलोक कुमार संगल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 25 | 216, मौ0 मलकपुर | श्रीमती प्रीती कश्यप पत्नि प्रदीप कुमार | श्रीमती गीता शर्मा पत्नि श्री जय प्रकाश शर्मा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 26 | 981, पुरानी तहसील | श्री चरण सिंह व श्री त्रिलोक चन्द पुत्रगण श्री संदल सिंह | श्रीमती चम्पा देवी पत्नि श्री मंगू धोबी | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 27 | 1000 पुरानी तहसील | श्रीमती नेहा पुत्री स्व0 श्रवण कुमार पत्नि श्री | (अध्यासी) श्रवण कुमार पुत्र श्री श्याम | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 28 | 227, मौ0 सोत | श्री सुदेश चन्द जैन पुत्र स्व0 श्री पूणचन्द, श्रीमती सविता जैन पत्नी स्व0 श्री दिनेश जैन पुत्रवधु स्व0 पूर्णचन्द जैन व श्री आयूष जैन पुत्र स्व0 श्री दिनेश जैन पोत्र स्व0 श्री पूर्ण चन्द जैन व श्री मणिक जैन व श्री आकाश जैन पुत्रगण स्व0 उमेश जैन पौत्र स्व0 श्री पूर्ण चन्द जैन | श्री पूर्णचन्द जैन पुत्र श्री फकीर चन्द जैन | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, परिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र |
| 29 | 186, कानूगोयान | श्री दिगम्बर जैन समाज (रजि0) रूड़की अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन पुत्र श्री जय प्रकाश जैन व मंत्री श्री अवनीश कुमार जैन पुत्र स्व0 श्री श्रेंयाश कुमार जैन | श्री विमल प्रसाद जैन पुत्र श्री सूरजा मल | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण-पत्र, दान-पत्र |
| 30 | 620, माहीग्रान | श्रीमती साजिया पत्नी मौ0 मोहसीन | श्री रहीमुददीन पुत्र श्री इमामुददीन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 31 | 412, नेहरूनगर | श्री जतिन पुत्र श्री बलवन्त सिंह | श्रीमती प्रियंवदा पत्नि श्री बलवन्त सिंह | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 32 | 300, चावमण्डी | श्री विकास कुमार गर्ग पुत्र मोहन लाल गर्ग | श्रीमती कुसुम लता त्यागी पत्नि नरेश कुमार त्यागी | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 33 | 12, चावमण्डी का जुज भाग | श्रीमती अनिता पुत्री श्री केशवराम पत्नि श्री यशपाल सिंह | श्री सत्य प्रकाश व श्री विरेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व0 श्री केशोराम | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 34 | 489, मौ0 पूर्वावल्ली | श्रीमती पूनम देवी पत्नी श्री धर्मेन्द्र सैनी | श्री अशोक कुमार सैनी पुत्र ब्रहम सिंह सैनी | मृत्यु प्रमाण-पत्र, वसीयत |
| 35 | 921/2ए, माहीग्रान | श्रीमती आयशा रानी पत्नी श्री जुबैर | श्री गुलफाम पुत्र मौ0 अनवर | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 36 | 467, आवासविकास | श्रीमती मंजू पत्नि श्री नवीन कुमार | श्रीमती सन्तोष मित्तल पत्नी सत्य प्रकाश मित्तल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 37 | 757, माहीग्रान | मौ0 वकील पुत्र मौ0 असगर | श्री फरीद पुत्र श्री शमीम अहमद | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 38 | 927/2बी/2, आदर्शनगर | श्रीमती सुरभि देवी पत्नी श्री अनूप गोयल | श्री विपिन कुमार मित्तल पुत्र सोम प्रकाश मित्तल श्रीमती सोनिया मित्तल पत्नी श्री विपिन कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 39 | 215, का जुज भाग अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 श्री नन्द किशोर | श्रीमती कैलाशवती पत्नी स्व0 श्री नन्द किशोर | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, वसीयत |
| 40 | 985, माहीग्रान | श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी सुन्दर लाल मित्तल श्रीमती अल्का मित्तल पत्नी सन्दीप मित्तल श्रीमती रजनी गोयल पत्नी श्री राजीव गोयल | श्री विरेन्द्र कुमार पुत्र श्री कैदारनाथ | शपथ-पत्र, दान-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 41 | 1201, माहीग्रान | श्री रोविन्द्र कुमार पुत्र श्री अमोलकराम व श्रीमती सरिता पत्नी श्री रोविन्द्र कुमार | श्री देवीचन्द सैनी पुत्र श्री रामदिया | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |

कर-लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर-अधीक्षक
नगर निगम रूडकी

## कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांकः- 959/सूचना/नामपरि0/कर-अनु0/न0नि0रूड़की /2025-26 दिनांक : 25/10/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 130, बी.टी.गंज | श्री अनिल कुमार जैन पुत्र श्री नेम चन्द जैन | श्री मित्र जैन पुत्र सरदार सिंह जैन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 2 | 1082, माहिग्रान | श्री सलीम अहमद पुत्र अतहर हसन | (अध्यासी) श्री गुफरान पुत्र श्री बषीर | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 3 | 516, पूर्वावल्ली | श्रीमति नितिका शर्मा पत्नि स्व0 श्री राहुल शर्मा व नाबालिक श्री रोहन शर्मा व श्री रणविजय शर्मा पुत्रगण स्व0 श्री राहुल शर्मा संरक्षिका माता श्रीमति नितिका शर्मा | श्री राहुल शर्मा पुत्र स्व0 श्री रमेश चन्द शर्मा | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 4 | 708, पूर्वावल्ली | श्री शोभित अग्रवाल पुत्र श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल | श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द अग्रवाल | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 5 | 1531(1), अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 गिरधारी लाल तनेजा | श्री पंकज सरीन व अंकुर सरीन व मनोज सरीन पुत्रगण स्व0 हरीश सरीन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 6 | 441, चावमण्डी | श्रीमति रूपा देवी पत्नि श्री जितेन्द्र कुमार | श्रीमति लीला वती पत्नि स्व0 ज्योति प्रसाद व सुनीता गोस्वामी पत्नि संजय गोस्वामी | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 7 | 299, रामनगर | श्री शरद मंगल पुत्र श्री शशी मोहन मंगल | श्री ओम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री चरणजीत सिंह व राजेन्द्र कुमार शर्मा व दिनेश शर्मा पुत्र स्व0 ओम प्रकाश शर्मा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 8 | 726/1, रामनगर के जुज भाग | श्रीमति सुजाता मेंदीरत्ता पत्नि श्री सुनील कुमार मेंदीरत्ता व गौरव मेंदीरत्ता पुत्र श्री सुनील कुमार मेंदीरत्ता | श्री शरद मंगल पुत्र श्री शशी मोहन मंगल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 9 | 726/1, रामनगर के जुज भाग | श्रीमति रजनी मेंदीरत्ता पत्नि श्री नरेश कुमार मेंदीरत्ता | श्री शरद मंगल पुत्र श्री शशी मोहन मंगल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 10 | 747/22ए, सत्ती | मौ0 साकिब पुत्र श्री मोहतसीम | श्रीमति अमीर जहॉ पत्नि श्री मोहतसीम | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 11 | 354/2, अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति वीनू पत्नि श्री केवल कृष्ण | श्रीमति पूनम आहुजा पत्नि स्व0 श्री सुरेश चन्द आहुजा | शपथ-पत्र, अन्तरण-पत्र |
| 12 | 298/2, मलकपुर | श्रीमति चारू वर्मा पत्नि श्री सूरज पंडित व सूरज पंडित पुत्र श्री दीपक शर्मा | श्रीमति भारती अरोरा पत्नि श्री अनिल अरोरा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 13 | 242, कानूगोयान | श्रीमति रेनू चांदना पत्नि श्री सतपाल चांदना | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री तुलसीदास | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 14 | 109, पठानपुरा | श्रीमति हुसन जहॉ पत्नि श्री जुल्फुकार | मौ0 सलीम खॉ पुत्र अमानुल्ला खान | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 15 | 790/1ए, पूर्वावल्ली | श्री राहुल कुमार पुत्र स्व0 सियाराम | श्रीमति चन्द्रवती पत्नि स्व0 सियाराम | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 16 | 321, पूर्वावल्ली | श्री यशवीर सिंह पुत्र स्व0 रामपाल सिंह | श्री रामपाल सिंह पुत्र धर्म सिंह व श्रीमति सत्यवती पत्नि श्री रामपाल सिंह | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 17 | 926/6ए, आदर्शनगर | श्रीमति राजमाला पत्नि श्री अशोक कुमार | श्रीमति सुरूचि रानी पत्नि श्री अनुज कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 18 | 235, अ0ता0 पश्चिमी | श्री रवि कुमार पुत्र स्व0 राम स्वरूप | श्रीमति सलोचन पत्नि स्व0 राम स्वरूप | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 19 | 1025/1, सिविल लाईन | श्रीमति निधि सिंह पत्नि श्री ब्रिगेडियर करूण प्रताप सिंह | श्रीमति सरोज रोशियान पत्नि श्री प्रशान्त रोशियान व श्रीमति अनिता सिंह पत्नि ब्रहमपाल सिंह व श्रीमति रेखा सिंह पत्नि श्री कृणपाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 20 | 414(1), नेहरूनगर | श्रीमति मेहनाज रेहमान पत्नि श्री अहमद नवेद पुत्री श्री अतीकुर्रहमान | श्री नवीन पुण्डीर पुत्र स्व0 जनक सिंह पुण्डीर व मीनाक्षी पुण्डीर पत्नि स्व0 संजय पुण्डीर | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 21 | 373, मकतूलपुरी | श्री संदीप कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद | श्री रजनीश पाल पुत्र श्री ऋषिपाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 22 | 76(69), सिविल लाईन | श्री एल0 टी0 डी0 ब्रॉन्च रूडकी ब0 श्री अजब सिंह पुत्र श्री मंगत सिंह | श्री एल0 टी0 डी0 ब्रॉन्च रूडकी ब0श्री अजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 आनन्द प्रकाश गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 23 | 694/1, रामनगर | श्री गगन भारद्वाज पुत्र श्री जगदीश भारद्वाज व श्रीमति प्रिया भारद्वाज पत्नि श्री गगन भारद्वाज पुत्री श्री विजय चानना | श्री श्याम सुन्दर पुत्र राजपाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 24 | 501, सिविल लाईन | श्रीमति शीतल वर्मा पत्नि श्री रामकुमार वर्मा | श्री धनप्रकाश पुत्र श्री लच्छीराम | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 25 | 392, रामनगर | श्री अनूप कुमार गोगिया पुत्र नवनीत लाल | श्री नवनीत लाल पुत्र स्व0 साहीब राम | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 26 | 1348, सिविल लाईन | सरदार चरण पाल सिंह व सरदार इन्द्रजीत सिंह व सरदार जगजीत सिंह पुत्रगण स्व0 सरदार तीरथ सिंह | श्री तीर्थ सिंह पुत्र श्री गोकुल सिंह | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 27 | 374(18), सिविल लाईन | (किरायेदारी) श्रीमति अनिता गिरी पत्नि श्री धर्म गिरी व नीरज गिरी पुत्र श्री धर्म गिरी | राय साहब चण्डी प्रसाद ट्रस्ट रूडकी ब0 श्री राकेश कुमार ब0 श्रीमति ईश्वरी देवी | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 28 | 401(1), सिविल लाईन | श्रीमति कंचन वर्मा पत्नि श्री विषाल वर्मा | श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री पृथ्वी सिंह गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 29 | 677, रामनगर | श्री मनमोहन शर्मा पुत्र स्व0 श्री ब्रहम दत्त शर्मा | श्रीमति अविनाश रानी पत्नि स्व0 ब्रहमदत्त शर्मा | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 30 | 990, चावमण्डी | श्रीमति अंकिता प्रिया पत्नि श्री अजय कुमार सिंह | श्रीमति क्षमा गुप्ता पत्नि श्री केशव गुप्ता व केशव गुप्ता पुत्र श्री अमृत लाल गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 31 | 125, आदर्शनगर | श्री पंकज कुमार शर्मा पुत्र सूर्य प्रकाश शर्मा | श्रीमति गुलशन रंजना पत्नि श्री पंकज कुमार शर्मा | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 32 | 1282, सिविल लाईन | श्रीमति मीना कथूरिया पत्नि स्व0 श्री रमेष कथूरिया | श्री विजय मेहता पुत्र स्व0 बिशन दास | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 33 | 18, कानूगोयान | श्रीमति रजनी अग्रवाल पत्नि श्री संतोश कुमार | श्री प्रदीप कुमार कच्छल पुत्र स्व0 श्री आनन्द प्रकाश कच्छल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 34 | 225, सिविल लाईन | श्रीमति रश्मि माहेश्वरी पत्नि श्री पीयुश माहेश्वरी पुत्री श्री महेन्द्र प्रकाश अग्रवाल | श्रीमति अनुराधा गुप्ता पत्नि श्री वेणुगोपाल गुप्ता पुत्री श्री महेन्द्र प्रकाश अग्रवाल | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 35 | 654, गणेशपुर | श्री वरूण राठी पुत्र स्व0 श्री कृपाल सिंह | श्री कृपाल सिंह पुत्र श्री राम सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 36 | 281, आदर्शनगर | श्री सौरभ जैन पुत्र श्री सुखमाल चंद जैन | श्री सत्यदेव शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 37 | 382, अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति प्रेरणा सरीन पुत्री श्री योगेन्द्र पाल सरीन | श्री योगेन्द्र पाल सरीन पुत्र श्री दीना नाथ | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 38 | 271, शेखपुरी | श्री हुसैन अली पुत्र श्री रजब अली | श्री रजब अली पुत्र श्री हुसैन शाह | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 39 | 136, कानूगोयान | श्रीमति फरजाना पत्नि श्री अखलाफ | श्रीमति खुर्शीदा बेगम पत्नि श्री अशफाक | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |

कर-लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर-अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

### लक्सर विधायक ने बुक्कनपुर में किया 90 लाख से बनने वाली सड़क का उद्घाटन

# अवाम व किसान को मिलेगा लाभः शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने बुक्कनपुर में 90 लाख रुपए से बनने वाली सड़क का उद्घाटन करते कहा कि यह सड़क दशकों से खराब पड़ी थी जिस पर जनता का चलन निकालना बिल्कुल नामुमकिन हो गया था रोज हाथ से हो रहे थे लेकिन मेरे से पहले जन्म प्रतिनिधियों ने इस सड़क की और कोई ध्यान नहीं दिया ।

विधायक हाजी शहजाद ने कहा कि इस सड़क की लागत लगभग 90 लाख रुपए है वह पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी के साथ हर वर्ग व क्षेत्र में बुनियादी विकास कर रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि जो भी मेरे द्वारा धरातल पर काम किया जा रहा है । काम किया जा रहा है आम जनता की मांग पर सर्व समाज के कहने से इस सड़क का प्रस्ताव मेरे द्वारा दिया गया था जिसका आज उद्घाटन किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि लगातार हर गांव में बड़े-बड़े जमीनी विकास के काम किए गए हैं बुक्कनपुर में बन रही सड़क का उद्घाटन करने से कई गांव के किसानों को इसका लाभ मिलेगा और



जो काम बचे हुए हैं उनको भी बहुत जल्द पूरी करने की कोशिश करूंगा। शहजाद विधायक ने कहा कि वह जब से लक्सर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तब से ही इस क्षेत्र के बुनियादी समस्याओं को हल करने की ईमानदारी व जिम्मेदारी कोशिश कर रहे हैं जो दशकों से खराब पड़ी हुई सड़के थी उनको प्राथमिकता से कराया जा रहा है वहीं जिन सड़कों से आम जनता को सबसे ज्यादा परेशानी थी उनको भी प्राथमिकता से कराया जा रहा है वहीं किसानों की समस्याओं को भी लगातार हल करने का प्रयास कर रहे हैं । शहजाद विधायक ने कहा कि वह अपने क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख में साथ खड़े हैं चाहे आपदा का मामला हो या किसानों के हितों की रक्षा का सवाल हो वह लगातार उनके लिए के लिए लड़ाई लड़ते रहे हैं वहीं विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी विकास के लिए भी वह पूरी ईमानदारी से हर वर्ग क्षेत्र कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर डॉक्टर नाथीराम डॉक्टर चरण सिंह चंद्रपाल सिंह जावेद खत्री सनी सिंह बसपा युवा नेता सहित दर्जनों मुख्य बसपा के कार्यकर्ता वहां पर मौजूद रहे।

> ❖ विधानसभा क्षेत्र के बुनियादी विकास के लिए पूरी ईमानदारी-जिम्मेदारी से किया जा रहा है विकास
>
> ❖ दशकों से बदहाल पड़ी सड़कों को दी जा रही है पहली प्राथमिकताः विधायक

## मारपीट व जानलेवा हमले के दो आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** शंकरपुरी रूडकी निवासी उमेश कुमार ने कोतवाली रूडकी पर शिकायती प्रार्थना पत्र बाबत युवकों द्वारा शिकायतकर्ता के कार सवार भाई का रास्ता रोककर उसके एवं अन्य साथियों के साथ एकराय होकर लोहे की रॉड व लाठी डण्डो से मारपीट करना व गाडी को तोडफोड कर नुकसान पहुंचाने के संबंध में दी। शिकायत के आधार पर कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 378/25 धारा 109(1)/115(2)/126/190/191(2)/191(3)/324(4) में पंजीकृत किया गया। दर्ज मुकदमें की पड़ताल एवं आरोपी युवकों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने विभिन्न स्तर पर प्रयास कर दिनाँक 26.10.2025 को वारदात में शामिल रहे 02 आरोपित को दबोचने में कामयाबी हासिल की। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात के दौरान इस्तेमाल किया गया वाहन व 03 डण्डे भी बरामद किए। पकड़े गए आरोपित-1. सुमित पुत्र पप्पू निवासी मकदुमपुर थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार 2. राजन पुत्र पप्पू निवासी मकदुमपुर थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार। आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम- 1. प्र 0 निरी मनीष उपाध्याय 2. व0उ0नि0 मनोज गैरोला 3. उप निरी सूरत शर्मा 4. अ0उ0नि0 नरेन्द्र सिह राठी 5. हेकानि0 नूर हसन 6. हेकानि0 संदीप कुमार 7.कानि0 भूपेन्द्र 8. कानि0 राजेश देवरानी शामिल रहे।

## भूमिका ने कबड्डी में गोल्ड मेडल जीतकर किया गांव का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के निरंजनपुर गांव की लड़की ने कबड्डी में गोल्ड मेडल जीत कर अपने गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडलिस्ट भूमिका पुत्री सुरेंद्र कुमार निवासी निरंजनपुर जिला हरिद्वार ने कहा कि मैंने अपने बड़ों के आशीर्वाद से कबड्डी खेलते हुए लगातार मेहनत करते हुए मैं इस मुकाम पर पहुंची हूं। उसने कहा हमारे उत्तराखंड में भी कबड्डी का फील्ड होना चाहिए और सरकार को बच्चों के बारे में खेल नीति बननी चाहिए जिससे बच्चा खेलते हुए अपने गांव व प्रदेश देश मैं खेलते हुए अपनी मेहनत का लोहा मनवा कर रोशन कर सके।



## नारसन ब्लॉक की संयुक्त खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वाधान में रोशन कुमार जिला युवा अधिकारी (मेरा युवा भारत) हरिद्वार एवं धर्म सिंह रावतके निर्देशन में बहादराबाद और नारसन ब्लॉक की संयुक्त ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक अंकुल चौहान (बहादराबाद) एवम् राष्ट्रीय स्वयं सेविका अनीता (नारसन) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य केवीएम पब्लिक स्कूल दीपक सैनी ने दीप प्रज्वलित करके किया एवं उपस्थित खेल प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी बालक वर्ग, खो खो बालिका वर्ग, 400 मीटर दौड़ बालक, बालिका लंबी कूद बालक बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका गुलाब सिंह एवं तनु कुमारी ने निष्पक्ष ढंग से निभाई।

खेल प्रतियोगिता में कबड्डी बालक वर्ग में रोज लायन युवा मंडल ज्वालापुर प्रथम रहा, दूसरे स्थान पर उपविजेता नसीरपुर कला युवा मंडल रहा एवं तृतीय स्थान पर महाराणा प्रताप युवा मंडल



गंगा दासपुर रहा। खो खो बालिका वर्ग में रंजीतपुर क्लब प्रथम विजेता, दूसरे स्थान पर रोज लाइन क्लब उपविजेता रहा। एवं तीसरे स्थान पर संतर्षह रहा। 400 मी दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान आदित्य, दूसरा स्थान अंकुश एवं तीसरा स्थान अमित ने प्राप्त किया। 400 मी बालिका वर्ग में जसप्रीत ने प्रथम, आकांक्षा ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान सुहाना ने प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में अमित ने प्रथम, दूसरा स्थान आदित्य एवं तीसरा स्थान लकी ने प्राप्त किया। लंबी कूद बालिका वर्ग में प्रथम स्थान काजल, दूसरा स्थान अनुष्का एवं तीसरा स्थान हिमांशी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में नितिन चौहान, नेत्रपाल चौहान, कोमल, युवा मंडल सदस्य निशा, प्रियांशु, अंकुश, विकास , राहुल, रेशमा, काजल, लवी, अभिषेक, तनु, नैंसी, सोनिया, खुशी, रितिका एवं महफूज आदि खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

## बुलेट पर रील बनाना पड़ा भारी, 2 वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल में साइलेंसर लगाकर रील बना रहे दो लोगों को दबोच कर उनके मोटरसाइकिल को चीज कर दिया और जुर्माना भी लगाया।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल में साइलेंसर लगाकर रील बना रहे दो लोगों को दबोच लिया। थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक बुलट मोटरसाइकिलों पर रेट्रो साइलेंसर लगाकर सोशल मीडिया पर रील बनाते हैं तथा सड़कों पर गुजरते समय तेज धमाके जैसी आवाज निकालते हैं, जिससे आमजन को अत्यधिक असुविधा होती है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दोनों बुलेट सवार युवकों को पकड़ लिया गया। दोनों वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज करते प्रभावी धाराओं में चालान किया गया।

### मीट विक्रेताओ के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान

## पुलिस ने 8 दुकानदारों का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाईन पुलिस मीट बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आठ दुकानदारों के चालान किए गए व अन्य दुकानदारों को अवैध मीट न बेचने की हिदायत दी गई है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय कोतवाली रूडकी द्वारा कोतवाली रूडकी क्षेत्रान्तर्गत मीट बिक्रेताओ की दुकानो की चौकिंग हेतु उ0नि0 आनन्द मेहरा के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया टीम के द्वारा चौकी सोत बी मे ईमली रोड पर स्थित मीट बिक्रेताओ की दुकानो को चौक किया गया जिसमे 08 दुकानदारो के द्वारा लाईसेन्स मे दी गयी शर्तो का पालन नही किया जा रहा था अनियमित्ताऐ पायी गयी जिनके विरूध्द 81 पुलिस अधिनियम मे चालान किया गया। सभी मीट बिक्रेताओ को हिदायत दी गयी कि साफ सफाई का विशेष ध्यान देगें अन्यथा लाइसेन्स निरस्तीकरण की कार्यवाही को अमल मे लाया जायेगा। पुलिस टीम में उ0नि0 आनन्द मेहरा हेकानि0 विपिन कानि0 सुरेश तोमर आदि शामिल रहे।



## आग लगने से 13 वर्षीय बालक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** हार्डवेयर की दुकान पर थिनर का ड्रम काटते समय उसमें अचानक आग लग गई। जिसमें पास में ही पास में खड़ा 13 वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया। बच्चे को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी एक युवक ने लंढौरा में रुड़की लक्सर मार्ग पर शिव मंदिर के पास हार्डवेयर की दुकान कर रखी है। युवक दुकान पर प्लास्टिक के पुराने ड्रम भी बेचता है। रविवार शाम करीब पांच बजे दुकानदार थिनर के खाली ड्रम को बीच से काट कर दो पीस बना रहा था। इसी दरमियान पास की कालोनी निवासी सुरेंद्र कुमार का 13 वर्षीय पुत्र कन्हैया दुकान के पास खड़ा हुआ था। बताया गया है कि ड्रम को काटते समय उसके अंदर बने गैस में अचानक आग लग गई। आग ने पास में खड़े बच्चे को चपेट में ले लिया। चीखपुकार की आज सुन कर आसपास के लोगों ने आग को बुझाया। लेकिन तब तक बच्चा गंभीर रूप से झुलस चुका था। बच्चे को देवबंद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौकी प्रभारी महिपाल सैनी का कहना है कि इस संबंध में शिकायत मिलती है तो मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

## लक्सर शुगर मिल में नवंबर से शुरू होगा पेराई सत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर शुगर मिल का पेराई सत्र नवंबर माह के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगा। मिल प्रबंधन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मशीनों के ट्रायल के साथ ही सीजनल कर्मचारियों को भी नवंबर माह की शुरुआत में कार्य पर बुलाया जा रहा है।

लक्सर शुगर मिल में बीते साल सात नवंबर से पेराई सत्र शुरू हुआ था। इस वर्ष भी नवंबर माह के पहले सप्ताह में मिल में गन्ने की पेराई शुरू हो जाएगी। क्षेत्र में गन्ना लगभग तैयार है। गन्ना कोल्हुओं पर भी गन्ना पहले से पहुंचने लगा है। ऐसे में किसानों को अब मिल चलने का इंतजार है। मिल प्रबंधन की ओर से मरम्मत आदि कार्य पूरा कराने के बाद अब मशीनों का ट्रायल किया जा रहा है। इसके साथ ही सीजनल कर्मचारियों को भी नवंबर माह की शुरुआत से कार्य पर बुलाया जा रहा है। लक्सर शुगर मिल के प्रधान प्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि पिछले दिनों गन्ना आयुक्त की बैठक में मिलों की ओर से पेराई सत्र पर चर्चा की गई थी। इसी के अनुसार नवंबर माह के पहले सप्ताह में पेराई शुरू हो जाएगी। इसके लिए मशीनों के ट्रायल के साथ ही सभी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं।

## नशे में वाहन चला रहे दो युवक पकड़े

**लक्सर।** नशे में वाहन चला रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर 13 वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। शनिवार देर रात कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़ा गया। युवकों के वाहन सीज करने के साथ ही लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। चेकिंग में यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर 13 वाहन चालकों के चालान कर उनसे जुर्माना वसूला गया है।

## कच्ची शराब समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** पुलिस ने थाना क्षेत्र से दो अलग-अलग जगह से दो व्यक्तियों को पांच-पांच लीटर कच्ची शराब समेत पकड़ा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। खानपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन नेगी को मुखबिर ने सूचना दी कि क्षेत्र के आलमपुरा यूपी बॉर्डर से एक व्यक्ति शराब ला रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और राजपुर गांव निवासी जोगा को पांच लीटर कच्ची शराब सहित पकड़ लिया। वहीं बालावाली चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को सूचना मिली कि रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति कच्ची शराब लेकर जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गिद्वावाली गांव निवासी राहुल को पांच लीटर कच्ची शराब समेत पकड़ लिया। खानपुर एसओ धर्मेंद्र राठी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मुहम्मद का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने मुहम्मद को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध-विच्छेद कर लिया है। आज के बाद मुहम्मद के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**जाकिर हुसैन पुत्र अताउर्रहमान नि. 110 कानून गोयान रुड़की, हरिद्वार।**

## सत्यापन न करने पर तीन कोल्हू पर की कार्रवाई

**बुग्गावाला।** पुलिस ने साप्ताहिक अवकाश पर 75 मजदूरों और किरायेदारों का सत्यापन किया। वहीं तीन कोल्हू मालिकों पर कार्रवाई की है। सत्यापन अभियान से अन्य जगहों पर रहने वाले बाहरी लोगों में भी अफरातफरी का माहौल रहा। क्षेत्र के शाहिदवाला, ग्रंट और बुधवाशहीद क्षेत्र में अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि मकान मालिकों और कोल्हू मालिकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी किरायेदार या मजदूर को बिना पुलिस सत्यापन के न रखें। उन्हें चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना के मामले में ई-रिक्शा चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में दो युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के कुरड़ी गांव निवासी विनोद ने तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को पुत्र वेदपाल और सन्नी बाइक से धनौरी की ओर जा रहे थे। कलियर क्षेत्र में पार्किंग के पास से आ रही अनियंत्रित ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिसमें वेदपाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके दोस्त सन्नी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। मृतक वेदपाल के पिता नितिन ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई बबलू चौहान ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### गन्ना समिति लिब्बरहेड़ी की पंचम वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक आयोजित

# गन्ना समिति प्रबंधन कर रही है सराहनीय कामः यतिश्वरानन्द

### समिति की अध्यक्ष नीशू राठी ने प्रस्तुत किया आय-व्यय का ब्यौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** लिब्बरहेडी सहकारी गन्ना विकास समिति लि० मंगलौर की पंचम वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन कुरडी, मंगलौर स्थित एक बैंकेट हाल में किया गया, जिसमें समिति की आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया।

सोमवार को लिब्बरहेडी सहकारी गन्ना विकास समिति लिव मंगलौर की पंचम वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष नीशू राठी ने समिति के वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया, जिसका समिति के उपस्थित समस्त प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया, समिति की आय बढ़ाने के लिए उपस्थित सदस्यों द्वारा समिति का पेट्रोल पंप लगाए जाने, गैस एजेंसी खोले जाने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, कृषि यन्त्रों के सब्सिडी पर वितरण के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये,समिति का अपना भवन बनवाये जाने,गन्ना मूल्य बढ़ाये जाने, समिति क्षेत्र के गन्ना किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के उपाय आदि मुद्दों पर चर्चा की गई, अध्यक्ष नीशू राठी ने बताया कि यह समिति उत्तराखण्ड की पहली समिति है जिसका वित्तीय वर्ष 2024-25 तक का संतुलन पत्र बनवाकर ऑडिट का कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा आज वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक कराकर विधिवत रूप से अनुमोदन भी करा लिया गया है,नीशू राठी ने कहा कि उनके द्वारा समिति की प्रबन्ध समिति के सदस्यों के सहयोग से किसान हित में अनेकों फैंसले लेकर उनकों क्रियान्वित करने का कार्य किया गया है,उन्होंने बताया कि समिति स्तर पर समिति क्षेत्र के समस्त 66 ग्रामों के सभी गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जा रहे हैं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानन्द ने कहा कि लिब्बरहेड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति का कुशल प्रबधन काबिले तारीफ है, यहाँ का प्रबधन बहुत अच्छा एवं पारदर्शिता से सराहनीय कार्य कर रहा है, समय पर समिति के कार्यों को क्रियान्वित किया जाना इस समिति के कुशल प्रबंधन का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार गन्ना कृषकों के हितों के प्रति गंभीर है, जिसका जीता जागता उदाहरण है कि चीनी मिलें समय पर किसानों को गन्ना भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार की ओर से किसान हितों में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका सीधा फायदा किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर उनसे इस वर्ष गन्ने का मूल्य बढ़ाये जाने का आग्रह करेंगें। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष नीशू राठी तथा संचालन वरिष्ठ सहकार सुशील राठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, राज्य स्तरीय गन्ना सलाहकर समिति के उपाध्यक्ष श्यामवीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना, रूड़की एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश त्यागी एडवोकेट, सचिव पंकज कुमार एडवोकेट, जिला सहकारी बैंक के महा प्रबंधक सौ सिंह, वरिष्ठ सहकार सुशील राठी, पूर्व अध्यक्ष मास्टर नगेंद्र कुमार, सहायक गन्ना आयुक्त, हरिद्वार कपिल मोहन,ब्लाक प्रमुख नारसन कोमल देवी, इकबालपुर गन्ना परिषद के अध्यक्ष जोध सिंह,ज्वालापुर गन्ना समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि बुद्धिमहाप्रताप, समिति की अध्यक्ष नीशू राठी, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संचालक मण्डल के सदस्य पवन सैनी,अनुराग राठी, बीरबाला, अंगूरी देवी, सुनील कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आदित्य कुमार, सचिव प्रभारी अनन्त सिंह, उत्तम शुगर मिल से अनिल सिंह, कुलदीप राठी, लक्सर चीनी मिल से बीव एसव तोमर अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।






शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

## एसआईआर का ऐलान

बिहार में विधानसभा चुनाव के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान कर दिया। नई दिल्ली में ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का फेज 1 खत्म हो गया और अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। उनका यह भी कहना था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया और बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया। चुनाव आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा और यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को पूरा होगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूची सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन में यह भी बताया कि जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर कराना है इनमें अंडमान, निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, एमपी, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उप्र और प. बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़कर अयोग्यों को बाहर किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि जिन राज्यों में इस समय स्थानीय निकाय चल रहे हैं या होने वाले हैं वहां फिल्हाल यह नहीं होगा, क्योंकि स्थानीय स्तर का प्रशासन चुनावी कामकाज में व्यस्थ रहेगा। हालांकि अभी तक पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार दूसरे चरण में दस से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें ऐसे राज्य होंगे जहां 2026 में चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, प. बंगाल, केरल, असम और पुड्डुचेरी शामिल हैं। एसआईआर हो, इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। पात्र मतदाता वोटर लिस्ट में होने ही चाहिएं और जो पात्र नहीं हैं, उनको वोटर लिस्ट से बाहर होना चाहिए, लेकिन यहीं एक पेंच भी है, जिस तरह का रवैया अब तक चुनाव आयोग का रहा है और वह कई गंभीर सवालों के घेरे में भी है। जिसमें वोटर चोरी का मुद्दा पूरी तरह देश में गर्माया हुआ है, उसका जवाब चुनाव आयोग अभी तक भी ठीक से नहीं दे पाया है। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि आखिर चुनाव आयोग एसआईआर को लेकर हड़बड़ी में क्यों है। जिस चीज का चुनाव से सीधा संबंध हो, वह काम बेहद सतर्कता व धैर्य के साथ होना चाहिए। सवाल तो इस पर भी खड़ा है कि जो शपथ पत्र उसने सुप्रीम कोर्ट में यह कहकर जमा कराया था कि कोई भी उसके काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, उससे कोई यह नहीं पूछ सकता कि किसके नाम कटे किसके जोड़े गए, ऐसे में जरूरी है कि चुनाव आयोग इस काम में बिना हड़बड़ी दिखाए निष्पक्षता से आगे बढ़े।

### राहुल के प्यार का शब्दों में बयान नहीं



डीएमके और कांग्रेस भले ही अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ीं थी, लेकिन अब देशहित में दोनों पार्टियां एक ही टीम में हैं, राहुल गांधी उन्हें बड़ा भाई मानते हैं और राहुल गांधी द्वारा उनके लिए दिखाए गए प्यार को वे शब्दों में नहीं बयां कर सकते, हालांकि डीएमके और कांग्रेस एक समय अलग-अलग रास्तों पर चले थे, पर आज देश की भलाई के लिए, तमिलनाडु के विकास और भारत की एकता के लिए, हम एक ही तरफ हैं, हम एक जैसी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वह राहुल गांधी द्वारा उनके प्रति दिखाए प्यार को शब्दों में बयान नहीं कर सकते, मैंने दूसरे राजनीतिक नेताओं को भाई कहकर संबोधित नहीं किया है,लेकिन जब भी राहुल गांधी से बात करता हूं, तो ऐसा करता हूं।

**-एमके स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

## धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें अपनी सुरक्षा



मौ. सुलेमान

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में साइबर सुरक्षा घटनाएं 2022 में जहां लगभग 10.29 लाख थीं, वहीं 2024 में बढ़कर लगभग 22.68 लाख तक पहुंच गईं। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में साइबर धोखाधड़ी के कारण देश को लगभग 22,845 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, जो 2023 की तुलना में लगभग 206 प्रतिशत की भयावह वृद्धि को दर्शाता है। एक अन्य रिपोर्ट बताती है कि 2021 से 2024 के बीच साइबर अपराधों में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि भारत में डिजिटल विस्तार के साथ-साथ साइबर अपराधों और धोखाधड़ी जैसे मामलों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। इन अपराधों और धोखाधड़ी का शिकार न केवल आम नागरिक हो रहे हैं बल्कि कई नामचीन व्यक्ति भी हुए हैं। इन घटनाओं ने पूरे समाज को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। हालांकि सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, फोन और मैसेज के माध्यम से लोगों को जागरूक और सावधान किया जा रहा है, इसके बावजूद ठगों और जालसाजों का नेटवर्क बेखघैफ होकर सक्रिय है।

सरकार और पुलिस प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद साइबर ठग पकड़े नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि वे हर दिन साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। पहले साइबर ठगी या धोखाधड़ी बहुत सीमित थी, पहले कहा जाता था कि आपकी लॉटरी लगी है या फोन पर आपसे ओटीपी मांगा जाता था लेकिन अब ठग तकनीकी रूप से बहुत उन्नत हो गए हैं। वे अब फर्जी लिंक, नकली जॉब ऑफर, फर्जी पैकेज डिलीवरी, क्यूआर कोड, फर्जी वीडियो या किसी परिचित की आवाज या वीडियो क्लिप बनाकर और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। इन घटनाओं में अपराधी खुद को सरकारी अधिकारी, पुलिस कर्मी या बैंक या किसी कम्पनी आदि का प्रतिनिधि बताकर डराने, धमकाने या लालच देने की कोशिश करते हैं। दरअसल साइबर ठगी या ऑनलाइन फॉड वह अपराध है, जिसमें कंप्यूटर, मोबाइल फोन या इंटरनेट तकनीक का इस्तेमाल करके किसी व्यक्ति को मानसिक, आर्थिक या सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचाया जाता है। फर्जी वेबसाइट, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट, शॉपिंग प्लेटफॉर्म, नकली नोटिस या फर्जी कॉल ए सब आज अपराध के आधुनिक औजार बन चुके हैं।




ज्यादातर लोग अपने जीवन में कभी न कभी किसी न किसी रूप में इस तरह की ठगी का शिकार हुए हैं, और जो अब तक नहीं हुए हैं, वे सचमुच भाग्यशाली हैं, क्योंकि अपराधियों की योजनाएं इतनी चालाक और पेचीदा होती जा रही हैं कि आज के डिजिटल युग में इनसे बचपाना कठिन होता जा रहा है। शासन और प्रशासन जब तक किसी ठगी या धोखाधड़ी के तरीके को समझ पाते हैं, तब तक अपराधी कोई नया तरीका खोज लेते हैं। ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध अब किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि संगठित रूप से चलाए जा रहे हैं। इन गिरोहों के ठिकानों तक पहुंचना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि उनका नेटवर्क बेहद तेज और तकनीकी रूप से इतना सशक्त होता है कि कई बार पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें खबर मिल जाती है और वे फरार हो जाते हैं।

यहां पर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी साइबर ठगी या धोखाधड़ी करने के लिए ठगों को हमारी व्यक्तिगत जानकारी चाहिए होती है और यह व्यक्तिगत जानकारी उनके लिए सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। यहां सवाल यह है कि उन्हें हमारी यह जानकारी मिलती कहां से है? यहां पर मैं अपना और कुछ अन्य लोगों का अनुभव साझा करना चाहूंगा। मुझे एक बार एक ऐसे बैंक से फोन आया जिसमें मेरा कोई खाता भी नहीं था। कॉल करने वाली लड़की ने मेरा नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सबकुछ सही-सही बताया। जब मैंने पूछा कि यह जानकारी आपको कहां से मिली है तो उसने कहा सर हमें एक्स बैंक से मिली है और संयोग से वह जिस बैंक का नाम बता रही थी उसी बैंक में मेरा वास्तविक खाता है। मुझे कई ऐसे बैंकों के नाम से लोन और क्रेडिट कार्ड के लिए फोन आता है जिनसे मैंने कभी सम्पर्क ही नहीं किया। मैं एक और घटना यहां पर साझा करना चाहूंगा। एक बार मुझे एक नामक संस्था के नाम से कॉल आया। उन्होंने मेरा नाम, पदनाम, ईमेल और पेशा तक बताया। वे मुझे एक प्रोजेक्ट से जोड़ना चाहते थे और इसके लिए मुझसे आधार, पैन, बैंक का कैंसल चेक और हस्ताक्षरित एग्रीमेंट मांग रहे थे जबकि मैंने उनसे कभी इस बारे में संपर्क ही नहीं किया था। इन घटनाओं से यह स्पष्ट हो रहा है कि हमारी व्यक्तिगत जानकारी हमारे ही बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों, और जिन संस्थाओं में हम कार्य कर रहे हैं वहां के कुछ कर्मचारियों द्वारा उन्हें दी जा रही हैं या पैसों के लालच में बेची जा रही है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, शॉपिंग वेबसाइट और ऑनलाइन ऐप भी हमारी जानकारी के बड़े स्रोत बन चुके हैं। जब हम किसी वेबसाइट पर अपनी जानकारी भरते हैं, या किसी संस्था में अपनी व्यक्तिगत जानकारी देते हैं तो हमसे यह वादा किया जाता है कि हमारी जानकारी सुरक्षित रखी जाएगी, लेकिन अधिकांश संस्थान इस वादे को पूरा नहीं कर रहे हैं परिणामस्वरूप, हमारी जानकारी अनजाने में या कई बार जानबूझकर ठगों के पास पहुंच जाती है। कुछ लोगों ने मुझे बताया की उनके खाते में पैसे डालने के नाम पर उनके खाते से पैसे निकाल लिए गए। कुछ को क्रेडिट कार्ड पर ऑफर और कुछ को फर्जी लिंक भेज कर उनके खाते और क्रेडिट कार्ड से पैसे निकाल लिए गए हैं। हालांकि साइबर अपराध से निपटने के लिए भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम IT Act सहित अनेक कानून बनाए गए हैं, परंतु कानून भी तभी प्रभावी होते हैं जब अपराधी पकड़े जाएं और सबूत मौजूद हों। अधिकांश मामलों में पर्याप्त सबूत न होने के कारण अपराधी आसानी से छूट जाते हैं और न्याय का सिद्धांत भी यही कहता है कि ह्चाहे हजार अपराधी छूट जाएं, पर एक भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। मगर यहां अपराध साबित न हो पाने की स्थिति अपराधियों को और प्रोत्साहित कर रही है। साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड जैसे गम्भीर अपराधों पर अभी तक किए गए शोध और अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला गया है कि इन खतरों से खुद को बचाने में सावधानी ही सबसे बड़ा उपाय है। अक्सर कहा भी जाता है सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। यह बात साइबर ठगी के संदर्भ में भी उतनी ही सत्य प्रतीत होती है, जितना की अन्य मामलों में। नीचे कुछ व्यवहारिक उपाय और सावधानियां दी जा रही हैं, जिनका पालन करके हम खुद को और दूसरों को इस तरह के खतरों और होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। इन खतरों से खुद को बचाने के लिए क्या करें और क्या न करें? यदि कोई कॉल करके आपसे यह कहे कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण TRAI आपका नंबर बंद करने वाला है, तो विश्वास न करें। कोई भी प्राधिकरण कभी किसी व्यक्ति से फोन पर इस तरह की बात नहीं करता है। यदि कोई एजेंट या कंपनी किसी पार्सल की बात करे और कन्फर्म करने के लिए आपको कोई नंबर दबाने के लिए कहे तो कोई बटन न दबाएं। यदि कोई खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर आपसे आपका आधार, पैन या खाता नंबर मांगे, तो कोई जानकारी साझा न करें। डिजिटल गिरफ्तारी जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया अभी तक भारतीय न्याय संहिता में नहीं है। यदि कोई आपको डराकर कहे कि आपके पैकेज में ड्रग्स मिले हैं या आप किसी गम्भीर केस में फंसे हैं, और आपको डिजिटल गिरफ्तार किया जा रहा है तो बिल्कुल न डरें, कॉल काटें और यदि बार बार कॉल आए तो अपने नजदीकी थाने में साइबर पुलिस को इसकी सूचना जरूर दें।

(लेखक असिस्टेंड प्रोफेसर हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

**हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि समाज में भय नहीं, विश्वास बढ़े विभाजन नहीं, समरसता बने और धर्म केवल पूजा का विषय न रहकर चरित्र, कर्तव्य और संस्कृति का प्रतीक बने। जब प्रत्येक हिन्दू स्वयं को हिन्दू मानकर आचरण करेगा, और सन्त समाज उसे दिशा देगा कृ तब न केवल चुनौतियां समाप्त होंगी, बल्कि भारत फिर से विश्वगुरु के मार्ग पर अग्रसर होगा।**

## हिन्दू समाज के समक्ष प्रमुख चुनौतियां

आज का समाज तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्तर पर अनेक प्रकार की चुनौतियां सामने हैं। इस बदलते समय में हिन्दू समाज के समक्ष अनेक गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं जिन पर सामूहिक जागरण, चिंतन और संगठनात्मक दृढ़ता के साथ काम करने की आवश्यकता है। हिंसा और असहिष्णु वातावरण कुछ विचारधाराएं और समूह समाज में हिंसा, भय या वैमनस्य का वातावरण निर्मित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे समय में समाज को सजग, संगठित, सक्रिय और जागरूक रहना होगा। हर हिन्दू को यह समझना होगा कि हम जाति, पंथ, मत और सम्प्रदाय से ऊपर एक हैं हिन्दू हैं। हमें कानूनी और संवैधानिक दायरे में रहते हुए ऐसे तत्वों को पहचानकर उनके मंसूबों को विफल करना है।

**धर्मान्तरण की चुनौती**- आज विभिन्न माध्यमों से लालच देकर, प्रभाव डालकर, जबरदस्ती या छल-कपट से धर्म परिवर्तन की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार यह लव जिहाद, नौकरी लगवाने, शिक्षा संस्थानों या सामाजिक सेवाओं के माध्यम से भी होता है। अनेक स्थानों पर हिन्दू बच्चों को सांस्कृतिक समरसता के नाम पर ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसमें उनके धर्म-ग्रंथों का उपहास होता है और कुछ धर्मों के प्रति झूठी श्रेष्ठता का भाव चंगाई सभाएं जैसे कृत्यों से ब्रेन वाश किया जाता है। ऐसी प्रवृत्तियों को रोकने के लिए समाज में धार्मिक-जागरूकता और आत्मगौरव का भाव जगाना होगा। कानूनी और सामाजिक दोनों स्तरों पर सतर्कता बढ़ानी होगी। परिवार, मोहल्ला, विद्यालय और संगठन सबको इस दिशा में संवेदनशील बनाना आवश्यक है।

**जनसंख्या असंतुलन और पारिवारिक संरचना**- पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक भागों में विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों मुरादाबाद, संभल, बरेली, रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि में हिन्दू जनसंख्या में 3.4 प्रतिशत की कमी और मुस्लिम जनसंख्या में उतनी ही वृद्धि दर्ज की गई है। इसके कुछ कारण घटती प्रजनन दर, बदलती जीवनशैली, कमाओ-खाओ-मौज करो जैसी प्रवृत्तियां, तथा DINK Double Income No Kids जैसी सोच ने पारिवारिक संरचना को प्रभावित किया है। यदि यह रुझान जारी रहा तो आने वाले वर्षों में बुआ, फूफा, मौसी, चाचा, ताऊ जैसे रिश्ते केवल कहानियों में रह जाएंगे। इसका समाधान केवल सरकार से नहीं, समाज की जागरूकता और मूल्य शिक्षा से होगा विवाह और परिवार को बंधन नहीं, संस्कार के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

**नशा और ड्रग आपूर्ति की साजिश**- सीमावर्ती राज्यों से नशे की तस्करी विशेषकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, म्यांमार और थाईलैंड से एक गम्भीर षड्यंत्र है। हर वर्ष करोड़ों रूपए का नशीला पदार्थ भारत में पकड़ा जाता है। यह नशा केवल शरीर को नहीं, संस्कार और चरित्र को भी नष्ट कर रहा है।

**समाधान के लिए**- युवा वर्ग को खेल, योग, सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना होगा। घर और विद्यालय स्तर पर नशा विरोधी शिक्षा को शामिल करना चाहिए। सामाजिक संस्थाओं को ड्रग-फ्री यूथ इंडिया जैसे अभियान चलाने चाहिए।

**शिक्षा और सांस्कृतिक उपहास**- अनेक शैक्षणिक संस्थाएं ऐसी हैं जो हिन्दू बच्चों को पढ़ाने के नाम पर उनके धर्म, संस्कृति और देवी-देवताओं का परिहास करती हैं। धीरे-धीरे उनके मन में अपने धर्म के प्रति शंका और अन्य धर्मों के प्रति झूठी निष्ठा पैदा की जाती है। यह केवल शिक्षा नहीं, एक मनोवैज्ञानिक युद्ध Psychological Warfare है।

**समाधान**- शिक्षा में भारतीय मूल्य-आधारित अध्ययन को बढ़ावा देना। शिक्षकों और अभिभावकों दोनों की भूमिका पुनर्परिभाषित करना। गर्व से कहो हम हिन्दू हैं जैसी भावना को आत्म-सम्मान का प्रतीक बनाना, न कि नारा। गो-हत्या, मंदिर अधिग्रहण, अवैध धर्मांतरण, और धार्मिक उपेक्षा जैसे मुद्दे केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़े प्रश्न हैं। इन्हें संवैधानिक दायरे में रखते हुए संगठित सामाजिक दबाव और जागरण के माध्यम से उठाना होगा। समाज-जागरण का सबसे सशक्त केंद्र हमारे सन्त-महात्मा और धार्मिक संस्थान हैं परंतु आज आवश्यकता है कि देश के प्रमुख सन्त अपने नियमित धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त युवा सशक्तिकरण की दिशा में अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करें।

**-डॉ. पवन कुमार जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## हर तरफ हताशा का माहौल



अमरेंद्र राय

देश में पर्व-त्योहार खुशियां लेकर आते हैं। लेकिन अब ये पर्व-त्योहार भी लोगों को खुशियां देने में समर्थ नहीं हो पा रहे हैं। अभी दीवाली जैसा बड़ा त्योहार पूरे देश ने मनाया लेकिन देश के बहुत बड़े हिस्से ने सिर्फ औपचारिकता ही निभाई। दिए जलाए, मिठाइयां खाईं, खिलाईं और उपहारों का आदान-प्रदान किया। लेकिन मन से खुशी गायब थी। उल्टे वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस की तकलीफ से जूझ रहे लोगों की समस्याएं बहुत ज्यादा बढ़ गईं। रात दस बजते-बजते सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई।

दिल्ली का चुनाव हारने के बाद भी कल रात केजरीवाल ने राहत की सांस महसूस की होगी कि उन्हें गालियां नहीं मिल रहीं। वरना जब तक उनकी सरकार थी वायु प्रदूषण का पूरा ठीकरा उन्हीं पर फूटता था। लेकिन अब किसी ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार को कुछ नहीं कहा। वायु प्रदूषण से सिर्फ सांस की तकलीफें ही नहीं बढ़तीं बल्कि मानसिक बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। हवा में एक फीसदी पीएम 2.5 बढ़ने से करीब दस प्रतिशत ( 9.6) डिप्रेशन या अवसाद के मामले बढ़ जाते हैं। इतना ही नहीं बच्चों के मानसिक विकास पर भी इसका असर पड़ता है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में प्रति वर्ष 16 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से होती है। इस समय सबसे बड़ी चिंता रोजगार को लेकर है। 2019 के चुनावों से पहले ही यह बात फैल गई थी कि देश में बेरोजगारी की दर पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा है, लेकिन उसका चुनावों पर कोई असर नहीं हुआ। बल्कि सत्ताधारी दल पहले से भी ज्यादा बहुमत से जीतने में सफल रहा। इस हालात ने एक छोटे हिस्से को छोड़कर सभी को सोचने पर मजबूर किया कि ऐसा क्यों हो रहा है। इस हालात से सिर्फ वही लोग खुश थे जो मूर्ख थे या लोगों को मूर्ख बनाने में सफल रहे। ऐसी चीजों का समाज के हर तपके पर असर पड़ता है। सिवाय कुछ मूर्खों को छोड़कर। बाबा तुलसी दास ने भी कहा है कि ह्सबते भले विमूढ़, जिन्हें न व्यापे जगत गति। अब तो यह बेरोजगारी दर और भी ज्यादा बढ़ गई है। हाल में जो सरकारी आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि सितंबर में बेरोजगारी दर और ज्यादा बढ़ गई है। युवाओं में बेरोजगारी की दर 15 प्रतिशत तक जा पहुंची है। 15 से 29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर पहले 14.6 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पूरे देश में बेरोजगारी की दर अगस्त महीने में 5.1 प्रतिशत दर्ज की गई थी जो सितंबर में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। बावजूद इसके सरकार जीएसटी बचत उत्सव मनाने का अभियान चला रही है। अरे भाई पहले कमाई हो तब न बचत की बात उठे। यहां तो कमाई ही नहीं है। पहले तो सरकार ने अनाप-शनाप जीएसटी लगाकर आठ साल तक लोगों को लूटा। उनकी जेब में जो थोड़े बहुत पैसे थे वो भी निकाल लिए। और अब दर घटाकर कह रही है कि बचत उत्सव मनाओ। जब जेब में धेला नहीं है तो बचत उत्सव कहां से मनाएगा आदमी। अव्वल तो ए कि लोगों की जेब में पैसे नहीं हैं दूसरे उन्हें पता भी नहीं चल रहा कि किस चीज के दाम कम हुए हैं। दीपावली और धनतेरस पर भारतीय लोग आम तौर पर सोना खरीदते हैं। लेकिन क्या सोने की कीमत कम हुई ? अलबत्ता और बढ़ गई। सोने का दाम लगातार और तेजी से बढ़ा। बीजेपी के भोजपुरी स्टार सांसद रवि किशन ने संसद में अपनी स्पीच समोसों पर दी। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में समोसे मिलते हैं। ढाबे से लेकर फाइव स्टार तक, लेकिन उनकी कीमत एक जैसी नहीं है। उनका आकार भी एक जैसा नहीं है।



सरकार को एक नीति बनानी चाहिए कि समोसा पूरे देश में एक भाव से मिले। जब जीएसटी की दरें सरकार ने कम कीं तो लोगों ने रवि किशन से पूछा, समोसे के दाम कितने कम हुए। मुझे तो कहीं भी समोसे, चाउमिन, चाय, बीड़ी, सिगरेट या फिर किसी चीज के दाम कम हुए नहीं दिखे। भोजन की थाली की कीमत भी कम नहीं हुई है। इसी बीच दलितों पर अत्याचार की झकझोरने वाली खबरें भी सामने आई हैं। यूपी के फतेहपुर के रहने वाले एक व्यक्ति की रायबरेली में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले अपने आप को ह्बाबाह्न के लोग बता रहे थे। बाबा के लोग मतलब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोग। ऊपर से जब रायबरेली के सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब उस पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे तो उसमें अड़ंगा डालने की कोशिश की गई। हरियाणा में एक दलित आईपीएस ने खुद की रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप अपने सीनियर अफसरों पर लगाया। उस मामले में भी हरियाणा सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। आठ दिन तक उस अफसर की लाश का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। तीसरी घटना भारत के मुख्य न्यायाधीश से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने अदालत में ही मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता फेंक दिया। आपको मालूम है कि गवई दलित हैं। और इन सबसे भी बड़ी बात कि सत्ता पक्ष के लोगों का नजरिया बहुत निराशा जनक रहा। और तो और दलितों की राजनीति करने वाली उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर नौ अक्टूबर को लखनऊ में एक बहुत बड़ी रैली की लेकिन उसमें भी उन्होंने गवई पर जूता फेंकने की घटना का जिक्र तक नहीं किया। ए सब बातें बहुत निराशाजनक हैं। हताशा पैदा करने वाली हैं।

अवसादग्रस्त करने वाली। इन्हीं सब वजहों से देश में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015 में एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें बताया गया था कि 2005 से 2015 तक दस साल तक अवसाद के मरीजों की संख्या में 18.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सत्ताधारी बीजेपी कह सकती है कि यह समयावधि यूपीए शासनकाल की है, लेकिन उसे शायद नहीं मालूम कि अभी हाल ही में एक विश्वविद्यालय ने देश के आठ प्रमुख शहरों का सर्वे किया है जिससे पता चलता है कि देश के 70 प्रतिशत युवा डिप्रेशन के शिकार हैं। यह सर्वे अमरावती स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी ने सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अमहमदाबाद और कोलकाता के छात्रों के बीच किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी नौसेना के दो विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** दक्षिण चीन सागर के ऊपर अलग-अलग नियमित अभियानों के दौरान आधे घंटे के अंतराल पर अमेरिकी नौसेना के एक हेलीकॉप्टर और एक लड़ाकू जेट-दुर्घटनाग्रस्त हो गए हालांकि चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। नौसेना ने बताया कि यूएसएस निमित्ज़ विमानवाहक पोत से नियमित अभियान के दौरान एक एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 2:45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खोज और बचाव दल ने चालक दल के सभी तीन सदस्यों को बचा लिया।

### वेनेजुएला ने कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य अभ्यास की निंदा की

**काराकस।** वेनेजुएला सरकार ने रविवार को कैरिबियन में अमेरिकी सेना द्वारा किए गए सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए उकसावे और खतरा है। सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा गया है कि वेनेजुएला सरकार का मानना है कि 26 और 30 अक्टूबर के बीच किए गए सैन्य अभ्यास एक औपनिवेशिक अभियान का हिस्सा है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा लैटिन अमेरिका और कैरिबियन को शांति क्षेत्र घोषित करने का उल्लंघन करते हैं।

### अर्जेंटीना में सड़क हादसे में कम से कम तेरह लोगों की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के पूर्वोत्तर प्रांत मिसियोनेस में रविवार को एक डबल-डेकर यात्री बस और एक कॉम्पैक्ट कार की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। मिसियोनेस सरकार के अनुसार, यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे घने कोहरे के बीच एक पुल पर हुई और ओबेरा शहर से प्यूर्टो इगुआज़ू जा रही यात्रियों को ले जा रही बस टक्कर के कारण नीचे एक नाले में गिर गई।

### टोक्यो में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के पास एक रिहायशी इलाके में सोमवार को एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। क्योडो न्यूज़ ने पुलिस और दमकलकर्मियों के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे एक आपातकालीन कॉल आई, जिसमें बताया गया कि सैतामा के एक रिहायशी इलाके में स्थित एक दो मंजिला लकड़ी के घर में आग लग गयी है। पुलिस के अनुसार आग पर काबू पाने में लगभग साढ़े तीन घंटे लगे और आस-पास के घरों को इससे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इमारत में एक दंपत्ति और 80 वर्षीय बजुर्ग रह रहे थे।

# रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का किया परीक्षण

## अनलिमिटेड रेंज का दावा, रूसी राष्ट्रपति बोले: इसे कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक सकता

मास्को। रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9एम739 का सफल परीक्षण किया है। दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं। ऐसी मिसाइल दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है। कोई भी डिफेंस सिस्टम इस नहीं रोक सकता।

रूसी सेना के प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव ने बताया कि मिसाइल का सफल टेस्ट 21 अक्टूबर को किया गया। इस टेस्ट में बुरेवस्तनिक ने करीब 15 घंटे तक उड़ान भरी। इस दौरान मिसाइल ने 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। गेरेसिमोव ने यह भी बताया कि यह मिसाइल की अधिकतम रेंज नहीं है, यह इससे अधिक दूरी भी तय कर सकती है। पुतिन ने इस मिसाइल को सर्विस में लेने के लिए सेना को तैयारी करने के निर्देश भी दे दिए हैं। बुरेवस्तनिक (9एम730) एक क्रूज मिसाइल है, जो सामान्य ईंधन इंजन की बजाय न्यूक्लियर रिएक्टर से चलती है। इस वजह से यह मिसाइल लगभग अनलिमिटेड यानी असीमित दूरी तक उड़ान भर सकती है। साथ ही दुश्मन के एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है। अमेरिकी वायुसेना की रिपोर्ट के अनुसार मिसाइल के सर्विस में आने के बाद रूस के पास इंटरकान्टिनेंटल रेंज यानी 10 से 20 हजार किमी तक हमला करने की क्षमता होगी। इससे रूस किसी भी हिस्से से अमेरिका तक हमला करने में सक्षम होगा। आमतौर पर इतनी दूरी तक हमला करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया जाता है।

यह पहली क्रूज मिसाइल है जो इतनी दूरी तक हमला करने में सक्षम है। सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल अंतरिक्ष में तय मार्ग पर जाती है, जिन्हें ट्रैक किया जा सकता है। जबकि बुरेवस्तनिक सिर्फ 50-100 मीटर की ऊंचाई पर उड़ती है और लगातार रास्ता बदलती रहती है, जिससे इसे पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है। मिसाइल को लॉन्च करने के लिए ठोस ईंधन वाले राकेट बूस्टर का इस्तेमाल किया जाता है। लॉन्च होने के बाद इसका न्यूक्लियर रिएक्टर एक्टिव हो जाता है। इसके बाद यह परमाणु ऊर्जा पर चलती है। इसमें एक छोटा न्यूक्लियर रिएक्टर या न्यूक्लियर पावर यूनिट है, जो मिसाइल को अनलिमिटेड दूरी तक उड़ने में सक्षम बनाता है। इस मिसाइल को जमीन पर मौजूद लॉन्चिंग पैड का इस्तेमाल कर लॉन्च किया जाता है। रायटर्स की एक जांच रिपोर्ट के मुताबिक रूस की राजधानी मास्को से उत्तर में 475 किमी दूर इसकी लॉन्च साइट हो सकती है।



■ लॉन्च होने के बाद एक्टिव होता है न्यूक्लियर रिएक्टर, एक्सपर्ट्स ने मिसाइल टेस्टिंग को खतरा बताया

### ट्रम्प बोले: पुतिन मिसाइल परीक्षण न करें, जंग रोकें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पुतिन से कहा है कि वह मिसाइल परीक्षण करने की बजाय जंग रोके। सोमवार दिए एक बयान में उन्होंने मिसाइल टेस्ट को गलत बताया। ट्रम्प ने कहा कि एक हफ्ते में खत्म होने वाली जंग के 4 साल होने वाले हैं। उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। ट्रम्प अक्सर गोल्डन डोम मिसाइल सिस्टम का जिक्र करते हैं। उनके मुताबिक अमेरिका को भविष्य के हमलों से बचाने के लिए यह जरूरी है। बुरेवेस्तिक जैसे खतरनाक हथियार से बचाने के लिए गोल्डन डोम जैसे डिफेंस सिस्टम को डिजाइन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) ने कहा कि रूस के सामने इस मिसाइल को लेकर अभी भी कई तकनीकी चुनौतियां हैं। इनमें मिसाइल के परमाणु इंजन को सुरक्षित और भरोसेमंद ढंग से संचालित करने की चुनौती सबसे बड़ी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसके कई परीक्षण असफल रहे और एक दुर्घटना में कई लोगों की मौत हुई थी।





मलेशिया। कुआलालंपुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन से बात करते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## भारत-सेशेल्स ने हिंद महासागर में स्थिरता का लिया संकल्प

**विक्टोरिया।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने भारत और सेशेल्स के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत और विस्तारित करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत सरकार और जनता की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति हर्मिनी को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक वैश्विक दक्षिण में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

## ब्रिटेन में भारतवंशी महिला पर नस्लीय हमला

■ दरिंदे ने किया दुष्कर्म CCTV में दिखा, पुलिस ने जारी की आपात अपील

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने उत्तरी इंग्लैंड में एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में एक संदिग्ध श्वेत व्यक्ति को पकड़ने के लिए आपातकालीन अपील जारी की है। महिला भारतीय मूल की बताई जा रही है।

वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम को वालसाल के पार्क हाल इलाके में महिला के सड़क पर संकट में फंसे होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जनता से मदद के लिए संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज जारी किया और इसे 'नस्लीय भेदभाव आधारित हमले में दुष्कर्म' का मामला बताया। पुलिस जांच की अगुवाई कर रहे जांच अधीक्षक रोनन टायर ने कहा, यह एक युवती (20 वर्षीय) पर बेहद खौफनाक हमला था। हम आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस सबूत इकट्ठा कर रही है और हमलावर की प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी ने उस समय इलाके में किसी पुरुष को संदिग्ध व्यवहार करते देखा हो तो पुलिस को जानकारी दें। पुलिस ने बताया कि हमलावर करीब तीस साल का श्वेत पुरुष है, जिसके छोटे बाल हैं और उसने हमले के समय गहरे रंग के कपड़े पहने थे।

## अमेरिका में शटडाउन से आम जनता हलकान





■ सरकारी बंद के बीच करोड़ों लोगों पर भूख की मार, एक नवम्बर से मुफ्त भोजन कार्यक्रम बंद! नोटिस जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्तूबर से चल रहा सरकारी शटडाउन आम जनता के लिए मुसीबत बन चुका है। इस बीच करोड़ों लोगों के लिए मुफ्त भोजन कार्यक्रमों पर संकट मंडरा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने एक नोटिस जारी किया है, जिसके तहत एक नवम्बर से कोई संघीय खाद्य सहायता नहीं दी जाएगी। अमेरिकी कृषि विभाग ने अपनी वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सरकारी बंद के कारण 1 नवम्बर से संघीय खाद्य सहायता भत्ते जारी नहीं किए जाएंगे। यह नोटिस देशभर के लाखों परिवारों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है, क्योंकि सरकारी बंद अब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। यह नया नोटिस ट्रम्प प्रशासन द्वारा यह कहने के बाद आया है कि वह पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी), जिसे आमतौर पर फूड स्टैंप्स के नाम से जाना जाता है। उसमें नवम्बर तक लाभ जारी रखने के लिए लगभग 5 अरब अमेरिकी डालर की आकस्मिक निधि का उपयोग नहीं करेगा। फूड स्टैंप्स अमेरिका के लगभग आठवें में से एक नागरिक को किराने का सामान खरीदने में मदद करता है। यूएसडीए के नोटिस में कहा गया है कि सच्चाई यह है कि धनराशि समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में 1 नवम्बर को कोई भत्ता जारी नहीं किया जाएगा। हम सीनेट डेमोक्रेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुके हैं। 1 अक्टूबर से शुरू हुआ यह बंद अब रिकॉर्ड में दूसरा सबसे लंबा बंद है। हालांकि रिपब्लिकन प्रशासन ने इस महीने सनेप लाभों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए शटडाउन से पहले कदम उठाए थे, लेकिन अगर कुछ ही दिनों में कोई राजनीतिक समाधान नहीं निकलता है, तो इस कटौती से गतिरोध का असर अमेरिकियों के एक बड़े हिस्से पर पड़ेगा और उनमें से कुछ सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों पर भी।

## अमेरिकी सोयाबीन की खरीद फिर शुरू करेगा चीन

### 100% टैरिफ नहीं लगाएगा अमेरिका, दोनों देशों के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय हो गया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि दोनों देशों में चीनी आयात पर 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से बचने के लिए एक फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर सहमति बनी ली है। उन्होंने बताया कि चीन पर लागू होने वाला 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ, अब नहीं लगेगा। वहीं, चीन फिर से अमेरिकी सोयाबीन की खरीद शुरू करेगा।

ट्रम्प ने 1 नवम्बर से चीन पर एक्स्ट्रा 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह फैसला ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात से पहले लिया गया है। दोनों के बीच इस हफ्ते गुरुवार को साउथ कोरिया में मुलाकात होगी। इस दौरान दोनों नेता इस फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। इस फ्रेमवर्क पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस हफ्ते मिलने पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प फिलहाल एशियाई देशों को दौरे पर हैं। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत मलेशिया से की। यहां उन्होंने आसियान समिट के बीच थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए शांति समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में हिस्सा लिया। अब वे जापान के लिए रवाना हो गए हैं। चीन के पास दुनिया के 17 दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल्स) हैं, जिन्हें वह दुनिया को निर्यात करता है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रानिक सामान, ईवीएस और डिफेंस सेक्टर में होता है। चीन ने पहले से 7 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल कर रखा था, लेकिन 9 अक्टूबर को इसमें 5 और (होल्मियम, एर्बियम, थुलियम, यूरोपियम और यटरबियम) जोड़ दिए गए। यानी कि चीन का 17 में से 12 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल हो गया है। इनके इस्तेमाल से पहले चीन से एक्सपोर्ट लाइसेंस लेना जरूरी होगा। इस कदम से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा और उद्योग पर असर पड़ सकता है, क्योंकि चीन दुनिया की 70 प्रतिशत दुर्लभ खनिज आपूर्ति और 90 प्रतिशत प्रोसेसिंग कंट्रोल करता है। चीन ने अपने शीर्ष व्यापार वार्ताकार ली चेंगगैंग को पद से हटा दिया है। वे हाल ही में अमेरिका के साथ चार दौर की वार्ताओं में शामिल थे।



## अमेरिका से 50 हरियाणवी डिपोर्ट

■ हाथ-पैर में डली बेड़ियां, बंदूक लिए खड़े थे अमेरिकी जवान


**कैथल।** कैथल पुलिस अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों को रविवार सुबह दिल्ली से लेकर कैथल पहुंची। युवकों के आने की सूचना के बाद उनके घरों में हताशा छा गई। डिपोर्ट होने वाले लोगों में अधिकतर युवा जमीन बेचकर अमेरिका में डालर कमाने की चाह में गए थे।

अब छह से सात महीने की जेल काटने के बाद खाली हाथ मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। नाम न छापने की शर्त पर कैथल शहर निवासी ने बताया कि अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वाले जहाज में अमेरिका सेना के जवान बंदूक लेकर सीटों के पास खड़े हुए थे। लोगों के हाथों व पांव में बेड़िया लगाई हुई थी। अमेरिकी जवान अंग्रेजी में लोगों को गालियां दे रहे थे। वह आप बीती बताते हुए भावुक हो गया। अमेरिका जाने के लिए अधिकतर युवाओं ने आधा एकड़ से दो एकड़ तक जमीन बेच दी थी या कर्ज लिया हुआ है। अब वह इस नुकसान की भरपाई कैसे कर पाएंगे। डिपोर्ट हुए लोगों ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। आंकड़ों के मुताबिक, कैथल के कई गांवों के दो हजार के करीब युवा अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जा चुके हैं। फरवरी के महीने में भी 12 लोग कैथल के डिपोर्ट हुए थे। रविवार को 14 नए लोग आए हैं। इससे डिपोर्ट होने वालों की संख्या 26 पहुंच हो गई है।

## क्वाड बैठक में प्रधानमंत्री मोदी होंगे मेजबान!

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने उम्मीद जताई है कि क्वाड देशों की अगली बैठक अगले साल की पहली तिमाही में हो सकती है। उन्होंने चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया। गौरतलब है कि भारत में इसी साल क्वाड सम्मेलन होना था।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रवैये और जापान में जारी सियासी उठापटक के चलते अब इस बैठक की उम्मीद कम ही है। अल्बनीज ने रविवार आसियान सम्मेलन के दौरान एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि क्वाड एक अहम फोरम है, जो आस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान और भारत को जोड़ता है। मुझे उम्मीद है कि इसकी बैठक अगले साल की पहली तिमाही में होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की मेजबानी करेंगे। क्वाड सम्मेलन में देरी को लेकर पर पूछे गए सवाल पर अल्बनीज ने कहा कि यह व्यस्त शिखर सम्मेलन सत्र है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काफी व्यस्त कार्यक्रम में बंधे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इन दिनों एशिया के तीन देशों के दौरे पर हैं। वे मलयेशिया में आसियान सम्मेलन में शामिल होने के बाद जापान रवाना हुए और वहां से दक्षिण कोरिया जाएंगे, जहां वे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वाले हैं। इससे पहले अगस्त में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ट्रम्प ने इस वर्ष भारत यात्रा की योजना रद्द कर दी है, क्योंकि उनके और प्रधानमंत्री मोदी के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते तब से तनाव में हैं जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क और रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत कर लगा दिया। भारत ने इस कदम को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य करार दिया था।



■ आस्ट्रेलिया के पीएम ने जताई उम्मीद, चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया

## लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में चार की मौत, दो घायल

**बेरूत/यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में रविवार को इज़रायली हवाई हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।देश की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि इज़रायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने लेबनान के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में कई वाहनों को निशाना बनाया। इस बीच, सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतकों में से तीन हिजबुल्लाह के सदस्य थे और चौथा एक सीरियाई नागरिक था। एक बयान में, इज़रायली सेना ने कहा कि उसने रविवार को दो दौर के हमले किए, जिसमें हिज़्बुल्लाह का एक अधिकारी और समूह का एक संदिग्ध हथियार तस्कर मारा गया।

# किम जोंग से मिल सकते हैं ट्रम्प

## मीटिंग फिक्स कर रहे दोनों देशों के अधिकारी, आज जापान के सम्राट से मिले अमेरिकी राष्ट्रपति

**टोक्या।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और नार्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन जल्द मुलाकात कर सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे मिलने के लिए अपनी एशिया यात्रा को कुछ दिन और बढ़ा सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि फिलहाल इस मुलाकात को लेकर कोई तय योजना नहीं है।

सीएनएन को सूत्रों ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने निजी तौर पर दोनों नेताओं के बीच एक बैठक आयोजित करने पर चर्चा की है। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ऐसा भी हुआ था। ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था। इसके सिर्फ 24 घंटे के बाद दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई थी। ट्रम्प तब साउथ कोरिया के दौरे पर थे। वे किम जोंग से मिलने के लिए बार्डर पहुंचे थे। वहीं, ट्रम्प ने आज जापान के सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। यह मुलाकात टोक्यो में हुई। मुलाकात के बाद ट्रम्प ने सम्राट नारुहितो की तारीफ करते हुए उन्हें 'ग्रेट मैन' बताया। ट्रम्प आज 6 साल बाद जापान के दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले ट्रम्प आखिरी बार 2019 में जापान आए थे। वे जापानी पीएम साने ताकाइची के साथ ट्रेड और इन्वेस्टमेंट डील पर बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टोक्यो में 18000 पुलिसकर्मी तैनात हैं। ट्रम्प के रास्ते पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है और एयर स्पेस भी बंद है। यह जापान का 2002 के बाद सबसे बड़ा सिक्योरिटी आपरेशन है। इसकी बड़ी वजह पिछले 5 साल में जापान के दो पूर्व पीएम पर हुए जानलेवा हमले भी हैं। जुलाई 2022 में पूर्व पीएम शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, वहीं अप्रैल 2023 तत्कालीन पीएम फुमियो किशिदा के भाषण के दौरान विस्फोटक फेंका गया था। जापान ने पहले ही अमेरिका में 46 लाख करोड़ रुपये इन्वेस्ट करने का वादा किया है। ट्रम्प के दौरे पर इसकी डिटेल तय होंगी।



ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान वार्ता में गतिरोध जारी

■ तालिबान ने टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई से किया इनकार

**इस्तांबुल।** तुर्की के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में रविवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच वार्ता में गतिरोध बना रहा। अफगान तालिबान के प्रतिनिधिमंडल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ 'विश्वसनीय कदम' उठाने की बात से हिचकिचाता रहा।

पाकिस्तान दावा करता आया है कि इन आतंकी संगठनों के ठिकाने अफगानिस्तान में हैं। 'डान' अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ता के दूसरे दिन भी दोनों पक्ष आतंकवादी संगठनों को खत्म करने को लेकर कोई साझा राय नहीं बना सके। करीब नौ घंटे की गहन चर्चा के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि उनकी टीम ने अफगानिस्तान के सामने अपनी अंतिम स्थिति रखी और जोर दिया कि तालिबान शासन को सीमा पार और अफगानिस्तान के भीतर आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस और विश्वसनीय कदम उठाने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि अफगान तालिबान की ओर से आतंकवादियों का संरक्षण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान की प्रतिक्रिया तर्कहीन और वास्तविकताओं के विपरीत रही। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा, ऐसा लगता है कि तालिबान प्रतिनिधिमंडल किसी और एजेंडा पर चल रहा है। अखबार ने कहा कि यह शक तब और गहरा हो गया, जब इस्तांबुल में वार्ता के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लीपा सेक्टर में कथित रूप से संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108